हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
भोपाल, शुक्रवार 15 अगस्त 2025






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

*स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, एजेंसियों विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

## अवकाश

*इस अवसर पर 15 अगस्त शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

## अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर की कार बस से टकराई



**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का एक एक्सीडेंट हो गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब घटी जब उनकी कार एक सिटी बस से टकरा गई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लंबा नोट लिखकर अपने फैन्स के साथ यह घटना साझा की। अभिनेत्री ने अपना अनुभव ऑनलाइन साझा किया। उन्होंने मुंबई पुलिस का मदद के लिए धन्यवाद भी किया।

### मुख्यमंत्री ने कहा- रामेश्वर की तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जुनून

# कोलार से निकली सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा

**32** किमी लंबी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए करीब एक लाख लोग

मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष और विधायक ने खुली जीप में सवार होकर लहराया तिरंगा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में भोपाल में निकली चार तिरंगा यात्राएं





**जबलपुर:** नर्मदा नदी की गोद में तिरंगा लेकर दिखाया तैराकी का पराक्रम



**हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल**

कोलार से लेकर बैरागढ़ तक निकाली गई राजधानी की सबसे लंबी 32 किमी तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का सैलाब देखने को मिला। कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित 50 हजार बाइक पर सवार एक लाख देशभक्त शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रामेश्वर शर्मा की तिरंगा यात्रा में उमड़े देशभक्तों के जनसैलाब से मैं अभिभूत हूं। मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा की तारीफ करते हुए कहा कि मैं आ रहा था तब मैंने देखा कि रामेश्वर की विधानसभा में अलग ⏩ शेष पेज 10 पर

बोट क्लब पर हुआ जल तिरंगा यात्रा का रोमांचक आयोजन

## बड़ी झील कश्मीर की डल लेक से कम नहीं इसे और विकसित किया जाएगा: डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री निवास, बोट क्लब, कोलार रोड और शौर्य स्मारक की यात्राओं से तिरंगामयी हुई राजधानी**



डॉ. यादव ने कहा है कि भोपाल की बड़ी झील, कश्मीर की डल लेक से कम नहीं है इसका और अधिक विकास किया जाएगा। यहां पर्यटन विभाग के सहयोग से शिकारे भी संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स सहित सभी प्रमुख खेलों में ओलंपिक और कॉमनवेल्थ जैसी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के लिए अधिक से अधिक पदक लाने के उद्देश्य से राज्य में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में जारी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भोपाल के बड़े तालाब के बोट क्लब से निकाली गई जल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर संबोधित ⏩ शेष पेज 10 पर ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

## देशभक्ति के रंग में रंगा मां नर्मदा का तट, भारत माता की जय के लगे नारे

**हरिभूमि न्यूज ⏩ जबलपुर**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को नर्मदा की गोद में तिरंगा लेकर तैराकी का पराक्रम देखने को मिला। मां नर्मदा का तट देशभक्ति के रंग में रंग गया।

बड़ी संख्या में लोगों ने नर्मदा नदी में तैरते हुए 10 किलोमीटर की अखंड भारत संकल्प तिरंगा तैराकी यात्रा निकाली। तैराकों ने गिलहरी घाट से तिलवारा घाट तक लंबी और चुनौतीपूर्ण ⏩ शेष पेज 10 पर

### 20 साल से आयोजित हो रहा आयोजन

*इस यात्रा में हर उम्र के लोगों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि 6 साल की प्रज्ञा भदौरिया भी इस यात्रा में शामिल हुईं। प्रज्ञा ने न सिर्फ तैरकर यह यात्रा पूरी की, बल्कि इतनी कम उम्र में ऐसा साहस दिखाकर सबको हैरान कर दिया। प्रज्ञा को लंबे समय से नर्मदा नदी में तैरने का अभ्यास कराया जा रहा था यह अखंड भारत यात्रा पिछले 20 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है।*







HEARTY GREETINGS!
CELEBRATING
79th INDEPENDENCE DAY

**SANT HIRDARAM GIRLS COLLEGE**
Recognized by UGC, New Delhi, Under 2(f) and 12(b) of UGC Act.1956, NAAC Accredited, Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
Lake Road, Sant Hirdaram Nagar, Bhopal
B.Sc. | BCA | BBA | B.Com. | B.Ed. | M.Com. | M.Sc.
( HONOURS IN ALL STREAMS )
Women Empowerment through Quality Education
visit ▸ www.shgc.in | Admission Cell : 9827475723, 8602791981

**SANT HIRDARAM MEDICAL COLLEGE OF NATUROPATHY & YOGIC SCIENCES FOR WOMEN**
Affiliated to Madhya Pradesh Medical Science University, Jabalpur
Recognized by Department of AYUSH & Department of Higher Education, Govt. of M.P.
visit ▸ www.shmcnys.in | Admission Cell : 8717947766, 9131308581

**VIDYASAGAR PUBLIC SCHOOL**
ISO Certified Foundation School (Pre-Nursery to KG-II)
visit ▸ www.vpsbhopal.com | Ph.: 0755-2643288

**MITHI GOBINDRAM PUBLIC SCHOOL**
CBSE Affiliated & ISO Certified Sr. Sec. Boys School
visit ▸ www.mithipublicschool.com | Ph.: 0755-4074769

**NAVNIDH HASSOMAL LAKHANI PUBLIC SCHOOL**
CBSE Affiliated & ISO Certified Sr. Sec. Girls School
visit ▸ www.navnidhbhopal.com | Ph. 0755-4244773

**CHILDREN'S HOPE INDIA GIRLS SCHOOL**
ISO Certified & Recognized by Govt. of Madhya Pradesh
(English Medium - Std. VI to XII)
Tagore Ward, Gandhi Nagar, Bhopal
visit ▸ www.chigsbhopal.com | Ph. : 0755-4922286, 8162214798

**KEWALRAM CHANRAI PUBLIC SCHOOL**
ISO Certified & Recognized by Govt. of Madhya Pradesh
(English Medium - Nursery to VIII)
Kamal Nagar, Karond, Bhopal | Ph.: 0755-3524160

RUN BY
**SHAHEED HEMU KALANI EDUCATIONAL SOCIETY**
Sant Hirdaram Nagar, Bhopal - 462030



**आर.डी. मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल**
R.D. MEMORIAL GROUP OF INSTITUTES

रानी दुल्लैया स्मृति आयुर्वेद पी. जी. महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल




75% नार्मल डिलीवरी
म.प्र. शासन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा लेवल 3 डिलिवरी पॉइंट चिन्हित

पंचकर्म | बालरोग | स्त्री रोग | गुदा रोग | फिजियोथेरेपी चिकित्सा उपलब्ध

सुविधाएं
- आईपीडी : 180 बेड का सुसज्जित अस्पताल, शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन के लिए पंचकर्म चिकित्सा, एक्स-रे मशीन, ईसीजी, पैथोलॉजी लैब, आधुनिक एवं आयुर्वेदिक शल्य प्रक्रिया के लिए ऑपरेशन थिएटर।
- हर्निया, हाइड्रोसील, सिस्ट, अपेंडिसाइटिस जैसे सर्जिकल प्रोसिड्यूर और अग्निकर्म क्षारकर्म, रक्तमोक्षण जैसे आयुर्वेद पैरासर्जिकल प्रोसिड्यूर यहां किए जाते हैं।
- फिस्टुला के लिए विश्व प्रसिद्ध क्षारसूत्र थेरेपी भी यहां की जाती है।

संपर्क करें 0755-2920883
पाइल्स, फिस्टुला से मिलेगा जीवन भर का आराम

बरखेड़ी कलां, भदभदा रोड, भोपाल (म.प्र.) पिन - 462044
email: rdayurved@gmail.com, web: rdmayurvedcollege.org



**ST. GEORGE INSTITUTE OF PHARMACY**
DEEWANGANJ, BHOPAL-VIDISHA HIGHWAY, RAISEN, MP

B. PHARM
4 YEAR DEGREE COURSE

D. PHARM
2 YEAR DIPLOMA COURSE




ADMISSIONS OPEN
RGPV AFFILIATED
PCI APPROVED

+91-7067109370, 9691875920 OFFICE@SGS.AC.IN



7th (79th)
LNCT UNIVERSITY BHOPAL

CELEBRATING FREEDOM, INSPIRING FUTURES
HAPPY INDEPENDENCE DAY!



Why Choose LNCT University?
- Modern Campuses: Advanced labs and libraries.
- Innovative Curriculum: Industry-relevant courses.
- High Placements: Excellent job placement rate.
- Strong Alumni: Active, supportive network.
- Diverse Programs: Wide range of UG, PG, PhD courses.
- Industry Tie-ups: Partnerships with top companies.
- Smart Classrooms: Tech-enabled learning.
- Research Focus: Strong research opportunities.
- Global Exposure: International collaborations.
- Scholarships: Merit-based financial aid.
- Campus Life: Modern amenities & an abundance of extracurricular activities.
- Expert Faculty: Industry-experienced professors.

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
Ranking of Indian Universities - 2024
Ministry of Education Government of India
1 TOP Ranked University BY Education Post Magazine in IIRF University Ranking 2025

Courses Offered
- ENGINEERING
- AGRICULTURE
- LAW
- MANAGEMENT & COMMERCE
- COMPUTER APPLICATION
- AYURVEDA
- JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION
- HOTEL MANAGEMENT
- PARAMEDICAL SCIENCE
- NURSING
- PHARMACY
- PHYSICAL EDUCATION
- HOSPITAL MANAGEMENT
- MEDICAL SCIENCE
- BIO-TECHNOLOGY
- Ph.D
- B.DESIGN
ANIMATION, VFX & GAMING

ONE EXAM. ENDLESS FUTURES
ADMISSION 2025 THROUGH
LNCT CET
COMMON ENTRANCE TEST FOR UG PROGRAMS ONLY
EVERY SATURDAY & SUNDAY (APRIL 25 TO AUGUST 25)

www.LNCTU.ac.in

LNCTU Campus- J.K. Town, Sarvadharam, Kolar Road, Bhopal
+91-744 077 7222 - 111 - 555






एक शुभेच्छु
पर्यावरण मित्र


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 15 अगस्त 2025


# किश्तवाड़ में बादल फटा



## 52 लोगों की मौत » 200 से ज्यादा लोग लापता

# फिर...आसमान से बरसी 'आफत'

» *चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे, बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी*

» *167 लोगों को बचाया गया मचैल माता यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है*

» *एनडीआरएफ की दो टीमें एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों के साथ मौके पर जुटीं*

एजेंसी ▸▸ किश्तवाड़ (जम्मू)

जम्मू के किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 52 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें दो सीआईएसएफ जवान भी शामिल हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें 38 से ज्यादा गंभीर हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है।

बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें ▸▸ शेष पेज 10 पर

**इससे पहले धराली में बादल फटा था और पूरा गांव का गांव गायब हो गया था, इस हादसे में 12 की मौत हुई थी, अब तक 50 से ज्यादा लापता हैं**



## पहाड़ी इलाका, टूटी सड़कें और तेज पानी का बहाव बड़ी चुनौती

एक वीडियो में साफ दिखता है कि किस तरह पहाड़ से उमड़ता पानी तेज बहाव में गांव को अपनी चपेट में ले रहा है। बहाव इतना तेज कि घर, गाड़ियां, दुकानें, सब कुछ मलबे में दब गया। यह डर और हड़बड़ी का ऐसा मंजर था, जिसमें कई लोग अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए नजर आए तो कई लोगों की चीखें सुनाई पड़ रही थीं। हादसे के बाद डिप्टी कमिश्नर पंकज कुमार शर्मा और एसएसपी किश्तवाड़ खुद मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू करवाया। एनडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों के साथ मौके पर जुटी हैं। लेकिन लगातार गिरता मलबा और तेज धारा बचाव कार्य में बड़ी चुनौती बना हुआ है। मचैल माता यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। गांव में मलबा हटाने, लापता लोगों को खोजने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। पहाड़ी इलाका, टूटी सड़कें और तेज पानी का बहाव इस मिशन को बेहद मुश्किल बना रहा है।

### हेल्पलाइन नंबर

- 9858223125, 6006701934, 9797504078, 8492886895, 8493801381 और 7006463710
- जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 01995259555, 9484217492
- पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9906154100

### बोले पीएम मोदी-हर संभव मदद करेंगे



हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। उन्होंने बताया कि हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राहत-बचाव कार्य जारी हैं, उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### स्वतंत्रता दिवस पर चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद हुई जनहानि के बाद शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान होने वाली एट होम चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

युद्ध के लिए उकसाने वाले बयान पर भारत की पाकिस्तान को खरी-खरी

# अपनी बयानबाजी पर संयम बरतें नहीं तो फिर दर्द झेल नहीं पाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही बयानबाजी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने इसे पाकिस्तान की विफलताओं से ध्यान भटकाने की रणनीति बताया है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान को संयम बरतने की सलाह दी है और चेतावनी दी है कि किसी भी दुस्साहस के गंभीर परिणाम होंगे। भारत ने दो टूक कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया जाता है, तो उसे दर्दनाक परिणाम झेलने होंगे। बता दें कि पिछले कुछ समय में पाकिस्तान की ओर से की गई टिप्पणियों ▸▸ शेष पेज 10 पर

**विफलताओं को छिपाने के लिए दिए जा रहे ऐसे बयान**

पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही बयानबाजी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी नेतृत्व की सर्वविदित कार्यप्रणाली है।



» *पिछले दिनों पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध जारी लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियां की गईं*

## गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए। भारत ने कड़ा कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि को रद किया। भारत के इस फैसले से पाकिस्तान गिड़गिड़ा उठा है। पहले पाकिस्तान की ओर से पानी देने के लिए रिक्वेस्ट की गई। जब पाकिस्तान की दाल नहीं गली, इसके बाद पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व अब गीदड़भभकी देने पर उतारू हो गया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर हाल में ही अमेरिका के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अगर भारत के साथ भविष्य में किसी प्रकार का युद्ध होता है ▸▸ शेष पेज 10 पर

### यूएन में पीएम जाएंगे या नहीं यह तय नहीं

प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में जाएंगे या नहीं, इस पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस महीने रूस के मॉस्को में होने वाले भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें व्यापार, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग पर चर्चा होगी। जायसवाल ने बताया कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी दोनों देशों के रिश्तों का अहम स्तंभ है। अगस्त के मध्य में अमेरिका का रक्षा नीति दल दिल्ली आएगा। इसी महीने अलास्का में दोनों देशों के बीच 'युद्ध अभ्यास' नामक सैन्य अभ्यास का आयोजन होगा। साथ ही, महीने के अंत में 2+2 अंतर-सत्रीय बैठक भी प्रस्तावित है, जिससे रक्षा और रणनीतिक साझेदारी ▸▸ शेष पेज 10 पर

**इजराइल-फिलिस्तीन पर भारत का रुख**

### भारत दो-राष्ट्र समाधान के पक्ष में

जायसवाल ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर कहा कि भारत का रुख साफ और स्थिर है। भारत संघर्ष विराम, सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति का समर्थन करता है। भारत दो-राष्ट्र समाधान के पक्ष में है, ताकि दोनों देशों के लोग शांति और सुरक्षा के साथ रह सकें।

**चीन पर भारत का रुख**

### सीमा व्यापार के लिए संपर्क बनाए हुए

विदेश मंत्रालय ने भारत-चीन सीमा और व्यापार को लेकर भी अपनी रखी। इस पर प्रवक्ता ने कहा कि हम सभी निर्दिष्ट व्यापार बिंदुओं यानि उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा, हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा और सिक्किम में नाथू ला दर्रा के माध्यम से सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने में सहायता के लिए चीनी पक्ष के साथ संपर्क में बने हुए हैं।

# राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए डेटा पर मांगा स्पष्टीकरण

प्रमोशन में आरक्षण का मामला | हाईकोर्ट ने कहा-जनसंख्या या कर्मचारियों की संख्या के आधार पर है चार्ट, करें स्पष्ट | 9 सितंबर को सुनवाई

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा प्रमोशन में आरक्षण संबंधी बनाए गए नियमों के खिलाफ दायर यचिकाओं पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सी.एस. वैद्यनाथन व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह शासन का पक्ष रखेंगे। इसके लिए समय देने का आग्रह किया गया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर नियत की। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए तुलनात्मक चार्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि यह जनसंख्या के ▸▸ शेष पेज 10 पर








बहादुर सीमा प्रहरियों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और बेजोड़ वीरता का यह उचित प्रतिफल

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को मात देने वाले जवानों का सम्मान

# बीएसएफ के 16 और वायु सेना के 36 जांबाजों को आज मिलेगा 'वीरता पदक'



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में साहस और अदम्य शौर्य का परिचय देने वाले और पाकिस्तान को करारा जवाब देने वाले बीएसएफ के उन 16 जांबाजों और भारतीय वायुसेना के कुल 36 वायुसैनिकों को 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में विंग कमांडर अभिमन्यु सिंह को शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 9 जवानों को वीर चक्र पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसमें 4 ग्रुप कैप्टन, एक विंग कमांडर, तीन स्क्वाड्रन लीडर और एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट शामिल हैं। जबकि 26 वायुसैनिकों को वायुसेना मेडल (गैलेंट्री) से सम्मानित किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में बहादुर सीमा प्रहरियों द्वारा प्रदर्शित अदम्य ▸▸ शेष पेज 10 पर

**एडीजी योगेश देशमुख, राकेश गुप्ता को मिला विशिष्ट सेवा पदक**

## मप्र में चार पुलिस अफसरों को विशिष्ट सेवा और 17 को सराहनीय सेवा 'पदक' मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस के चार पुलिस अफसरों को विशिष्ट सेवा और 17 को सराहनीय सेवा पदक मिला है। इन आईपीएस, एसपीएस और पुलिस सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों को अगले साल 15 अगस्त पर दिल्ली में इन पदकों से सम्मानित किया जाएगा। विशिष्ट सेवा पदक पाने वाले अफसरों में एमपी के एडीजी योगेश देशमुख, राकेश गुप्ता के अलावा कांस्टेबल देवेंद्र कुमार कौशल और हेड कांस्टेबल वॉल्टर हेनरी एक्का शामिल हैं। एमपी पुलिस को इस साल वीरता ▸▸ शेष पेज 10 पर

### आज इन्हें मिलेगा लाल परेड मैदान में सम्मान

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जिन पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति के वीरता पदक, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाता है, उन सभी को हर साल 15 अगस्त को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया जाता है। एक साल पहले 14 अगस्त को केंद्र सरकार की ओर से जारी सूची में पदक के लिए जिन अफसरों और कर्मचारियों के नाम घोषित हुए हैं वे सम्मानित होंगे। साथ ही जिन अधिकारी कर्मचारी को 25 जनवरी को घोषित पदक के लिए चुना गया है उनका भी सम्मान शुक्रवार को लाल परेड मैदान में होने वाले राज्य ▸▸ शेष पेज 10 पर

### कई सालों बाद छह शुभ योगों का बन रहा दुर्लभ संयोग

# गजलक्ष्मी व बुधादित्य योग में कल मनेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी,घर-मंदिर होंगे जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष तिथि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विशेष योग में शनिवार को मनाई जाएगी। मां चामुण्डा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि जन्माष्टमी पर कई सालों बाद छह शुभ योगों वृद्धि ध्रुव, श्रीवत्स, ध्वांक्ष, गजलक्ष्मी और बुधादित्य का दुर्लभ संयोग देखने को मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि यह भगवान का 5252वां जन्मदिवस होगा। जन्माष्टमी के दिन चंद्रमा वृषभ राशि में ही विराजमान रहेंगे। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि 15 अगस्त को रात 11:49 बजे शुरू हुई। 16 अगस्त रात 9:35 बजे तक रहेगी। चूंकि यह सूर्योदय व्यापिनी तिथि है, इसलिए पर्व 16 अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा। इसी दिन वृद्धि योग से दिन की शुरूआत होगी, जिसके बाद अन्य पांच योग बनेंगे। इन योगों में विधिपूर्वक पूजन करने से श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की विशेष कृपा और जीवन में सुख, धन, प्रेम व समृद्धि प्राप्त होती है।

**मंदिरों में की गई भव्य तैयारियां**

*राजधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में सबसे पहले ब्रह्मद्ध मुहूर्त से ही विष्णुसहस्त्रनाम के पाठ किया जाएगा। इसके बाद रात 12 बजे के बाद हर्षोल्लास से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई हैं। कई मंदिरों में दूधिया बल्बों की रोशनी में नहाई जगमगाहट दूर से ही देखते बन रही है।*

**यह रहेगा शुभ मुहूर्त**

**श्री कृष्ण जन्म पूजन मुहूर्त**

*16 अगस्त निशिता पूजा का समय- रात 12:04 से रात 12:45 तक उत्तम मुहूर्त रहेगा।*

- **रोहणी नक्षत्र प्रारंभ:** 17 अगस्त की सुबह 4:38 पर होगा।
- **अष्टमी तिथि प्रारम्भ:** अगस्त 15 को सुबह 11:49, अष्टमी तिथि समाप्त: अगस्त 16, 2025 को सुबह 09:34 तक रहेगा
- **मध्यरात्रि का क्षण:** 17 अगस्त सुबह 12:25
- **चन्द्रोदय समय:** रात 11:32 पर होगा।

### उपवास में बिना हल चले उपजे अनाज व फलों को किया ग्रहण

# हलषष्ठी का व्रत रख महिलाओं ने मांगा संतान की दीर्घायु व कुंटुंब की सुख-समृद्धि का वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संतान के दीघार्यु व कुटुंब की सुख-समृद्धि के लिए गुरुवार को महिलाएं व्रत रखकर हरछठ की पूजा की। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्र मास के कृष्ण पक्ष षष्ठी पर विशेष योग में हरछठ व्रत मनाया गया। माताओं ने दिनभर उपवास रखा। इस मौके पर घरों व मंदिरों में महिलाएं एकत्रित हुई। इसके बाद उन्होंने हलषष्ठी का पूजा कर कथा सुनकर शाम को बिना हल चले अनाज ग्रहण किया। इसके अलावा हलषष्ठी में हल का उपयोग किए बिना लगे अन्न व फलों ग्रहण किया।





**मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की**

*प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी यह पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने संतान की सलामती के लिए भगवान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। चौक-चौराहों में सगरी बनाकर महिलाओं द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सगरी (गड्ढा) बनाकर भगवान शंकर और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।*

*शीतलदास की बगिया में जुटीं सैकड़ों महिलाएं राजधानी की शीतलदास की बागिया में बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ एकत्रित होकर व्रत रखकर भगवान बलभद्र, भगवान विष्णु एवं भगवान शिव का पूजा-अर्चना कर साथ ही छह कहानियां और कुंड के छह फेरे लगाकर हलषष्ठी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।*






भोपाल
शुक्रवार, 15 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 136
पृष्ठ : 20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यूून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रजत-सूप में विराजमान हो अभिषेक स्थल पर पधारेंगे चल श्रीविग्रह

# रजत-कमल पुष्प में होगा श्रीकृष्ण का 'प्राकट्य'

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल**



### स्वर्ण मंडित रजत कामधेनु स्वरूपा दिव्य गो प्रतिमा करेंगी ठाकुरजी का प्रथम अभिषेक

### श्रीकृष्ण-जन्मस्थान में श्रद्धालुओं का प्रवेश रात्रि 1:30 बजे तक होगा

डॉ. कमलकांत उपमन्यु ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भादौ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सहित जनपद के अधिकतर मंदिरों एवं घरों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। जन्मभूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का परम पुनीत जन्मोत्सव भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 16 अगस्त को मनाया जाएगा। श्री कृष्ण जन्म स्थान संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने 'हरिभूमि' को बताया कि जन्म महाभिषेक का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 11 बजे श्रीगणेश-नवग्रह आदि ▶▶ शेष पेज 10 पर

**भगवान के जन्म की महाआरती रात्रि 12:10 बजे तक चलेगी**



*रजत कमल पुष्प में विराजित श्रीठाकुर का जन्म महाभिषेक रात्रि 12:25 बजे से 12:40 बजे तक होगा। ठाकुरजी की श्रंगार आरती रात्रि 12:45 बजे से 12:50 बजे तक होगी एवं श्रीकृष्ण-जन्मस्थान में श्रद्धालुओं का प्रवेश रात्रि 1:30 बजे तक होगा। ब्रज के उत्कृष्ट गायक इस अवसर पर ठाकुरजी के सम्मुख दिव्य भजन-गायन की प्रस्तुति देंगे। असंख्य भक्तजन-संत एवं भगवान के जन्म की महाआरती शुरू होगी जो रात्रि 12:10 बजे तक चलेगी। ढोल एवं मृदंग अभिषेक स्थल पर तो बजेंगे ही साथ-ही संपूर्ण मंदिर परिसर में स्थान-स्थान पर भी इनका वादन होगा। भव्य महोत्सव की ऐसी* ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 43 मिनट तक रहेगा जन्माष्टमी शुभ मुहूर्त

**भोपाल।** मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 15 अगस्त रात 11:49 बजे शुरू होगा। 16 अगस्त की रात 9:34 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के तहत 16 अगस्त को जन्माष्टमी व्रत व पूजन की जा सकेगी। इस साल पूजा का शुभ मुहूर्त शनिवार देर रात 11:59 से 12:43 बजे तक रहेगा। ऐसे में पूजा का शुभ मुर्हूत 43 मिनट तक रहेगा।

### सीबीएसई बोर्ड: लागू होगी सख्त तलाशी नीति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षाओं में स्मार्ट डिवाइस के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने अपनी 141वीं गवर्निंग




बॉडी की बैठक में तय किया कि बोर्ड परीक्षाओं में सख्त फ्रिस्किंग (तलाशी) पॉलिसी के तहत परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्रों की तलाशी ली जाएगी। किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक, स्मार्ट उपकरण या अनधिकृत सामान परीक्षा कक्ष में ले जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। ये व्यवस्थाएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं से ही लागू होंगी। बैठक में बोर्ड अधिकारियों ने माना कि हाल के वर्षों में नकल और तकनीकी उपकरणों के जरिये अनुचित साधनों का उपयोग बढ़ा है। केंद्रों पर प्रवेश से पहले विस्तृत तलाशी प्रक्रिया अपनाई जरूरी है।

मप्र पुलिस की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का किया शुभारंभ

# सीएम: अवैध और गैर-कानूनी गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को खुली छूट



पूरे प्रदेश में दौड़ेंगी नई डायल 112 की 1200 एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने कई चुनौतीपूर्ण अवसरों पर विश्वास कायम रखा है। अवैध और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को राज्य सरकार से पूरी छूट मिली हुई है। पुलिस को जितने जवान चाहिए सरकार उसके लिए तैयार है। देशी विरोध ताकतों और नक्सलवाद को बख्शा नहीं ▶▶ शेष पेज 10 पर

*◆ सीएम ने कहा कि यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा। यह नंबर प्रदेशवासियों के लिए पुलिस की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया का वादा और सहायता की जिम्मेदारी सिद्ध होगा*



◀ सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर किया फ्लैग ऑफ, झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना
◀ एफआरवी (फस्ट रिस्पांस व्हीकल) वाहनों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया

**डीजीपी बोले - डायल 112 सेवा से नागरिकों को हर संभव सहायता**

डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि डायल 112 के लोकार्पण का यह ऐतिहासिक दिन है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 2015 के अवसर पर राज्य में डायल 100 व्यवस्था लागू की गई थी, हमारे एक हजार डायल 100 वाहनों के माध्यम से लाखों नागरिकों की सहायता की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डायल 112 वाहनों की संख्या में 200 वाहन बढ़वाए हैं। कुल 1200 फर्स्ट रेस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) वाहनों का फ्लैग ऑफ हो रहा है।

### डायल 112 देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के डायल 100 के मॉडल को उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों ने अपनाया। डायल 100 ने अपनी सजगता और दक्षता से प्रदेश में 2 लाख 23 हजार बुजुर्ग, 19 लाख से अधिक महिलाओं, 1300 नवजातों की सुरक्षा और 23 हजार गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया है। यह मध्यप्रदेश पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। लॉन्च हुई डायल 112 सेवा देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी। डायल 112 सेवा नागरिकों को कई प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों में हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। राज्य सरकार ने इन वाहनों के लिए बजट बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपए से अधिक किया है। राज्य सरकार के लिए प्रदेशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मध्यप्रदेश पुलिस सुरक्षा मानकों के पैमाने पर खरी उतरी है। पुलिस विभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं और जवानों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनका दक्षता उन्नयन कराया गया है। पुलिस अधिकारियों को नई चुनौतियों* ▶▶ शेष पेज 10 पर

यह सभी वाहन मालिकों के लिए अनिवार्य नहीं

## वार्षिक फास्टैग के जरिए आज से महज 15 रुपए में टोल बूथ 'पार' कर सकेंगे




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की वार्षिक फास्टैग पास योजना आज शुक्रवार यानी 15 अगस्त से लागू हो जाएगी। इस पास की कीमत 3000 रुपए रखी गई है, जिसमें 200 यात्राएं शामिल होंगी। एक यात्रा का मतलब एक बार टोल प्लाजा पार करना है। यानी प्रति टोल खर्च सिर्फ 15 रुपए ही खर्च होंगे। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने टोल ऑपरेटर कंपनियों ▶▶ शेष पेज 10 पर

**दंपती पर धोखाधड़ी का लगा आरोप**

## शिल्पा शेट्टी और राज पर 60 करोड़ की ठगी का केस दर्ज



**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा पर एक बड़े धोखाधड़ी का आरोप लगा है। मुंबई के एक कारोबारी ने इन दोनों पर 60.4 करोड़ रुपए की ठगी का इल्जाम लगाया है। यह मामला उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। मुंबई ▶▶ शेष पेज 10 पर




आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें

**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाक़ामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: 1800 296 1111
श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: 8954666111, 8954666222 (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार पर देखें।




**डेन्टल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।




**हेयर केयर** जड़ी-बूटियों की ताकत से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।




**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।




**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 15 अगस्त 2025

# सिंदूर का शौर्य: आज हर घर लहराएगा तिरंगा



वीआईपी रोड पर महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सिंदूर से सजे हाथों से राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को राजधानी भोपाल में आज हर घर में राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहराएगा। राजधानी में राज्य-स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। इस अवसर पर जिला मुख्यालयों पर सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भिण्ड, मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम, मंत्री करन सिंह वर्मा मुरैना, मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट, मंत्री सम्पतिया उइके मंडला, मंत्री तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मंदसौर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, मंत्री विश्वास सारंग खरगौन, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, मंत्री नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर शिवपुरी और राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण करेंगे।





फोटो और कॉन्सेप्ट : फोटो जर्नलिस्ट जसप्रीत सिंह

## सीएम डॉ. यादव भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

मंत्री चैतन्य काश्यप राजगढ़, मंत्री इन्दर सिंह परमार दमोह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर सीहोर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी खंडवा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल सीधी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल बड़वानी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल मउगंज, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार रायसेन, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी डिंडोरी, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री राधा सिंह सिंगरौली में ध्वजारोहण करेंगे। जबकि इंदौर, झाबुआ, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, उज्जैन, देवास, विदिशा, हरदा, गुना, कटनी, छिंदवाड़ा, रीवा, मैहर, सतना एवं उमरिया जिले में कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे।

### विस में सक्षम अधिकारी करेंगे ध्वजारोहण

मप्र विधान सभा सचिवालय में स्वाधीनता दिवस को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण होगा। विधान सभा के सक्षम अधिकारी सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस के लिए विधानसभा भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

# तिरंगा यात्रा: 1100 मंचों से स्वागत कर राष्ट्रध्वज पर बरसाए लाखों फूल

## प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को साकार करने कोलार में निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को साकार करने भारत की सबसे लंबी 32 किमी तिरंगा यात्रा गुरुवार को हुजूर विधानसभा में निकाली गई। आयोजक संस्था कर्मश्री के अध्यक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित एक लाख देशभक्त शामिल हुए।

यात्रा में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों और बाइक पर सवार देशभक्तों ने अपने हाथों में तिरंगा थामा हुआ था। तिरंगा यात्रा में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर भारतीय को एक संकल्प दिया है, हर घर पर तिरंगा लगाने का और तिरंगा यात्रा निकालने का। उनके संकल्प की प्रेरणा से हर घर तिरंगा अभियान के तहत, ऑपरेशन सिंदूर पर यहां ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने देश को गर्व करने के कई अवसर दिए हैं।



### तिरंगा यात्रा के स्वागत के लिए उमड़े लाखों लोग

कोलार के मदर टेरसा स्कूल से शुरू हुई तिरंगा यात्रा राजधानी के विभिन्न मार्गों से होते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय कृषि उपज मंडी भैंसाखेड़ी पहुंच कर समाप्त हुई। यात्रा मार्ग में 1100 से अधिक स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा स्वागत मंच बनाए गए थे। इन स्वागत मंचों पर लाखों लोग तिरंगा यात्रा के स्वागत के लिए उमड़ पड़े थे। पूरे यात्रा मार्ग पर पुष्प वर्षा कर, देश भक्ति के नारे लगाकर आयोजक विधायक रामेश्वर शर्मा सहित सभी तिरंगा यात्रियों का स्वागत किया गया।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल बोले हर घर, हर दिल में तिरंगा

तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को तिरंगा लगाने का अधिकार दिया है। उनकी अपील पर यहां लाखों लोग तिरंगा यात्रा में उमड़े हैं। हमें हर घर पर तिरंगा और हर दिल में तिरंगा होने का संकल्प पूरा करना है।

## भारतीय सेना के रणवीरों के शौर्य के सम्मान में नरेला में निकाली गई तिरंगा यात्राएं

आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति का संदेश देने का संकल्प : मंत्री सारंग

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए खेल मंत्री विश्वास सारंग के नेतृत्व में नरेला विधानसभा में गुरुवार को विशाल तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। तिरंगा यात्रा शहीद भगत सिंह मंडल, स्वामी विवेकानंद मंडल, सम्राट अशोक मंडल, सुभाष मंडल, स्टेशन मंडल एवं महामाई मंडल से निकाली गई।



### इधर, बोट क्लब पर निकाली तिरंगा यात्रा, सीएम हुए शामिल

तिरंगा यात्रा में बाइक सवार युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति के गीतों और नारों के बीच पूरे मार्ग को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। पूरा नरेला क्षेत्र तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। मंत्री सारंग ने तिरंगा यात्रा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान ने हर नागरिक में राष्ट्रभक्ति का नया संचार किया है। नरेला की यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के बलिदान के प्रति सम्मान और आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति का संदेश देने का संकल्प है। वहीं बोट क्लब पर भी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सीएम भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए।



## स्वतंत्रता दिवस पर मप्र की जेलों से रिहा होंगे 156 बंदी

रिहा होने वाले 6 महिला बंदी भी शामिल

**भोपाल।** स्वतंत्रता दिवस पर राज्य शासन द्वारा मप्र की 16 केंद्रीय, जिला व सब जेलों से आजीवन कारावास की सजा दंडित 156 बंदियों को रिहा किया जा रहा है। रिहा होने वाले बंदियों में 6 महिलाएं शामिल हैं। मप्र शासन, जेल विभाग की रिहाई नीति के अंतर्गत आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को सजा में विशेष माफी प्रदान की जा रही है। इस नीति के तहत आजीवन कारावास से दंडित बंदियों में बलात्कार, पाक्सो आदि प्रकरण वाले दंडित बंदियों को किसी भी प्रकार की माफी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र शासन की रिहाई नीति में आवश्यक संशोधन किया गया है, अब आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को वर्ष में 5 अवसरों पर रिहा किया जाएगा। इससे पहले गणतंत्र दिवस, अंबेडकर जयंती, स्वतंत्रता दिवस एंव गांधी जयंती पर ऐसे बंदियों को रिहा किया जाता था, लेकिन अब राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस (15 नवम्बर) को भी आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को पात्रतानुसार रिहा किया जाएगा।

**इन जेलों से रिहा होंगे 156 बंदी:** केन्द्रीय जेल उज्जैन 14, केन्द्रीय जेल सतना 17, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम 11, केन्द्रीय जेल बड़वानी 3, केन्द्रीय जेल ग्वालियर 16, केन्द्रीय जेल जबलपुर 14, केन्द्रीय जेल रीवा 19, केन्द्रीय जेल सागर 14, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर 6, केन्द्रीय जेल इंदौर 10, केन्द्रीय जेल भोपाल 25, जिला जेल देवास 1, जिला जेल टीकमगढ़ 2, जिला जेल इंदौर 2, सब जेल पबई 1 और सब जेल बण्डा से 1 बंदी को रिहा किया जाएगा।

**पुनः अपराध नहीं करने की अपील :** महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं डॉ. वरूण कपूर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर रिहा होने वाले बंदियों को जेल में सजा काटने के दौरान उनके पुनर्वास के लिए टेलरिंग, कॉरपेन्ट्री, लौहारी, भवन सामग्री निर्माण आदि का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वह रिहा होने के बाद अपनी जीवनयापन के साधन अर्जित कर सकें। उन्होंने बताया कि रिहा होने वाले सभी बंदियों से पुनः अपराध नहीं करने की अपील की है, साथ ही उनसे अपेक्षा की है कि वह जेल में रहने के दौरान जो कौशल और प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसका उपयोग अपने व परिवार के जीवनयापन एवं अच्छे समाज के नव निर्माण के लिए सहभागी बनने के लिए करेंगे।

## भारत माता की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संख्या पर गुरूवार शाम जय हिंद सेना के सदस्यों द्वारा भदभदा चौराहे पर स्थित भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सेना के सदस्यों ने देश को आजादी दिलाने के वीर सपूतों के बलिदान को याद कर हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय के साथ देशभक्ति के नारे लगाए। सेना के अध्यक्ष अरुण पांडे ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह स्मरण कराती है कि आजादी अनगिनत बलिदानों की अमूल्य देन है। लाखों-करोड़ों देशभक्तों ने अपने प्राण न्योछावर किए, तब जाकर हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई। आज हमारा दायित्व है कि हम अपने देश और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।



## प्रतिभा सांस्कृतिक समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



प्रतिभा सांस्कृतिक समिति ने बोट क्लब पर स्वतंत्रता दिवस मनाया। समिति अध्यक्ष विद्या सोन्हिया ने देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रजनी चौरे, भारती, प्रीति खरे, कुहू, चेतना योगी, अर्चना श्रीवास्तव, गरिमा विश्वकर्मा, रश्मि शर्मा, खुशबू यादव, वसुंधरा राठौर, वृंदा श्रीवास्तव, संजू साहू, साक्षी शर्मा, नीलम साहू, अनीता साहू, सरिता चौरसिया, दीपांशी गुप्ता, रजनी साहू, रानी यादव आदि उपस्थित थी।

## विधानसभा जगमग, अध्यक्ष तोमर ने दीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

*मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। तोमर ने अपने संदेश में प्रदेश एवं देशवासियों की खुशहाली एवं उन्नति की कामना की है। तोमर ने कहा कि यह पावन दिन हमारे देशवासियों में देश भक्ति की भावना जाग्रत करने तथा एकता के सूत्र में बांधने के साथ ही हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों का पुण्य स्मरण एवं उन्हें नमन करने का भी दिन है। आज मध्यप्रदेश में जन कल्याण की नीतियां बन रही हैं तथा चौतरफा विकास की गंगा बह रही है तथा केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। तोमर ने मध्यप्रदेश राज्य की समृद्धि तथा जनता के कल्याण के लिए कामना की है। मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय में स्वाधीनता दिवस को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण होगा। इस अवसर पर विधानसभा के सक्षम अधिकारी सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान सभा भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।*





## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मातृशक्ति को दिलाया स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प


*भोपाल। स्वतंत्रता दिवस की पूरया पर श्रीराम कॉलोनी में विजय लक्ष्मी सक्सेना ने शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर भजन, सुंदर कांड और भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन का मातृशक्ति को संकल्प दिलाया और अगस्त क्रांति, विदेशी कंपनियों भारत छोड़ो के नारे लगवाएं।*






### मातृशक्ति को स्वदेशी पत्रक बांटे

*इंदिरा गांधी हॉस्पिटल में गैस राहत नर्सिंग ऑफिसर आभा त्रिपाठी ने भी स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलवाया। इसके बाद मातृ शक्तियों को स्वदेशी पत्रक बांटे गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरलीन कौशल सक्सेना, शिवानी सक्सेना, अनु श्रीवास्तव, पी वसले, सीमा सक्सेना, आरती मारन, उमा अग्रवाल ने सहभागिता की।*


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सभी देशवासियों को
79वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अगर आज दुनिया सोचती है कि भारत एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है, तो उसके पीछे 11 साल का एक शक्तिशाली लॉन्चपैड है।
- नरेन्द्र मोदी
CBC 46101/13/0016/2526
लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण **सुबह 6:30 बजे** से दूरदर्शन नेटवर्क पर।


रानी लक्ष्मीबाई
चन्द्रशेखर आज़ाद
वीर सुरेन्द्र साए
भीमा नायक
शंकर शाह
रघुनाथ शाह
बरकतउल्ला भोपाली
रानी अवंतीबाई
टंट्या भील
तात्या टोपे
राणा बख्तावर सिंह
सीताराम कँवर
रघुनाथ सिंह मण्डलोई
स्वाधीनता के अमर बलिदानियों को कोटि-कोटि नमन
स्वदेशी की शक्ति से
आत्मनिर्भरता को गति देता
मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
79वें स्वतंत्रता दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्वदेशी अभियान के साथ औद्योगिक विकास
उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों से ₹32 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे 23 लाख से अधिक रोज़गार होंगे सृजित
कमज़ोर वर्ग का उत्थान
मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को मिल रही सहायता
युवाओं का सर्वांगीण विकास
शिक्षा, कौशल निर्माण के साथ युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ, कौशल विकास और रोज़गार के अवसरों से जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान और आगामी 5 वर्षों में 2.5 लाख नौकरियां देने जैसे प्रयासों से युवा हो रहे सशक्त
आत्मनिर्भर होती महिलाएं
महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह ₹1250 एमएसएमई में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, लखपति दीदी योजना और शासकीय सेवाओं में 35% तक महिला आरक्षण
खुशहाल और समृद्ध अन्नदाता
किसानों की आय में वृद्धि, जलवायु-अनुकूल खेती तथा फसल का उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन, कृषि संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कृषि उद्योग समागम का आयोजन, पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से आ रही है खुशहाली
D-11083/25
प्रातः 9:00 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लाइव जुड़ें
"स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। यह अवसर हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और योगदान को स्मरण करने तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

कलेक्टर ने बैरसिया क्षेत्र का किया निरीक्षण

# बैरसिया बाईपास के पुल निर्माण का काम अधूरा, एसडीएम करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अहमदपुर दोराहा से बैरसिया के भोजापुर और विदिशा-सिरोंज को जोड़ने वाला बैरसिया बाईपास का काम जारी है। इस रूट पर आने वाले पुल का काम अधूरा है, जिसे जल्द पूरा किया जाए। इसके लिए बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा इसकी निगरानी रखें।

यह बात गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया बाईपास के निरीक्षण के दौरान कही। कलेक्टर यहां से सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई रखने की हिदायत दी। कलेक्टर ने बैरसिया शहर में पार्किंग व्यवस्था को ठीक करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि एसडीएम और नगर पालिका के सीएमओ मिलकर व्यवस्था करें। दरअसल कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सड़कों पर खड़े वाहनों की वजह से अन्य वाहन चालकों को दिक्कत होने की कई बार शिकायतें मिली हैं। कलेक्टर ने हिदायत दी कि नायब तहसीलदार और तहसीलदारों की हड़ताल के दौरान आम लोगों के काम नहीं रुकना चाहिए। एसडीएम इसका ध्यान रखें।

पांच वाहनों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया

# बिना फिटनेस के सड़क पर दौड़ रहे स्कूल वाहन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





शहर में स्कूल वाहनों का सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को पांच वाहनों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया है। शहर में पिछले कई दिनों से शिकायते मिल रही थीं। गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा के निर्देशन में परिवहन अमले द्वारा यह कारवाई की गई है। इसमें टीएसआई रितु रघुवंशी, परिवहन आरक्षक प्रशांत यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, संदीप तिवारी शामिल थे।

चैकिंग के दौरान कुल पांच वाहनों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। उक्त वाहनों को बिना परमिट, बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, बिना इंश्योरेंस आदि के स्कूली छात्रों को परिवहन करते पाया गया। इसके अलावा पूर्व में जब्त एक वाहन से मोटरयान कर के 1087901 रुपए जमा कराए गए है। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया की स्कूल वाहनों के अवैध परिचालन की शिकाएते मिल रही थी, इसी लिए हमारे अमले ने यह कारवाई की है। आगे भी हमारा अमल इस तरह की कारवाई जारी रखेगा, जिससे शहर की सड़कों पर नियमों का पालन करने वाले वाहन ही चल सके।

स्वतंत्रता दिवस पर आज सैन्य बैंड देगा आकर्षक प्रस्तुति

# मिलेट्री की सैन्य संगीत और क्लासिक धुनें करेंगी देश भक्ति की भावना जागृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है। इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र बलों के सहयोग से पूरे देश में भव्य सैन्य बैंड प्रस्तुतियों का आयोजन कर रहा है, ताकि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साहस को सम्मानित किया जा सके और लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हो।

इसी पहल के अंतर्गत, सुदर्शन चक्र कोर का सैन्य बैंड शौर्य स्मारक में प्रस्तुति देगा, जो भारतीय सेना की समृद्ध संगीत परंपरा, वीरता और भाईचारा को प्रदर्शित करेगा। यह कार्यक्रम 15 अगस्त को शौर्य स्मारक, भोपाल में शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित होगा। इसमें 3 इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स सेंटर का सैन्य बैंड आकर्षक प्रस्तुति देगा। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनें, सैन्य संगीत और क्लासिक धुनें शामिल होंगी, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम और एक उभरती शक्ति के रूप में उसकी प्रगति की कहानी को बयां करेंगी। भारतीय सेना राष्ट्र की अडिग प्रहरी के रूप में हमेशा रक्षा, सहायता और प्रेरणा देने के लिए तत्पर रहती है।

## खबर संक्षेप

### कर्ज से परेशान ऑटो ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** छोला मंदिर के ईरानी डेरा इलाके में बैट्री आटो ड्रायवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके कुछ घंटे पहले ही पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ मायके रायसेन गई थी। हालांकि पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है लेकिन शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक पर लोन चढ़ा था और वो किश्त अदा नहीं कर पा रहा था। वह तनाव में रहने लगा था। पुलिस का कहना है कि गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पत्नी व अन्य परिजनों के बयान होने के बाद सही कारण सामने आ सकेंगे। पुलिस के मुताबिक जैन मंदिर के सामने ईरानी डेरा निवासी भारत प्रजापति (35) बैट्री ऑटो चलाता था। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। बुधवार सुबह करीब सात बजे पत्नी अपने तीन बच्चों को लेकर रायसेन जिला स्थित मायके चली गई थी। घर में भारत अकेला था। सुबह करीब 11 बजे तक उसे देखा गया था। उसके बाद वह घर के अंदर चला गया। इस बीच मकान मालिक उसे कॉल करते रहे लेकिन उसे रिसीव नहीं किया। रात करीब साढ़े 8 बजे मकान मालिक उसके कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा भिड़ा मिला। भीतर भारत प्रजापति का शव रस्सी के फंदे पर लटक रहा था। सूचना

### दिल्ली व बेंगलुरु सहित कई उड़ानें घंटों देरी से भोपाल पहुंची

**संतनगर।** मौसम का असर उड़ानों की आवाजाही पर पड़ रहा है जिसके कारण गुरुवार को कुछ फ्लाइटें देरी से पहुंची। वहीं, इंडिगो की बेंगलुरु-भोपाल और मुंबई-भोपाल इवनिंग फ्लाइट भी देरी से आईं। एयर इंडिया की एआई-433 अपने निर्धारित समय दोपहर 3:45 की जगह शाम 4:30 बजे पहुंची। जबकि, इंडिगो की 6ई-2791 दिल्ली-भोपाल फ्लाइट शाम 7:00 बजे की जगह 4 घंटे की देरी से आयी। इसके अलावा इंडिगो की 6ई-6465 बेंगलुरु-भोपाल फ्लाइट अपने निर्धारित समय शाम 7:40 बजे से 1 घंटे 25 मिनट की देरी से पहुँची। साथ ही इंडिगो की 6ई-397 मुंबई-भोपाल फ्लाइट अपने निर्धारित समय रात 9:00 बजे से करीब 1 घंटे की देरी से आई।

### विवाहिता को जलाने के दोषी पति, देवर व सास को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित कर उसके चेहरे पर गरम तेल डालकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले के आरोपी पति प्रताप बंजारा, देवर गुलाब बंजारा और सास कृष्णा बंजारा को विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने भादंसं की धारा-326, 34 और 506 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 8,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार 7 जुलाई 2022 को कालापाठ मोहल्ला ग्राम झिरनिया में रात 1:00 बजे आरोपी पति प्रताप बंजारा, देवर गुलाब बंजारा और सास कृष्णा बंजारा ने दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित कर उसके चेहरे पर गरम तेल डाल दिया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 149 | 42 | 147 |
| रात: | 269 | 77 | 458 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 227 | 18 | 170 |
| रात: | 236 | 10 | 127 |

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित साईं बाबा नगर में हुई घटना

# झूला झूलते समय गले में कसा साड़ी का फंदा, 12 साल के बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित साईं बाबा नगर 11 नंबर स्टॉप के पास बुधवार शाम झूला झूलते समय 12 साल के बच्चे के गले में साड़ी का फंदा कस गया। घटना के समय घर के आंगन में कोई नहीं था। खुलासा उस समय हुआ जब पड़ोसी का बेटा उसे बुलाने पहुंचा।

**सावन पर परिजन ने घर के आंगन में बांधा था साड़ी का झूला, बना मौत का कारण**

बच्चे को गले में फंदा कसा देख उसने अपने परिजन को जानकारी दी। फौरन बच्चे को पहले निजी अस्पताल और फिर एम्स ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साईं बाबा नगर हबीबगंज निवासी विकास प्राइवेट काम करते हैं। वे अपनी पत्नी और बच्ची के साथ साईं बाबा नगर में रहते हैं। उनकी सास का कोरोना संक्रमण में निधन हो चुका है। ससुर ओम प्रकाश विश्वकर्मा महाराष्ट्र में रहकर काम कर रहे हैं। सास का निधन होने के बाद उनके साथ बड़ा साला यश विश्वकर्मा और छोटा साला देव विश्वकर्मा (12) रह रहे थे। देव कक्षा दूसरी में पढ़ता था। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम वह काम पर गए थे। यश भी अपने काम पर चला गया। घर में उनकी पत्नी बेटी के साथ थी। वह अंदर कमरे में सो रही थी, जबकि एक अन्य कमरे में बेटी के लिए साड़ी का झूला बांधकर रखा है। इसी झूले में देव झूला झूल रहा था। शाम करीब 7 बजे पड़ोस में रहने वाला बच्चा घर पहुंचा तो उसने देव को साड़ी के फंदे में फंसा देखा। वह दौड़कर घर पहुंचा और अपने पिता को लेकर आया। उसके पिता ने देखा तो देव की जुबान बाहर निकाल चुकी थी, जबकि गले में साड़ी का फंदा कसा हुआ था। अंदर सो रही देव की बहन को उन्होंने उठाया और साड़ी के फंदे से देव को निकालकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद किसी अन्य अस्पताल ले जाने की बात कही। वे देव को लेकर एम्स पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद देव को मृत घोषित कर दिया।

### बच्चों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद, पत्नी ने लगाई फांसी

*अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित दशमेश नगर में चार बेटियों की मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवार हुआ था। विवाद के बाद पत्नी पुष्पा नगर में रहने वाली अपनी बहन के घर जाने के लिए निकल गई। पति उसे रास्ते से मनाकर ले आया और काम पर चला गया। कुछ देर बार पड़ोसियों ने उसे पत्नी के बारे में सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दशमेश नगर निवासी शाहबाज खान ऑटो चलाता है। परिवार में पत्नी हिना खान (30) और चार बेटियां हैं। पति ने हिना से कहा कि सामान एक जगह रखा करो। इसी बात को लेकर विवाद हो गया था।*

### बाइक सवार एसआई को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, पहिए से पैर कुचला

टीलाजमालपुरा के एसआई महिपाल को टक्कर मारने वाले ई रिक्शे का अब तक सुराग नहीं लगा है। गत 26 जुलाई की सुबह ड्यूटी से लौटते समय ई रिक्शा के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद ई रिक्शे का पहिया उन पर से होता हुआ गुजर गया। इससे ई रिक्शा पलट गया था। बेहोशी की हालत में एसआई महिपाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार है। निशातपुरा पुलिस ने अज्ञात ई रिक्शा चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महिपाल सिंह भदौरिया (55) राजवंश कॉलोनी करोंद में रहते हैं। इन दिनों उनकी ड्यूटी टीलाजमालपुरा थाने में हैं। उन्होंने बताया कि गत 25 जुलाई को उनकी नाइट ड्यूटी थी। ड्यूटी के बाद वह 28 अगस्त को बाइक से अपने घर जाने के लिए निकले। राज बेकरी के सामने 80 फीट रोड पर पहुंचते ही लाल कलर के अज्ञात बेटरी ऑटो के चालक उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे बाइक सहित नीचे गिर गए। इसी बीच बैटरी ऑटो उनके शरीर से होता हुआ गुजर गया और पलट गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोट थी और वे बेहोश हो गए। शाम को होश आया तो वह निजी अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें अरसलान नाम का युवक अपनी एक्टिवा से अपने दोस्त के साथ अस्पताल में भर्ती कराने के बाद चला गया था। टक्कर लगने और ई रिक्शा शरीर से गुजरने के कारण उन्हें दाहिने कंधे, दाहिनी तरफ पसलियों, दाहिने हाथ की कोहनी, पीठ सहित दोनों हाथ की कलाई में गंभीर चोट आई थी। इसके अलावा बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई थी।

सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदलकर दिया वारदात को अंजाम

# कांग्रेस नेता गोविंद गोयल के ऑफिस से दो लाख नगदी समेत कीमती सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा हिल्स के मालवीय नगर में कांग्रेस नेता गोविंद गोयल के ऑफिस में सेंध लगाकर अज्ञात चोर दो लाख नगद व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। बताया जा रहा है कि चोरी से पहले शातिर आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों की दिशा ऊपर की ओर कर दी थी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के मुताबिक श्यामला हिल्स क्षेत्र में रहने वाले गोविंद गोयल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है। उनका पूजा पाठ अगरबत्ती के नाम से मालवीय नगर में ऑफिस है। बुधवार रात वह अपने कर्मचारियों के साथ ऑफिस बंद करके चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वह ऑफिस पहुंचे तो ताला टूटा मिला और सीसीटीवी कैमरों की दिशा ऊपर की ओर थी। अंदर जाकर देखा तो कंप्यूटर, मोबाइल, डीवीआर और दो लाख रुपए नगदी गायब थी। पुलिस को तुरंत सूचना देकर बुला लिया गया। थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि शातिर चोर सीसीटीवी में रिकॉर्ड नहीं हो सके है। आसपास के कैमरों के फुटेज खंगालकर उनकी पहचान की जा रही है।

'विभाजन की विभीषिका' दिवस पर कार्यक्रम

# मौत से भी बढ़कर था विभाजन का वो दर्द, जिसे भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



सिन्धी साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल एवं दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर संस्कार विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवनी ने कहा कि विभाजन का दर्द कोई नहीं समझ सकता। आपको बोला जा रहा है, अभी 10 मिनट में सब कुछ छोड़कर घर से भागों और आपको वापस नहीं आना है, तो समझों आपको कैसा लगेगा। वह मौत के दर्द से भी बढ़कर था, लेकिन हम इस दर्द को इसलिए भी नहीं समझ सकते, क्योकि हम उस समय नहीं थे।

संस्कार संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विभाजन का दिन ऐसा दिन था जिसको कभी भुलाया जा नहीं सकता। कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित मनोहर ममतानी ने कहा कि स्वतंत्रता हमें 15 अगस्त 1947 को मिली थी।

उस समय विभाजन का निर्णय सही था या गलत हम नहीं कह सकते, लेकिन इसकी पीड़ा हमारे मन में आज भी है। इस विभाजन का प्रभाव तीन समुदाय बंगाली, पंजाबी एवं सिन्धी समुदाय के लोगो पर ज्यादा पड़ा। सिन्धी समुदाय को जो पीड़ा सहन करनी पड़ी, वो इन दो समुदाय से ज्यादा थी। सिन्धी समुदाय इससे खुश नहीं थे। कमल प्रेमचन्दानी ने कहा आज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। हम स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में सिन्धी सहित्य अकादमी के निर्देशक राजेश वाधवानी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाजन विभीषिका दिवस वो दिन है, जिस दिन हम अपना सब कुछ छोड़कर आए और अपने साथ केवल दर्द लेकर आए थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचायर्चा मृदुला गौतम, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थि उपस्थित थे।

# मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए पुट्ठा मिल का ढाई एकड़ हिस्सा किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बोगदा पुल से भोपाल टॉकीज चौराहे तक अंडरग्राउंड मेट्रो रेल लाइन के काम में बड़ी रुकावट बने छोला रोड स्थित पुट्ठा मिल के एक हिस्से को जमींदोज कर दिया गया।

दरअसल जमीन नहीं मिलने की वजह से यहां का काम अटका हुआ था। पिछले दिनों हाईकोर्ट से केस जीतने के बाद जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार को अमले के साथ पहुंचकर ढाई एकड़ एरिया की जमीन खाली कराई।

अब जल्द ही स्टेशन का काम शुरु कर दिया जाएगा। यह मिल 25 एकड़ एरिया में फैली हुई है। बोगदा पुल से भोपाल टॉकीज चौराहे तक मेट्रो की अंडरग्राउंड लाइन जानी है।

**अब शुरू होगा मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन का काम**



अंडरग्राउंड लाइन लिए भारत टॉकीज रोड स्थित आरा मशीनों को भी शिफ्ट किया जाना है। पिछले दिनों जिला प्रशासन के हाईकोर्ट से केस जीतने के बाद गुरुवार को शहर एसडीएम दीपक पांडे की टीम ने मौके पर पहुंचकर मेट्रो का काम शुरु कराने मिल के अंदर की ढाई एकड़ जमीन को खाली कराया। शहर एसडीएम ने बताया कि इस रूट पर आरा मशीन के थोड़ा सा आगे भारत टॉकीज के पास मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड हो जाएगी। इसके बाद यह भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 से नादरा बस स्टैंड से होते हुए सिंधी कॉलोनी चौराहा से बाहर जमीन के ऊपर आ जाएगी। छोला रोड पर पुट्ठा मिल है, जहां अंडरग्राउंड स्टेशन बनाना है। गुरुवार को मेट्रो रेल कारपोरेशन को कब्जा सौंप दिया गया है।

### हत्या के प्रयास के दोषी पिता-पुत्रों को 6 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मामूली विवाद को लेकर युवक को छुरी मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी संजय परिहार और उसके पुत्रों विकास एवं विशाल परिहार को अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुचिता श्रीवास्तव ने भादंसं की धारा - 307, 34 और आर्म्स एक्ट की धारा- 25 (1-बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 6 वर्ष के सश्रम कारावास और 17000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर लोक अभियोजक राजेंद्र सिंह पटेल ने प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की थी। 9 मार्च 2022 को शाम 7:40 बजे माता मंदिर के पास स्टेशन बजरिया पर आरोपी संजय परिहार और उसके पुत्रों विकास तथा विशाल परिहार ने फरियादी युवक रवि बुंदेला की हत्या करने के उददेश्य से छुरी से हमला कर घायल कर दिया गया था।

रेलवे के एक्स सर्विस मैन ने थाने में की शिकायत

# एमडी ड्रग्स: यासीन मछली के चाचा के खिलाफ अड़ीबाजी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमडी तस्कर यासीन मछली पर लगातार शिकायत मिलने के बाद उसके चाचा के खिलाफ भी एक अन्य शिकायती आवेदन अशोका गार्डन पुलिस को रेलवे के एक्स सर्विस मैन ने दिया है। एक्स सर्विस मैन उसका आरोप है कि सारिक मछली ने फार्म हाउस में उन्हें 16 घंटे तक बंधक बनाकर रखा था और छोड़ने के एवज में पचास हजार रुपए वसूल लिए। आरोप है कि पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी अशोका गार्डन पुलिस ने सारिक मछली पर शिकायत दर्ज नहीं की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुराग लाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बार बार कॉल करने पर भी कॉल रिसीव नहीं किया। रेलकर्मी राजेश तिवारी ने जो शिकायती आवेदन अशोका गार्डन पुलिस को दिया है उस आवेदन में बताया कि शारिक मछली ने उसे अगवा कर हथाइखेड़ा स्थित अपने फार्महाउस में 16 घंटे बंधक बनाकर रखा था। उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। छोड़ने के एवज में पचास हजार रुपए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर भी कराए। रेलकर्मी राजेश तिवारी का आरोप है कि जांच का हवाला देने वाली अशोका गार्डन पुलिस ने 15 दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी शारिक पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप पुलिस पर लगाया गया है। राजेश तिवारी का कहना है कि शारिक मछली ने अपने रसूख के चलते उन पर दो फर्जी प्रकरण भी दर्ज कराए थे। दो प्रकरण दर्ज होने के कारण उनकी नौकरी छूट गई।

### खुले में पड़ी मिलीं क्लोरीन गैस कैप्सूल की बोरियां, संचालक पर दर्ज होगा केस

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एडीआईएसएच फैक्ट्री से क्लोरीन गैस के रिसाव मामले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने तीन दिन में नगर निगम, सीएमचओ और उद्योग विभाग से रिपोर्ट तलब की है। इसके बाद तीनों विभागों की टीम ने गुरुवार को फैक्ट्री का दौरा किया। जहां क्लोरीन केप्सूल की बोरियां पड़ी मिलीं, जिससे फैक्ट्री संचालक की लापरवाही सामने आई है। रिपोर्ट आने के बाद फैक्ट्री संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है। जेके रोड स्थित गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर केमिकल स्टोर से क्लोरीन गैस का रिसाव होने पर हड़कंप मच गया था। इसके बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा था।

विधायक पटवा का लोगों ने जगह-जगह किया पुष्प वर्षा कर स्वागत

# भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम, अटूट साहस और अमूल्य बलिदान के सम्मान में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, बड़ी संख्या में देश प्रेमी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के टोल प्लाजा से गुरुवार को विशाल तिरंगा यात्रा विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व निकाली गई। जनपद पंचायत के सामने पार्षद सना आमीर ममनून, भारती सेठी, माया राय, राधा कुशवाहा बीलखेड़ी, राधा मालवीय, सुरजीत सिंह बिल्ले, अनिल अरोरा ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद हिंदू उत्सव समिति के कार्यालय पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल मालवीय, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल, बंटी जोशी, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विधायक पटवा का सम्मान किया। व्यापार महासंघ ने तिरंगा रैली पर पुष्प वर्षा किया। अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, दिलीप मित्तल, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, विजय जैन, गिरीश चावला, बल्लु अरोरा, अमित राय, दिनेश सेन आदि ने स्वागत किया। तिरंगा रैली के मुख्य चौराहे पर पहुंचने ही स्वर्गीय विजय कोठारी की स्मृति में गुब्बारे छोड़े एवं फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, रामकिशोर चौहान तामोट, हेमलता चौरसिया, मानसी मित्तल आदि ने तिलक लगाकर विधायक पटवा की आरती उतारी। इसके बाद तिरंगा रैली स्टेशन रोड पहुंची, जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। देश भक्ति गाने पर लोगों ने जमकर नृत्य किए।



**हाथों में लहराया तिरंगा, देशभक्ति गीतों पर झूमे लोग**



विधायक सुरेंद्र पटवा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम, अटूट साहस और अमूल्य बलिदान के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। तरंगा यात्रा का अनेकों स्थानों पर ऐतिहासिक और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। हाथों में लहराते तिरंगे, गूंजते देशभक्ति नारों और बैंड-बाजों की स्वर लहरियों ने पूरे मार्ग में लोगों में उत्साह भर दिया। चौराहों और गलियों में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा, नारेबाजी और देशभक्ति गीतों से यात्रा का स्वागत कर माहौल को उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर डॉक्टर कैलाश विनय, अशोक मित्तल, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, कन्हैया नंदवंशी, सुरजीत सिंह बिल्ले, दीपू परमार, देवेंद्र सिंह राजू, बगिश अग्रवाल, राहुल प्रजापति, वचन लोधी, नरेश सेठी, धर्मेंद्र चौरसिया, नंदू शर्मा, जीतू नंदवंशी, भूपेंद्र नंदवंशी, आरती यादव, पूजा लोधी, पुरुषोत्तम शर्मा, सोनू चौकसे, सुजीत यादव, राजेंद्र गुड्डु साहू, महेंद्र चौहान, माधव यादव, गजेंद्र नागर, सुनील शेरिया, कांता पटेल आदि तिरंगा रैली में शामिल हुए।

## ग्राहकों को इस सेल में आकर्षक फाइनेंस का ऑप्शंस

# इस सीजन की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स सेल रिलायंस डिजिटल की 'डिजिटल इंडिया सेल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल, अपनी लंबे समय से इंतज़ार की जा रही 'डिजिटल इंडिया सेल' के साथ वापस आ गया है, यह सेल 17 अगस्त 2025 तक चलेगी. सेल के दौरान, ग्राहक 25 फीसदी तक सेविंग्स (इसमें एसबीआई बैंक कार्ड्स पर 15 हजार तक 10 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट और गिफ्ट वाउचर्स में 15फीसदी शामिल है) का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक इस सेल में आकर्षक पेपर फाइनान्स ऑप्शंस, जिसमें 1 फ्री ईएमआई भी शामिल है और चुनिंदा एक्सेसरीज पर यूपीआई से पेमेंट करने पर अतिरिक्त 5 फीसदी अनलिमिटेड डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकते हैं। डिजिटल इंडिया सेल ग्राहकों के लिए सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो, जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन www.reliancedigital.in पर उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेस की विशाल रेंज पर बेजोड़ डील्स के साथ रिलायंस डिजिटल इस स्वतंत्रता दिवस दे रहा है एक बेहतरीन मौका जब आप अपनी उस फेवरेट टेक्नोलॉजी को घर ले जाएंगे, जिसका आप बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।




- **टीवी-** पाइए 140 सीएम (55) यूएचडी गूगल टीवी मात्र 24,990 रुपए में और 108 सीएम (43) एफएचडी टीवी मात्र 12,990 रुपए में।
- **एप्पल प्रोडक्ट्स-** एप्पल आईफोन 13, 39,900 से शुरू और एप्पल इंटेलिजेंस वालों के लिए डिजाइन किया गया एप्पल मैकबुक एयए 49,999 रुपए से शुरू है।
- **वॉशिंग मशीन -** स्मार्ट एआई ऑल-इन-वन वॉशर ड्रायर 49,990 रुपए से शुरू है और पाइए 8990 रुपए कीमत तक फ्री उपहार।
- **पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज-** पर्सनल ऑडियो, स्मार्ट वॉच, टेलीकॉम और आईटी एक्सेसरीज के लिए यूपीआई से पेमेंट करने पर, पाइए अनलिमिटेड 5 फीसदी छूट।
- **रेफ्रिजरेटर्स और एसी-** कोई भी साइड बाय साइड या डबल डोर रेफ्रिजरेटर और पाइए 8,990 रुपए तक के निश्चित उपहार फ्री।1.5 टन 3 स्टार एसी, मात्र 19,990* से शुरू है।

## फुल पैसा वसूल सेल, स्मार्ट परिवार के लिए

# स्मार्ट बाजार में स्मार्ट परिवार का 'एवरीथिंग होम' के लिए महाउत्सव




भोपाल । स्मार्ट बाजार में फुल पैसा वसूल सेल शुरू हो गई है, जिसमें घर की हर चीज पर धमाकेदार ऑफर्स मिल रहे हैं। यह सेल स्मार्ट परिवारों के लिए एक सुनहरा मौका है, जहां वे अपनी जरूरत की हर चीज को आकर्षक कीमतों पर खरीद सकते हैं। सेल में 5 किलो चावल प्लस 3 लीटर तेल सिर्फ 799 रुपए में, कोल्ड ड्रिंक पर 3 खरीदें 1 मुफ्त, बिस्किट पर 2 खरीदें 1 मुफ्त, और डिटर्जेंट पर 33 फीसदी की फ्लैट छूट जैसे ऑफर्स शामिल हैं। स्मार्ट बाजार की फुल पैसा वसूल सेल 13 से 17 अगस्त तक चली, जो बचत, स्टाइल और स्मार्ट विकल्पों का एक बड़ा उत्सव लेकर आई। जबरदस्त ऑफर्स - सिर्फ 799 रुपए में 5 किलो चावल, डिटर्जेंट - 40 फीसदी की छूट , किराने का सामान, घरेलू रूरी सामान, उपलब्ध है। 530 से ज्यादा शहरों में 900 से ज्यादा स्टोर्स के साथ, स्मार्ट बाजार हर स्मार्ट परिवार को ज़्यादा खरीदारी करने, ज़्यादा बचत करने और अपनी पसंद की हर चीज़ घर ले जाने के लिए आमंत्रित करता है, वो भी एक ही जगह पर, और वो भी ऐसी कीमतों पर जो हर खरीदारी को और भी स्मार्ट बना देती हैं।

# पीएनबी की उन्नत डीलर वित्तपोषण समाधानों के लिए मारुति सुजुकी के साथ हुई साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के साथ एक समझौता किया हैं, जिसके अंतर्गत समस्त भारत में मारुति सुजुकी के डीलर नेटवर्क के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग समाधान प्रदान किए जाएँगे। पीएनबी डिजिटल माध्यम से 25 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं हेतु स्वीकृति प्रदान कर रहा है। यह साझेदारी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के डीलरों को बिना किसी परेशानी के ऋण सुविधा प्रदान करेगी और साथ ही मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को सीएमएस (नकद प्रबंधन प्रणाली) सेवाएँ भी प्रदान करेगी। इस समझौता ज्ञापन पर पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र, वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी, मार्केटिंग एवं सेल्स पार्थो बनर्जी, कार्यपालक उपाध्यक्ष, मार्केटिंग एवं सेल्स त्सुयोशी ताकेशिता और मारुति सुजुकी फाइनेंस एवं ड्राइविंग स्कूल के उपाध्यक्ष विशाल शर्मा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।




# कार्यालय - देवास विकास प्राधिकरण, देवास

**देवास विकास प्राधिकरण की योजना न्यू-देवास झोन क्र.-02, सेक्टर-F में स्थित आवासीय भूखण्डों को भूमि-स्वामी अधिकार के अंतर्गत व्ययन करने हेतु ऑफर (बोली) ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित**

विज्ञापन क्रमांकः 03/ सम्पदा शाखा/2025 — दिनांकः 14.08.2025

प्राधिकरण की योजना न्यू देवास झोन क्र.-02, सेक्टर-F में स्थित विभिन्न आरक्षित वर्ग के आवासीय उपयोग के भूखण्डों को " म.प्र. विकास प्राधिकरणों की संपत्तियों का प्रबंधन तथा व्ययन नियम, 2018 " एवं संशोधित नियम अनुसार भूमि-स्वामी अधिकार के अंतर्गत व्ययन करने हेतु ऑफर (बोली) ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो कि निम्न तालिका में वर्णित होकर ऑनलाईन ऑफर (बोली) वेबसाईट https://vikaspradhikaran.mponline.gov.in के माध्यम से दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 01.09.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑफर दिनांक 02.09.2025को खोले जायेंगे। निम्न संपत्तियों का विस्तृत विज्ञापन प्राधिकरण की वेबसाईट www.ddadewas.org पर देखा जा सकता है।

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | भूखण्डों की संख्या | आरक्षण की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 06, 30, 32 | 03 | अनुसूचित जाति (पुरुष) |
| 2 | 31 | 01 | अनुसूचित जाति (महिला) |
| 3 | 03, 07, 28, 33 | 04 | अनुसूचित जनजाति (पुरूष) |
| 4 | 29 | 01 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 5 | 20 | 01 | पिछड़ा वर्ग (पुरूष) |
| 6 | 15 | 01 | पिछड़ा वर्ग (महिला) |
| 7 | 27 | 01 | स्वतंत्रता संग्राम सैनानी / लोकतंत्र सैनानी या उनके जीवित न होने की दशा में उनकी पत्नी / पति |
| 8 | 09 | 01 | सैनिक / भूतपूर्व सैनिक |
| 9 | 21 | 01 | पत्रकार रिपोर्टर |
| 10 | 02 | 01 | दिव्यांग |
| 11 | 01, 04, 05, 08, 10, 11, 12, 13, 14, 17, 19, 22, 23, 24, 25, 26, 34, 35 | 18 | सामान्य (पुरूष) |
| 12 | 16 | 01 | सामान्य (महिला) |

नोटः 1. वेबसाईट पर दिये गये लिंक को ओपन करने के पश्चात् आपको योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदर्शित होगी, जिसमें योजना का मानचित्र एवं अपलोड करने हेतु विभिन्न आवश्यक अभिलेखों की जानकारो देखी जा सकती है। ऑनलाईन फॉर्म भरने हेतु प्राधिकरण की एकल खिड़की से संपर्क किया जा सकता है।
2. प्राधिकरण को किसी भी बोली / समस्त बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

मुख्य कार्यपालन अधिकारी


## बिजनेस न्यूज

### टैक्स लॉ बार एसो. ने किया वरिष्ठ सदस्य का सम्मान



**भोपाल।** टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा संस्था के वरिष्ठ सदस्य जो 71 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ सदस्य एवं उनकी पत्नी का शाल श्रीफल एवं औषधिय पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 25 वरिष्ठ कर सलाहकारों का सम्मान किया गया। जिसमें संस्था के पूर्व अध्यक्ष सुभाष काला, ओपी गुप्ता, कोमल सिंह बांठिया, सुभाष जैन आदि का सम्मान हुआ। वरिष्ठ जनों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्था की कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया एवं कहा कि इस अवसर पर पुराने साथियों से मिलना हो जाता है एवं संस्था को ऐसे कार्यक्रम करते रहना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने सभी उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों एवं उनकी पत्नियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक भूपेश खुरपिया, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ,बच्चन आचार्य, सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुनील गौतम, मनोज अयाचित, दीपक गोयल, पीआरओ विकास अग्रवाल उपस्थित थे।

### एयू स्मॉल बैंक देशभर में खोलेगी 51 नई शाखाएं

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड भारतीय रिजर्व बैंक से यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी मिली है। एयू एसएफबी ने देशभर में 51 नई शाखाएं शुरू करने की घोषणा की। इन शाखाओं का उद्घाटन 15 अगस्त 2025 को, भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर किया जाएगा। यह प्रतीकात्मक कदम एयू एसएफबी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह समावेशी और सुलभ बैंकिंग के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### केल्टन टेक का शुद्ध लाभ 13.5 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** केल्टन टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड कंपनी ने वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही (30 जून 2025 को समाप्त) के नतीजे जारी किए। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल राजस्व 2,961 मिलियन रहा, जबकि पिछली तिमाही में यह 2,873 मिलियन था, यानि तिमाही दर तिमाही आधार पर 3.1 फीसदी बढ़ोतरी हुई। एबिटा तिमाही में 358 मिलियन रहा और एबिटा मार्जिन 12.1फीसदी रहा। शुद्ध लाभ 227 मिलियन दर्ज किया गया, जो वार्षिक आधार पर 13.5फीसदी बढ़ा है।

### स्टूडियो एलएसडी का आईपीओ 18 को खुलेगा

**मुंबई।** स्टूडियो एलएसडी लिमिटेड (स्टूडियो एलएसडी, कंपनी) एक मल्टीमीडिया प्रोडक्शन हाउस है, जो मौलिक और आकर्षक कंटेंट बनाने में विशेषज्ञ है। कंपनी अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 18 अगस्त 2025 को खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 74.25 करोड़ रुपए जुटाना है। इस आईपीओ के अंतर्गत शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस इश्यू का आकार 1,37,50,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 2 रुपए प्रति शेयर है, और इनकी प्राइस बैंड 51 से 54 रुपए प्रति शेयर तय की गई है। यह इश्यू सोमवार 18 अगस्त 2025 को खुलेगा और बुधवार 20 अगस्त को बंद होगा।

### एक्सिस मैक्स के बिजनेस ग्रोथ में 23 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने न्यू बिजनेस ग्रोथ में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम 1,553 करोड़ रुपये रहा। इससे कंपनी का प्राइवेट मार्केट शेयर 121 आधार अंक बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गया। समीक्षाधीन अवधि में नई रिटेल पॉलिसी की संख्या 10 प्रतिशत बढ़ गई। नए बिजनेस की ग्रोथ को एन्यूटी में 40 प्रतिशत, रिटेल प्रोटेक्शन एंड हेल्थ में 36 प्रतिशत और एनपीएआर-सेविंग्स में 41 प्रतिशत की मजबूती से समर्थन मिला है।

### ऑप्टिमस का टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर पेश

**नई दिल्ली।** देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड ने 'राइनोटेक' ब्रांड नाम से भारत का पहला प्रीमियम टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर लांच किया। यह भारत में बना उत्पाद है जिसमें इंजीनियर्ड बॉय कॉर्निंग ग्लास का उपयोग किया गया है। राइनोटेक उत्पादों की लांचिंग के साथ ऑप्टिमस वित्त वर्ष 2027 के अंत तक राइनोटेक से 1,800-2,000 करोड़ रुपए की आय की संभावना तलाश रही है।

### ब्रिक्स सीसीआई ने पेश किया युवाओं के लिए समाधान केंद्र

**भोपाल।** ब्रिक्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) द्वारा आयोजित ब्रिक्स सीसीआई यूथ लीडरशिप डायलॉग 2.0 में युवाओं द्वारा पेश समाधान केंद्र में ब्रिक्स सीसीआई के वाइस चेयरमैन, ब्रिक्स सीसीआई यूथ लीडर्स वर्टिकल के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते समीप शास्त्री ने देश के विकास की प्राथमिकताओं को देखते हुए भारत के युवाओं के विचारों, ऊर्जा और कौशल का उपयोग करने का आह्वान किया। इस शिखर सम्मेलन के दौरान राजनीति, कूटनीति, राजकाज, उद्यमशीलता और कारोबार जगत से नेताओं के अनुभवों का लाभ उठाते हुए प्रतिभागियों ने अपनी भावी वैश्विक नेतृत्व भूमिकाओं के लिए अंतर्दृष्टि प्राप्त की।

### इंडिया क्रेडिट को मिली इंटरनेशनल रेटिंग 'ए' स्टेबल

**मुंबई।** नॉन-बैंकिंग फाइनैंशियल कंपनी और सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप (एसएमएफजी) की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को केयर ऐज ग्लोबल द्वारा लॉन्ग-टर्म फॉरेन करेंसी इश्युअर रेटिंग- 'केयर ऐज ए/स्टेबल' दी गई है। यह रेटिंग भारत की सॉवरेन रेटिंग से दो पायदान ऊपर है, जो एसएमआईसीसी की मजबूत साख तथा कंपनी के वित्तीय एवं परिचालन ढांचे में उच्च स्तरीय भरोसे को दर्शाती है। यह रेटिंग मूल कंपनी एसएमएफजी के मजबूत क्रेडिट प्रोफाइल तथा एसएमआईसीसी में इसकी 100 फीसदी स्वामित्व से प्रेरित है। इस अवसर पर पंकज मलिक, चीफ़ फाइनैंशियल ऑफिसर, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहाकि हमें केयरऐज ग्लोबल से 'केयरऐज ए/स्टेबल' रेटिंग मिली है, जो हमारे मजबूत बुनियादी सिद्धान्तों तथा हमारे हितधारकों के हममें भरोसे की पुष्टि करती है।

### ओडिसी ने लांच किया हाई-स्पीड स्कूटर ओडिसी सन

**मुंबई।** ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने अपने नए हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर - ओडिसी सन के लांच की घोषणा की। आधुनिक राइडर के लिए डिजाइन किया गया यह स्कूटर प्रदर्शन, आराम और स्मार्ट फीचर्स के साथ रोजमर्रा की यात्रा को बेहतर बनाता है। ओडिसी सन में शक्तिशाली लिथियम-आयन बैटरी कॉन्फिगरेशन, आधुनिक फीचर्स और एक बेहतरीन स्पोर्टी डिजाइन दी गई है। ओडिसी सन 70 किमी/घंटा की टॉप स्पीड प्रदान करता है

### जियो हॉटस्टार ने 'ऑपरेशन तिरंगा' लांच किया

**भोपाल।** जियो हॉटस्टार ने 'ऑपरेशन तिरंगा' लांच किया है, जो देश की आजादी की भावना को सम्मान देने की एक खास कोशिश है। तिरंगा एक, कहानियां अनेक के तहत, इस प्लेटफॉर्म ने देशभक्ति से जुड़ी खास कहानियों को चुना है, जो भारतीय तिरंगे में समाए अलग-अलग रंग, भावनाएं और आदर्श को दिखाती हैं। इस 15 अगस्त को पूरे दिन के लिए जियो हॉटस्टार की पूरी कंटेंट लाइब्रेरी फ्री में देखने को मिलेगी। इससे देश के हर कोने में एक समावेशी और सबके लिए सुलभ ब्रांड बनाने का इसका प्रयास साफ दिखाई देता है।

# हलछठ व्रत के लिए महुआ, पसई चावल और बांस की टोकरियों की खूब खरीदारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

संतान की दीर्घायु के लिए गुरूवार को हलछठ व्रत महिलाओं ने रखा और श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की। इसके पूर्व राजधानी के बाजार में व्रतधारी मताओं ने राजधानी के हाट-बाजारों में महुआ, पसई चावल और बांस की छोटी टोकरियों की खरीदी की। गौरतलब है कि हरछठ पर्व भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। बलरामजी का प्रधान शस्त्र हल तथा मूसल है, इसीलिए उन्हें हलधर भी कहा जाता है, इसी कारण इस पर्व को हरछठ कहते हैं। इस दिन विशेष रूप से हल की पूजा करने और महुंआ की दातून करने की परंपरा है। व्रत में पसही के चावल और महुए की मिठास से बनी चीजें खा कर व्रत खोला जाता है। यह पर्व बड़ी ही आस्था, विश्वास और श्रद्धा के साथ व्रतधारी महिलाओं द्वारा घरों में मनाया जाता है।



## विक्रेताओं ने ऊंचे दाम पर बेची पूजन सामग्री

- महुआ 50 रुपए पाव (250 ग्राम)
- पसई चावल 50 से 60 रुपए पाव (250 ग्राम)
- चना भुना 30 से 40 रुपए पाव (250 ग्राम)
- मक्का लाई - 10 से 20 रुपए पैकेट
- केला- 50 से 60 रुपए दर्जन


# कार्यालय नगर पालिका निगम देवास (म.प्र.)

क्रमांक 125/विद्युत/2025 — देवास, दिनांक 06/08/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_442738_1 06/08/2025 | देवास शहर के वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 45 में लगे विद्युत पोलों का सर्वे कर नंबरिंग किये जाने के संबंध में। | 1. 02 माह 2. 15,00,000.00 | 1. 2,000/- 2. 45,000/- | 27/08/2025 06.00 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
देवास म.प्र.



## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक 36, जो खसरा क्रमांक 147/1 का अंश है जिसका कुल क्षेत्रफल 55.76 वर्गमीटर अर्थात 600 वर्गफिट है, जो ग्राम - महोली, नगर निगम वार्ड न. 74, तहसील हुजुर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाये दिशा पूर्व में- भूखण्ड नं. 35, दिशा पश्चिम मे -भूखण्ड नं. 37, दिशा उत्तर में - कालोनी मार्ग, दिशा दक्षिण में- अन्य की सम्पत्ति, को संपत्ति स्वामी श्री रवि कुमार सोनी आत्मज श्री राजमल सोनी एवं श्रीमती रक्षा सोनी पत्नी श्री रवि कुमार सोनी, दोनो निवासीगण म.नं.-02, कपिला नगर, करोंद, बैरसिया मार्ग, भोपाल से कय करने के लिये करार कर बयाना राशि दे दी गई है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण / विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि है तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने के उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी ।

भवदीय **अनुज जैन** (अधिवक्ता)
चेम्बर नं 138, उत्तमचन्द्र ईशरानी लायर्स चेम्बर जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, जिला भोपाल (एम.पी.) 462016
मोबाइलः 09691386301



# कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी

क्र./जल प्रदाय शाखा/2025/1124 — इटारसी, दिनांक-14/8/2025

// ई - निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर पोर्टल क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम. डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_444642_1 | वार्ड क्र. 19 में सुधीर गौर के मकान से विशाल पुरी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य । | 01,70,738/- | 2000/- 1708/- | 29.08.2025 17.30 |
| 2 | 2025_UAD_444648_1 | वार्ड क्र. 10 में पीपल मोहल्ले में ट्यूबबेल खनन निर्माण कार्य । | 2,33,461/- | 2000/- 2335/- | 29.08.2025 17.30 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, इटारसी



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

# ई-नीलामी की सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

## चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसी है और जो है जैसी है''** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **30.08.2025** को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

| खाते / ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **नरेला शंकरी शाखा, भोपाल फोन : 7879070919** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स वैरियर शूज वैरियर स्टाईल** प्रोपराइटर- श्रीमती मृदालिनी सिंह सेंगर | कमर्शियल शॉप नं. 19, भूतल, खसरा नं. 391-392/1 एवं 391-392/2 का भाग, एस्सारजी युगान्तर कॉम्पलेक्स, ग्राम- बरखेड़ा, पठानी, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल-100 वर्गफिट अथवा 9.29 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्रीमती मृदालिनी सिंह सेंगर चर्तुसीमाएं- उत्तर- पैसेज, दक्षिण- शॉप नं. 20, पूर्व- सीढ़ियाँ, पश्चिम-शॉप नं. 18 भौतिक कब्जा | 17/05/2022 / 14/11/2022 / ₹ 10,57,902/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 6,30,000/- / ₹ 63,000/- / ₹ 10,000/- |
| **टी.टी. नगर शाखा, भोपाल फोन : 7024115093** | | | |
| ऋणी- (1) **अनिल कुमार प्रजापति पुत्र श्री कमला प्रसाद प्रजापति** (2) **श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पत्नि श्री अनिल कुमार प्रजापति** | फ्लैट नं. टी-1, तृतीय तल, गोदावरी अपार्टमेंट, सर्वधर्म सेक्टर-बी, कोलार रोड, तहसील हुजूर, प्लाट नं. 524, 525 वार्ड नं. 82, ग्राम- दामखेड़ा, भोपाल- 462042 क्षेत्रफल-450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक-(1) अनिल कुमार प्रजापति पिता श्री कमला प्रसाद प्रजापति (2) श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पति श्री अनिल कुमार प्रजापति, चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. टी-4, दक्षिण-प्लाट नं. 523, पूर्व-प्लाट नं. 531, पश्चिम-फ्लैट नं. टी-2 भौतिक कब्जा | 29.09.2022 / 29.09.2023 / ₹ 7,51,019/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 9,46,000/- / ₹ 94,600/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी- (1) **अनिल कुमार प्रजापति पुत्र श्री कमला प्रसाद प्रजापति** (2) **श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पत्नि श्री अनिल कुमार प्रजापति** | फ्लैट नं. टी-2, तृतीय तल, गोदावरी अपार्टमेंट, सर्वधर्म सेक्टर-बी, कोलार रोड, तहसील हुजूर, प्लाट नं. 524, 525 वार्ड नं. 82, ग्राम- दामखेड़ा, भोपाल- 462042, क्षेत्रफल-450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक-(1) अनिल कुमार प्रजापति पिता श्री कमला प्रसाद प्रजापति (2) श्रीमती श्रीकांति प्रजापति पति श्री अनिल कुमार प्रजापति, चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. टी-3, दक्षिण-प्लाट नं. 523, पूर्व-फ्लैट नं. टी-1, पश्चिम-कालोनी रोड भौतिक कब्जा | 29.09.2022 / 29.09.2023 / ₹ 8,76,764/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 9,46,000/- / ₹ 94,600/- / ₹ 10,000/- |
| **जेल रोड शाखा, भोपाल फोन :7024115051** | | | |
| ऋणी- 1. **श्री शिवेन्द्र सिंह** सहऋणीः 2. **श्रीमती ऊषा सिंह** पत्नि श्री त्रिभुवन सिंह | प्लाट नं. 104, सेक्टर-ए, खसरा नं. 24/1, फ्लैट नं. एफ-102, प्रथम तल, कृष्ण कुंज टावर, सर्वधर्म कालोनी, ग्राम- दामखेड़ा, कोलार रोड, वार्ड नं. 80, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्रीमती ऊषा सिंह पत्नि श्री त्रिभुवन सिंह चर्तुसीमाएं-पूर्व- अन्य की संपत्ति, पश्चिम- कॉरिडोर, उत्तर- फ्लैट नं. 101, दक्षिण- अन्य की संपत्ति | 06/07/2023 / 18/10/2024 / ₹ 9,42,023.28/- + ब्याज एवं अन्य खर्च | ₹ 13,62,900/- / ₹ 1,36,290/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स एम.जे. एसोसिएट्स** प्रोपराइटर-श्रीमती सलोनी जिवनानी पत्नि श्री महेश जिवनानी | दुकान नं. 06, भूतल, दुग्गल कॉम्पलेक्स, प्लाट नं. 14-बी, गोविन्द गार्डन, रायसेन रोड, वार्ड नं. 44, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल-120 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर- दुकान क्रमांक 05, दक्षिण- दुकान क्रमांक 07, पूर्व- दुकान क्रमांक- 11, पश्चिम-10 फिट चौड़ी गली संपत्ति मालिक- **श्रीमती सलोनी जिवनानी पत्नि श्री महेश जिवनानी** भौतिक कब्जा | 25/04/2022 / 12/09/2022 / ₹ 35,06,583.55 + ब्याज एवं अन्य खर्च | ₹ 4,50,000/- / ₹ 45,000/- / ₹ 10,000/- |
| **राजगढ़ शाखा जिला-राजगढ़ फोन : 7024115076** | | | |
| ऋणी- **श्री देवी सिंह वर्मा पुत्र श्री रामचरन वर्मा** | रिहायशी मकान क्रमांक 2/245(1/2 ADF ), वार्ड क्रमांक 4, कालाखेत, राजगढ़, तहसील एवं जिला राजगढ़ (म.प्र.)- 465661, क्षेत्रफल- 1062.5 वर्गफिट संपत्ति मालिक-श्री देवी सिंह वर्मा पुत्र श्री रामचरण वर्मा, चर्तुसीमाएंः- उत्तरः मांगीलाल का मकान, दक्षिणः आम सड़क, पूर्वः निजी गली, पश्चिमः प्रभुलाल का मकान | 04/07/2024 / 04/10/2024 / ₹ 1017368/- + ब्याज एवं अन्य खर्च | ₹ 11,43,000/- / ₹1,14,300/- / ₹ 10,000/- |

ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 29.08.2025 को सायं 4.00 बजे या उससे पूर्व
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30.08.2025 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक
संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 28.08.2025 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा http://BAANKNET देखें।

तारीख : 14.08.2025, स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी

चिंतन

# भारत को सामरिक-आर्थिक ताकत बनाने का लें संकल्प

आज जब भारत अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो वह एक आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है, आर्थिक व सामरिक महाशक्ति है, विश्व में सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश है, सैन्य रूप से शक्तिशाली है, दुश्मनों को करारा जवाब देता है, सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकल चुका है, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने देखा, इससे पहले वह सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक को अंजाम दे चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वर्ष 1947 में आजादी हासिल के बाद से अपनी 78 वर्ष की यात्रा में भारत ने विभिन्न क्षेत्र में प्रगति के अनेक कीर्तिमान रचे हैं। अंतरिक्ष, डिजिटल, ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, डिफेंस विनिर्माण, विमानन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पेट्रो केमिकल्स, रेलवे व हाई स्पीड ट्रेन, मेट्रो, इंजीनियरिंग, हेल्थ, एजुकेशन विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि सेक्टर हैं, जिनमे भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी आज भारत एक प्रमुख वैश्विक ताकत है। अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर है, सौ से अधिक देशों को वह अनाज का निर्यात करता है। दुग्ध उत्पादन में वह सिरमौर है, दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधताओं के बावजूद भारत आज एक मजबूत समावेशी राष्ट्र है, जहां अनेकता में एकता और अखंडता का भाव बुलंद है। आज जब दुनिया में युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष और वर्चस्व की जंग तेज है, अमेरिकी टैरिफ वार से उथलपुथल मचा हुआ है, भारत स्थिर है। जीडीपी दर सबसे तेज है और विश्व को शांति का पैगाम दे रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में एक समर्थ व समृद्ध भारत की तस्वीर पेश की है। सरकार एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की बदौलत भारत ने आतंकवाद का हमेशा करारा जवाब दिया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में समस्याओं के बावजूद भारत पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण है और निर्यात बढ़ रहा है। भारत, 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। भारत ने पिछले दस वर्ष में गरीबी कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हुआ है। हालांकि देश के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अमेरिकी टैरिफ वार के प्रभाव से निपटना है, विकास के मामेंटम को बनाए रखना है। डिजिटेक, हरित ऊर्जा, हेल्थ और एजुकेशन में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की जरूरत है, जिसमें विनिर्माण की मजबूती के साथ सेवा क्षेत्र में विस्तार की आवश्यकता है। भारत को भविष्य की इकोनॉमी पर फोकस करना होगा। आज जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे, तो निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करेंगे, भारत के विकास व चुनौतियों पर बात करेंगे, लेकिन अब भारत को व्यवस्थागत परिवर्तन की दिशा में बढ़ने की जरूरत है, जिसमें प्रशासनिक, राजनीतिक, न्यायिक और पुलिस सुधार हो, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ क्रांतिकारी बदलाव हों और उच्च प्रौद्योगिकी व डिफेंस टेक के साथ अजेय व अभेद्य सामरिक ताकत बनने पर जोर हो। गुटनिरपेक्ष व स्वतंत्र विदेश नीति के साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा कायम रहे, अमेरिका का सबक भारत के सामने है।



आजादी की लड़ाई
निरंकार सिंह

सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे।

# 1857 से पहले ही स्वतंत्रता संग्राम

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों और घटनाओं की एक श्रृंखला थी जिसका अंतिम उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करना था। यद्यपि सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। भारत में अंग्रेज व्यापारियों के रूप में आए थे, जो भारत की असाधारण संपदा से आकर्षित थे, जो यूनानी काल से ही पश्चिम में प्रसिद्ध थी। वे भारत पहुंचे तो देखा कि विशाल मुगल साम्राज्य का प्रभुत्व भारत पर था, जिसकी स्थापना 16वीं शताब्दी में विजेता बाबर ने की थी और जो अब उपमहाद्वीप के अधिकांश भाग पर शासन करता था।

1613 में मुगल बादशाह जहांगीर ने अंग्रेजों को गुजरात के सूरत में एक व्यापारिक चौकी स्थापित करने की अनुमति दी, जो भारत में अंग्रेजों का पहला पैर जमाने का स्थान बना। अगली शताब्दी में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अतिरिक्त व्यापारिक चौकियां स्थापित कीं और धीरे-धीरे पूरे उपमहाद्वीप में अपना आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया। 1707 में सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद, मुगल साम्राज्य तेजी से पतन के दौर में प्रवेश कर गया, जिससे मराठों , सिखों और उत्तरी राजपूत सरदारों सहित विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों को अपनी संप्रभुता स्थापित करने का अवसर मिला। 18वीं शताब्दी के मध्य तक, उपमहाद्वीप में एक भी प्रमुख शक्ति नहीं बची थी, जिससे यह क्षेत्र औपनिवेशिक महत्वाकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील हो गया। 1757 में प्लासी की लड़ाई , ब्रिटेन और फ्रांस के बीच चले सात साल के युद्ध का हिस्सा थी। यह भारत पर ब्रिटिश विजय में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी स्थिति को तेजी से मजबूत किया था और अब देशी शासकों द्वारा इसे एक गंभीर खतरा माना जाता था। बंगाल के नवाब, सिराज-उल-दौला , फ्रांस के साथ गठबंधन के पक्ष में थे। वे पहले कंपनी के व्यापारिक पदों पर हमला कर चुके थे। पर नवाब के सेनापति मीर जाफर ने प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ विश्वासघात किया, जिससे अंग्रेजों को बंगाल पर नियंत्रण हासिल करने में मदद मिली। मीर जाफर को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल का नवाब बनाया था। इस महत्वपूर्ण जीत ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में एकमात्र व्यापारिक उपस्थिति से एक सैन्य और राजनीतिक शक्ति में बदल दिया। इसके बाद भी बक्सर के युद्ध (1764) के साथ बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। सशस्त्र संघर्ष को अंजाम देने के लिए 13 जनवरी 1799 की शाम तक 12,837 सैनिकों की भीड़ जुटाई गयी। ऐसा करने के लिए उपलब्ध समय की कमी को ध्यान में रखते हुए उस दिन इतने सारे व्यक्तियों का जमा हो जाना सराहनीय था। एक पखवाड़े से भी कम समय की तैयारी के आधार पर बनारस शहर और घाटों के लगभग सभी हिस्सों में जमींदारों और उनके लोगों ने इस प्रतिरोध में जिस उत्साह से भागीदारी की थी, वह प्रशंसा का विषय है और हर तरह से कुछ करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस प्रकार प्रतिरोध का यह चरण अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संगठित था। इस तथ्य के बावजूद कि अंग्रेजों की सभी गतिविधियों पर संदिग्ध निगाहें थीं।



अंग्रेज पहले से ही जमान शाह के आसन्न आक्रमण के कारण अपनी सभी सैन्य तैयारियों के साथ सतर्क थे। फिर भी उन्हें वास्तव में विद्रोह की रूपरेखा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यह स्थापित करता है कि कैसे गुप्त रूप से सुनियोजित और संगठित चीजें उन सभी लोगों द्वारा की जा रही थीं जो इसका हिस्सा थे। एर्स्किन के लिए माधव दास गार्डन पर हमला करना आसान नहीं था, जो अन्ततः पूरे ऑपरेशन में 'सुनियोजित गोलीबारी' का सामना करके एक लम्बी और निरन्तर लड़ाई के बाद ही प्राप्त किया जा सकता था। बार-बार उसे सैनिकों के संगठित दलों के हमलों से निपटना पड़ा। कई मौकों पर वे बहुत करीब से भी टकराये। इस संघर्ष में चार अंग्रेज अधिकारी मारे गये लेकिन साधारण सैनिकों के मारे जाने की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है। इन मारे गये अंग्रेज अधिकारियों की कब्रें वाराणसी के कैंट क्षेत्र में मकबूल आलम रोड के किनारे इसाइयों के कब्रिस्तान में बनी हुई है। इस कब्रगाह पर मारे गये अंग्रेज अधिकारियों के साथ इनको मारने वाले वजीर अली का भी नाम लिखा है जो जगत सिंह के सहयोगी थे। यह सब उन लोगों की बहादुरी और साहस को दर्शाता है जो अपनी जान की परवाह किये बिना वहां लड़ रहे थे। हालांकि दोनों ओर से कुल कितने लोग मारे गये, अब तक इसका कोई प्रमाणिक विवरण नहीं मिल पाया है। इस बारे में अनुमान है कि हजारों लोग मारे गये होंगे। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। प्रतिरोध की विफलता का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण इसका त्वरित दमन था जो बनारस के आसपास के क्षेत्र में तैनात तोपखाने और भारी गोला-बारूद से लैस एक बड़ी सेना की उपस्थिति के कारण संभव था। विद्रोहियों की ओर से भी उनकी प्रगति में बाधा डालने का ध्यान रखा गया था, लेकिन इस काम के लिए नियुक्त किए गए लोग मौके पर अनुपस्थित रहे। उन्होंने अपना काम नहीं किया और अंग्रेजी फौज को कहीं भी आसानी से जाने की सुविधा मिल सकी। विशेष रूप से माधव दास बाग के रास्ते में और इसके ठीक सामने उन्हें गोलीबारी की ताकत और विरोधियों की दृढ़ता का स्वाद चखना पड़ा। अगर यह सेना वहां तैनात नहीं होती, तो इस बात की पूरी संभावना थी कि अंग्रेजों के लिए प्रतिरोध के प्रसार को और अधिक खतरनाक स्तर तक रोकना मुश्किल हो जाता। बहरहाल बाबू जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह, गजराज सिंह, बीजक सिंह प्रथम, रामदयाल, शिवशरण सिंह, लाल सिंह, शिवदेव सिंह, मिर्जा अली, इमाम अली, मिर्जा बेग, हफीजुल्लाह, खैरउद्दीन बेग, मुराद चैन को भी गिरफ्तार करके उन पर विभिन्न आरोपों का लगातार मुकदमा चलाया गया और सजा दी गयी।

बाबू जगत सिंह को अदालत ने 'सजा-ए-मौत' सुनाई। लेकिन निजाम अदालत ने इस सजा को बदलकर उन्हें आजीवन देश निकाला की सजा दी और इसकी पुष्टि के लिए काउंसिल के उपाध्यक्ष को भेज दिया। बनारस से कलकत्ता आने पर बाबू जगत सिंह को 31 अगस्त 1799 को टाउन मेजर द्वारा फोर्ट विलियम में कैद पर लिया गया। अंग्रेजों को बाबू जगत सिंह से इतना खतरा अनुभव हुआ कि उन्हें भारत के किसी हिस्से में कैद रखना सुरक्षित नहीं लगा। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे। ऐसा दावा डेविस ने किया था। पर वास्तविकता यह बतायी जाती है कि विदेश की जगह उन्होंने अपने देश की भूमि पर ही देह त्यागने के संकल्प के साथ हुगली नदी में जल समाधि ले ली क्योंकि हिरासत में जहर मिलना संभव नहीं था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
शिवप्रकाश



# हर देशवासी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए 'विकसित भारत'

देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता का उत्सव उत्साह के साथ मना रहा है। 15 अगस्त के अपने प्रथम भाषण में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि भारत पुनः स्वयं को खोज रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर आंख से आंसू मिटे, भविष्य हमें बुला रहा है, हमें कहां जाना है और हमें क्या करना चाहिए जिससे हम आम आदमी, किसानों और श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता और अवसर दे सकें, हम निर्धनता मिटा सकें, एक समृद्ध लोकतांत्रिक प्रगतिशील देश बना सके। कोई भी देश तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके लोगों की सोच या कर्म संकीर्ण हो। उनके इस भाषण को इतिहास में "नियति से मिलन" नाम से उल्लेखित किया गया। 78 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा में हमने बहुत कुछ प्राप्त किया है जो प्रत्येक भारतीय को गर्व करने योग्य है। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो प्राप्त होना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य संपूर्ण देशवासियों को दिया है जो हमें प्राप्त करना है। उस लक्ष्य को उन्होंने "विकसित भारत" के नाम से संबोधित किया है। अमृत काल की इस कालावधि में प्रत्येक भारतीय का एक ही लक्ष्य होना चाहिए "विकसित भारत"। भारत के लाखों-करोड़ों लोगों ने जब अपना संकल्प स्वतंत्रता प्राप्ति बनाया एवं उसकी प्राप्ति के लिए कठोर यातनाएं सही, तब लंबे संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। यह स्वाभिमान ही हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकता है। आज भी 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प "विकसित भारत" बनना चाहिये। भारत एक प्राचीन देश है। हमारी संस्कृति सर्वकल्याणमयी एवं सर्वसमावेशी है। कोरोना काल में विश्व ने उसके दर्शन भी किए हैं। अपनी निष्ठा, समर्पण के कारण अभावयुक्त होने के बाद भी हमारे साथ स्वतंत्र हुए देशों ने आर्थिक क्षेत्र में हमसे अधिक प्रगति की है। हमारे लिए विचारणीय विषय है कि विशाल जनसमूह, प्रचुर भौतिक संसाधन एवं गौरवमय विरासत होने के बाद भी हम उतनी प्रगति नहीं कर पाए, आज भी गरीब की आंखों में आंसू हैं। आजीविका के लिए निर्धारित घंटों में हम वास्तव में कितने घंटे काम करते हैं, इसका विचार करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अनेक संबोधनों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बढ़ते मोटापे पर चिंता व्यक्त की है। इससे बचने के लिए उन्होंने अपने भोजन में 10 फीसदी तेलीय पदार्थ कम करने का आग्रह भी किया है। आज अनेक सर्वेक्षण बच्चों सहित बड़ी संख्या में गंभीर रोगों के ग्रसित होने का आकलन कर रहे हैं। हम दैनिक व्यायाम, पाचनयुक्त भोजन एवं व्यवस्थित दिनचर्या से इसमें परिवर्तन ला सकते हैं। दुनिया के अनेक देश अपने देश की गिरती अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर लगने वाला मनमाना टैरिफ इसका उदाहरण है। हम आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाकर उन पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। प्रत्येक भाषा का अपना एक भाव जगत है। भारत की प्रत्येक भाषा परस्पर आबद्ध है। उसमें प्रयोग होने वाले मुहावरे, लोकोक्ति एवं कहावतें भी सामान भाव से युक्त है। उच्चारण भिन्न होने के बाद भी भाव एक ही रहता है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर ने कहां था कि "भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की चेतना एवं संस्कृति का संवाहक है। उपभोगवादी जीवन शैली के कारण आज हमने पर्यावरण के सम्मुख संकट खड़ा किया है। इसके कारण अन्न, जल, वायु जिस पर हमारा जीवन निर्भर है सभी विषयुक्त बना है। इसी कारण महात्मा गांधी ने कहा था कि "प्रकृति हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, हमारे लालच की नहीं। हम सादगी युक्त जीवन शैली धारण करें। हमारे देश की विशालता के कारण इसमें विविधताओं का भंडार है। रंग-रूप, खान-पान, भाषा, लिंग, जाति, पूजा-पद्धति, ऊँच-नीच आदि में यह विविधता प्रकट होती है। इसी विविधता को अज्ञानवश कुछ लोग विभेद के रूप में स्थापित करते हैं। हम सभी भारत मां की संतान होने के कारण से एक हैं। किसी भी देश का विकास केवल सरकारों से नहीं, उसके साथ खड़ी संस्कारयुक्त, कर्तव्यनिष्ठ, जागृत जनशक्ति के द्वारा होता है। हमें इस दायित्व बोध से युक्त समाज बनना है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वाह करें । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण का पालन करते हुए हमसे यह अपेक्षा की है कि हम सभी भारतवासी "विकसित भारत" के संकल्प में सहायक बनें एवं स्वतंत्रता के इस शुभ अवसर पर इन संकल्पों को हम सभी अपने जीवन का अंग बनाएं।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

सटाका




आज की पाती

### गाजर घास : एक पर्यावरणीय चुनौती

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। इससे निपटने की कारगर विधि यह है कि इसे जड़ से उखाड़ कर नष्ट कर दिया जाए। – *राकेश मिश्रा, कांकेर*

ट्रेंड

### स्थिति पर कड़ी नज़र



मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### श्रद्धांजलि अर्पित



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को मैं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस हादसे में प्रभावित सभी परिवारों और व्यक्तियों की कुशलता एवं सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### शिक्षा से ही सशक्तीकरण



शिक्षा ही सशक्तीकरण की नींव बनती है और प्रगतिशील परिवर्तन और विकास की भी। शिक्षा सकारात्मकता को जन्म देती है जिससे सहृदयता और सौहार्द विकसित होता है। शिक्षा के विरोधी स्कूल बंद करके सामाजिक समन्वय का मार्ग अवरुद्ध करते हैं।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### चुनौतियों का सामना



नायक/नायिका की ताकत हमेशा इस बात से तय होती है कि खलनायक कितना शक्तिशाली है। जीवन में भी आपकी उपलब्धियाँ इस बात से तय होती हैं कि आप कितनी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

आजादी पर्व
विशाल तिवारी



# विकसित राष्ट्र की ओर नया भारत

पंद्रह अगस्त 1947 का दिन न केवल भारत की आजादी के जश्न का दिन था, बल्कि देश के नये नेतृत्व के लिए उस समय करीब 34.5 करोड़ की आबादी के भविष्य को लेकर चिंता का दिन भी था। इतनी बड़ी आबादी को अन्न से लेकर रहने के लिए छत और रोजगार के अलावा उनके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बहुत बड़ी चुनौती सामने खड़ी थी। यह चुनौती इसलिए भी गहरी थी क्योंकि औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों ने मात्र अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से संसाधनों को विकसित किया था, ना कि देश की आबादी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए। आजादी मिलने के साथ ही सबसे बड़ी और पहली फिक्र यह थी कि इतनी बड़ी जनसंख्या का पेट कैसे भरा जाए। आंकड़ों के अनुसार, 1950-51 में देश में इतनी बड़ी आबादी के सापेक्ष महज 5 करोड़ टन अनाज की पैदावार थी और इतना अन्न लेकर लगभज 35 करोड़ जैसी विशाल आबादी का पेट भरना लगभग नामुमकिन था। हालांकि, यह समस्या थोड़ी लंबी खिंची और करीब 1962 आते-आते देश में हालात यह हो गए कि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश की जनता से एक वक्त उपवास रखने की अपील तक कर डाली। ऐसे में देश में हरित क्रांति ने अन्न के अधिक से अधिक उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन थे। उन्होंने 1967-68 और 1977-78 के बीच हरित क्रांति की ऐसी लहर चलाई कि जहां देश में एक वक्त अनाज की कमी थी, वहीं देश विश्व के सबसे ज्यादा अनाज उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया। अनाज के बाद दूध के क्षेत्र में ऑपरेशन फ्लड यानी श्वेत क्रांति की शुरुआत हुई। श्वेत क्रांति ने भारत को विश्व में इस क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा दिया। बता दें कि डॉक्टर वर्गीज कुरियन ऑपरेशन फ्लड के मुख्य सूत्रधार थे। इस क्रांति का महत्व इसलिए भी खास है क्योंकि शारीरिक पोषण के लिए दूध को एक आवश्यक तत्व माना जाता है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। देशवासियों का पेट भरने के अलावा दूसरी बड़ी चिंता देश की सुरक्षा की थी। 1962 में चीन से हार के बाद स्थिति साफ हो गई कि भारत के पास आधुनिक हथियारों की कमी है। इसके लिए व्यापक कदम उठाए गए। आज सेना के पास राफेल, सुखोई, तेजस जैसे लड़ाकू विमान हैं तो अर्जुन, भीष्म टैंक और अग्नि जैसी मिसाइलें भी हैं। नौसेना में आईएनएस अरिहंत, आईएनएस करंज जैसी पनडुब्बियों के बल पर भारत समुद्र में एक मजबूत खिलाड़ी बन चुका है। 18 मई, 1974 को राजस्थान के पोखरण में पहला विस्फोट करके भारत ने दुनिया को यह बता दिया कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहने वाला। तमाम प्रतिबंधों के बाद भारत ने साल 1998 में दोबारा परीक्षण किया और इसके बाद देश आगे ही बढ़ता गया। आजादी के बाद भारतीय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इसमें व्यापक बदलाव किए गए। 1953 में जहां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की स्थापना की गई वहीं आईआईटी और एम्स जैसे बड़े संस्थानों की शुरुआत भी की गई। शिक्षा के प्रारंभिक स्तर को ध्यान में रखते हुए प्राइमरी शिक्षा में सुधार के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। 1949 में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग और 1952 में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन किया गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 1968 में पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी श्रीगणेश किया गया। 1950 में जहां उच्च शिक्षा के लिए महज 578 कॉलेज थे, वहीं आज 42343 कॉलेज हो चुके हैं। 27 से बढ़कर आज 1043 विश्वविद्यालय देश में काम कर रही हैं। कोरोना काल में हमने दिखा दिया कि भारत दुनिया के बाकी देशों से कैसे अलग है। यही कारण है कि भारत का स्वास्थ्य पर्यटन हर साल तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्तर के गुणवत्तायुक्त उपचार के साथ ही यह अन्य देशों की अपेक्षा काफी सस्ता भी है। कोरोना के समय ही भारत की वैक्सीन और पीपीई किटों की मांग विदेशों में खूब रही। फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर में भारत अब एक प्रमुख उत्पादक देश बन चुका है। न केवल नए अनुसंधान किए जा रहे हैं बल्कि, दवाओं का निर्यात भी किया जा रहा है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी का भारत नया भारत है, जो यह जानता है कि दुनिया के बाकी देशों में उसकी अहमियत अब कितनी है। भारत अब विकासशील देश से विकसित देश बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र, संविधान और लोकतंत्र को बताया सर्वोपरि

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र हमारे लिए सर्वोपरि है। हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये हैं- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता। ये हमारे सभ्यतागत सिद्धांत हैं जिन्हें हमने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया। मेरा मानना है कि इन सबके मूल में मानवीय गरिमा की भावना है। राष्ट्रपति ने इस मौके पर पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के एक्शन और ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।



### सभी को समान अवसर मिले

यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस प्रत्येक भारतीय बड़े उत्साह के साथ मनाता है। ये ऐसे दिन हैं जो हमें विशेष रूप से हमारे गौरवान्वित भारतीय होने की याद दिलाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य समान है और सभी के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। सभी की स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक समान पहुंच होनी चाहिए। सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। पारंपरिक व्यवस्था के कारण जो लोग वंचित थे, उन्हें सहायता की आवश्यकता थी। हमने 1947 में एक नई यात्रा शुरू की।

### भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की राह पर

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि-दर के साथ भारत, दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। विदेशी शासन के लंबे वर्षों के बाद, स्वतंत्रता के समय भारत घोर गरीबी में था। लेकिन तब से अब तक के 78 वर्षों में, हमने सभी क्षेत्रों में असाधारण प्रगति की है। भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। यह देश के लिए बहुत बेहतर है।

### हम सही रास्ते पर चल रहे

राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, प्रतिरक्षा के क्षेत्र में, 'आत्मनिर्भर भारत मिशन' की परीक्षा का भी अवसर था। अब यह सिद्ध हो गया है कि हम सही रास्ते पर हैं। हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अन्य समुदायों के लोगों का है। इन समुदायों के लोग अब हाशिए पर होने का टैग हटा रहे हैं।

### गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। कश्मीर घाटी में रेल-संपर्क का शुभारंभ करना, एक प्रमुख उपलब्धि है। शेष भारत के साथ घाटी का रेल-संपर्क, उस क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

**हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे**

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में, हमारी उपलब्धियां स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। पिछले वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ, भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से बढ़ रहा है।

> आज लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

## राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में पहली बार अग्निवीर, 85 सरपंच होंगे विशिष्ट अतिथि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस बार की थीम 'नया भारत' है। इस साल पहली बार राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में 11 अग्निवीर हिस्सा लेंगे। साथ ही इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी होगा। जो 'नए भारत' के उदय को दर्शाता है। इस बार की देशभर से 85 ग्राम सरपंचों को ग्रामीण परिवर्तन में उनके योगदान के लिए स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान विंग कमांडर एएस सेखों संभालेंगे।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद दो सांसद भी वोटिंग के पात्र

**नई दिल्ली।** आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा के कम से कम दो सांसद डाक मतपत्र के जरिए



वोट डालेंगे। यह चुनाव 9 सितंबर को होगा। केवल वे सांसद जो निरोधात्मक हिरासत में हैं, वे ही डाक मतपत्र से वोट दे सकते हैं। इनमें शेख अब्दुल राशिद (बारामूला) आतंकी फंडिंग में ट्रायल का सामना कर रहे हैं और तिहाड़ जेल में बंद है।

### स्कार्पियो के गुप्त चेंबर में मिले 4 करोड़ रुपए


**खैरागढ़।** शहर के इतवारी बाजार इलाके में पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान



एक स्कार्पियों में चार करोड़, चार लाख रुपए नकद मिले। तलाशी के दौरान वाहन के सीटों के नीचे बने एक गुप्त चेंबर से 4,04,50,000 रुपए (चार करोड़ चार लाख पचास हजार) नकद बरामद किया गया। इसकी जांच की जा रही है।

### पीएम ने जल जीवन मिशन पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जल जीवन मिशन के 6 वर्ष पूरे होने पर प्रसन्नता व्यक्त की



है। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल ग्रामीण भारत में जीवन स्तर में सुधार हुआ है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के परिणामों में भी उल्लेखनीय बदलाव आया है। योजना से महिलाओं को, देश की नारी शक्ति को लाभ हुआ है।

### कन्नड़ अभिनेता दर्शन कोर्ट में सरेंडर करें

**चेन्नई।** कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता दर्शन थूगुदीपा का नाम सनसनीखेज हत्या मामले



में चर्चा में है। जून 2024 में हुए रेनुकास्वामी मर्डर केस ने पूरे कर्नाटक को हिला दिया था, इस केस में दर्शन समेत कई लोगों पर गंभीर आरोप लगे। कर्नाटक हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में उन्हें जमानत दे दी थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर फैसला सुरक्षित रखा

# याचिका दायर करने वाले हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी यह समस्या अधिकारियों की लापरवाही व निष्क्रियता से बढ़ी

### नियम और कानून संसद से बनाए जाते हैं, लेकिन पालन नहीं होता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों से आवारा कुत्तों को पकड़ने के 11 अगस्त के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाले हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पूरी समस्या स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण है। नियमों का पालन न करने की वजह से समस्या इतनी बढ़ गई है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय अधिकारियों से पशु जन्म नियंत्रण नियमों के कार्यान्वयन पर उनका रुख पूछा। कोर्ट ने कहा कि पूरी समस्या नियमों के कार्यान्वयन में अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण है। नियम और कानून संसद की ओर से बनाए जाते हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया जाता। स्थानीय अधिकारी वह नहीं कर रहे हैं, जो उन्हें करना चाहिए। एक ओर इंसान पीड़ित हैं, तो दूसरी ओर जानवर भी पीड़ित हैं और पशु प्रेमी यहां मौजूद हैं।

*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुद्दा सुलझाने की जरूरत बताई*



### *इनकी वजह से ही यह दिक्कत, कोर्ट ने बताया 'दोषी'*

लावारिस कुत्तों की समस्या को लेकर सबसे बड़ी अदालत में जोरदार दलीलों का दौर चला। 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जिस आदेश में सभी लावारिस कुत्तों को शेल्टर में भेजने का आदेश दिया गया उस पर रोक की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय अधिकारियों से नाराजगी भी जाहिर की।

### दिल्ली सरकार की दलील- समाधान किया जाए

दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि रेबीज फैलाने वाले कुत्तों के काटने से बच्चों की



मौत हो रही है। आवारा कुत्तों के मुद्दे का समाधान किया जाना चाहिए, न कि इस पर विवाद किया जाना चाहिए। दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को बताया कि नसबंदी से रेबीज नहीं रुकता, भले ही आप उन्हें टीका लगा दें। इससे बच्चों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं नहीं रुकतीं। सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट के सामने एक आंकड़ा पेश किया, जिसमें कहा गया है कि 2024 में देश में कुत्तों के काटने के 37 लाख मामले सामने आए। इस दौरान रेबीज से 305 मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि बच्चे खुले में खेलने नहीं जा पा रहे हैं। कोर्ट को इसका समाधान ढूंढ़ना होगा। यह अल्पसंख्यकों का मुखर दृष्टिकोण है, जबकि बहुसंख्यक चुपचाप पीड़ित हैं।

### हम पूरा दिन नहीं बैठ सकते आपको दिक्कत क्या है?

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का विरोध करने वालों से पूछा कि उन्हें 11 अगस्त के आदेश के किस हिस्से से परेशानी है। कोर्ट ने साफ किया कि वह पूरा दिन इस मामले में नहीं दे सकता है।सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारडीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने नगर निगम को निर्देश दिए थे।

### सिब्बल ने की फैसले पर रोक की मांग



वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है। इस मामले पर गहराई से बहस करने की जरूरत है। सिब्बल ने 11 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित कुछ निर्देशों पर रोक लगाने की मांग की।

### सिंघवी ने भी फैसले का विरोध किया



वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने उस आदेश का भी विरोध किया, जिसमें अधिकारियों को आवारा कुत्तों को आश्रय गृहों में रखने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि कुत्तों के काटने की घटनाएं तो होती हैं, लेकिन भयावह स्थिति पैदा नहीं कर सकते।

## बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला

# ईसी हटाए गए 65 लाख वोटर्स का कारण सहित ब्योरा पेश करे



बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जारी विवाद पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी दलीलें रखीं। चुनाव आयोग ने दलीलों की शुरुआत करते हुए कोर्ट से कहा कि उसके पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्ति है। इस दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जिला स्तर पर मृत, पलायन कर चुके या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की सूची साझा करने पर सहमति जताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से 19 अगस्त तक मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की पहचान का खुलासा करने को कहा। कोर्ट ने 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी। वेबसाइट पर नाम अपलोड करें।

### 22 लाख वोटर मर गए तो लिस्ट देने में क्या परेशानी?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने लिस्ट का जो ड्राफ्ट फिलहाल तैयार किया है, उसके अनुसार 22 लाख लोगों की मौत हो गई है। यदि ऐसा है तो फिर उन लोगों की लिस्ट जारी करने में क्या परेशानी है। अदालत ने कहा कि यदि आप लिस्ट जारी कर देंगे तो फिर राजनीतिक दलों की ओर से जो नैरेटिव आपके इस अभियान को लेकर चलाया जा रहा है, वह ध्वस्त हो जाएगा।

### चुनाव आयोग का पलटवार

### 'वोट चोरी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करोड़ों मतदाताओं पर सीधा हमला

चुनाव आयोग ने फिर विपक्षी नेताओं के आरोपों पर पलटवार किया है। आयोग ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत तमाम नेताओं का नाम लिए बिना कहा कि बिना सबूत आरोप लगाने की बजाय लिखित में शिकायत दर्ज कराएं। एक व्यक्ति एक वोट' का कानून 1951-1952 में भारत के पहले चुनाव से ही अस्तित्व में है। इस तरह के आरोप सभी वोटरों पर हमला है।

**लाखों चुनाव कर्मचारियों की ईमानदारी पर भी हमला**

आयोग ने कहा कि 'वोट चोरी' जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल करके हमारे मतदाताओं के लिए एक झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश न केवल करोड़ों भारतीय मतदाताओं पर सीधा हमला है, बल्कि लाखों चुनाव कर्मचारियों की ईमानदारी पर भी हमला है।

### वाड्रा ने ईसी पर लगाए आरोप

### राहुल की मेहनत को समझें लोग, वरना...



राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों के बीच उनके बहनोई और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि लोगों को कांग्रेस नेता की मेहनत को समझना चाहिए, अन्यथा भाजपा 'गलत तरीके' से चुनाव जीतती रहेगी। वाड्रा ने हरियाणा के पंचकूला स्थित गुरुद्वारा नाडा साहिब में मत्था टेका और लंगर हॉल में स्वैच्छिक 'सेवा' की।

### मतदाता गहन पुनरीक्षण में आया सामने

### एक मुस्लिम के मकान में 24 हिंदू!

**सीवान।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के रामराज मोड़ में सर में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यह 105 विधानसभा क्षेत्र का मामला है। एक मुस्लिम परिवार के मकान संख्या 9 पर 24 हिंदू मतदाता के नाम हैं।

## पीएम ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कहा

# कांग्रेस ने देश को टुकड़ों में बांटकर मां भारती के स्वाभिमान को चोट पहुंचाई, हम एकता की भावना को सुदृढ़ करें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के माध्यम से देश के बंटवारे की त्रासदी को याद कर रहा है। यह हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान असंख्य लोगों द्वारा झेले गए दुख और पीड़ा को स्मरण करने का दिन है। यह दिन उनके साहस और आत्मबल को सम्मान देने का भी अवसर है। इन्होंने अकल्पनीय कष्ट सहने के बाद भी एक नई शुरुआत करने का साहस दिखाया। विभाजन से प्रभावित ज्यादातर लोगों ने न सिर्फ अपने जीवन को फिर से संवारा, बल्कि असाधारण उपलब्धियां भी हासिल की। हम सौहार्द्र और एकता की भावना को सुदृढ़ बनाए रखें।

### केंद्रीय मंत्रियों ने इसे इतिहास का काला दिन बताया, कांग्रेस को 'सुनाया'

### गृहमंत्री शाह ने साधा कांग्रेस पर निशाना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए लिखा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, देश



के विभाजन और उसकी त्रासदी के शिकार लोगों के दर्द को याद कर संवेदना व्यक्त करने का दिन है। इस दिन कांग्रेस ने देश को टुकड़ों में बांटकर मां भारती के स्वाभिमान को चोट पहुंचाई। विभाजन के कारण हिंसा, शोषण और अत्याचार हुए और करोड़ों लोगों ने विस्थापन झेला।

### गडकरी ने बताया काला अध्याय

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी विभाजन विभीषिका दिवस को याद करते हुए लिखा, धर्म के आधार पर हुआ देश का विभाजन भारतीय इतिहास का एक अमानवीय और काला अध्याय है। 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें देश के विभाजन के समय अपनी जिंदगी गंवानी पड़ी'। यह दर्दनाक इतिहास देश कभी नहीं भूलेगा।

### 10 लाख लोगों की मौत, 1.5 करोड़ बेघर

बंटवारे के समय में 1.5 करोड़ लोगों को विस्थापन का शिकार होना पड़ा। बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक दंगे हुए। करीब 10 लाख लोगों की जान गई। 50 हजार से अधिक महिलाओं की आबरू लुटी गई।

## कई राज्यों में मूसलाधार बारिश ने ढाया कहर

बाढ़, भूस्खलन से लोगों का जीना दुश्वार

# कालकाजी में पेड़ गिरने से हादसा एक की मौत, हर जगह लगा जाम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली और आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कई हिस्सों में गुरुवार तड़के भारी बारिश देखने को मिली। लाजपत नगर, आरकेपुरम, लोधी रोड और दिल्ली-हरियाणा सीमा सहित क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। कालकाजी में पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पेड़ की चपेट करने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुईं। पेड़ गिरने का सीसीटीवी भी सामने आया है। वहीं, हादसे के बाद आम आदमी पार्टी ने सीएम को पत्र लिखा है।

### भारी बारिश से हिमाचल में तबाही, 2 की मौत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट के बीच भारी बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। भारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हुआ है। शिमला शहर में 20 से ज्यादा पेड़ गिर गए हैं। राज्य में गुरुवार सुबह 10:00 बजे तक 396 सड़कें बंद रहीं। 1593 बिजली ट्रांसफार्मर व 178 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 173 सड़कें व 72 जल आपूर्ति स्कीमें प्रभावित हैं। शिमला, कुल्लू, कांगड़ा, सोलन, सिरमौर, हमीरपुर, मंडी, चंबा जिले में भी कई सड़कें ठप हैं। कोटखाई के खलटूनाला में भी कई गाड़ियां दब गई हैं। रामपुर के खोल्टी नाला के पास पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई है।

## जम्मू-कश्मीर को 'राज्य का दर्जा' पर शीर्ष कोर्ट में बहस

# पहलगाम का दिया हवाला, जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते, केंद्र जवाब दे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस दलील पर भी गौर किया कि फैसला लेने की प्रक्रिया में कई बातों पर विचार किया जाता है। पीठ ने जहूर अहमद भट और अहमद मलिक की ओर से दायर याचिका को 8 हफ्ते बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

### बंदी हाथियों को वापस करने की याचिका

### *वनतारा को पक्षकार बनाएं*



सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा में बंदी हाथियों को वापस करने के लिए एक निगरानी समिति गठित करने की मांग वाली याचिका को 'पूरी तरह से अस्पष्ट' करार दिया। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने याचिकाकर्ता, अधिवक्ता सीआर जया सुकिन से व्यक्तिगत रूप से कहा कि वे वनतारा को पक्षकार बनाए बिना ही उन पर आरोप लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि आप उन पक्षों के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं जिनका यहां प्रतिनिधित्व नहीं है। कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी।

## गडकरी ने बताया भारत के विश्वगुरु बनने का मूल मंत्र

# मेहनत की तो अमेरिका क्या पूरी दुनिया आपकी सुनेगी?

एजेंसी ▸▸ नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को भारत को महाशक्ति और विश्वगुरु बनाने की वकालत की। उन्होंने इसी के साथ युवाओं को एक मास्टर प्लान बताते हुए कहा कि अगर आप मेहनत करोगे तो दुनिया आपकी बात सुनेगी। गडकरी ने कहा कि अगर भारत हर क्षेत्र में मजबूत होगा तो दुनिया निश्चित रूप से उसकी बात सुनेगी।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नागपुर में राष्ट्र निर्माण समिति (सामाजिक संगठन) द्वारा आयोजित 'अखंड भारत संकल्प दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने भारत को महाशक्ति बनाने की वकालत की

### सशस्त्र बलों को सराहा, सभी के प्रयास से संकल्प होगा पूरा



मंत्री गडकरी ने भारत की विविधता में एकता की प्रशंसा की और देश के सशस्त्र बलों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, साथ ही 'आत्मनिर्भर' और 'विश्वगुरु' बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि ये सभी संकल्प प्रत्येक भारतीय के प्रयासों से पूरे होंगे।

### हमारे देश का विभाजन अप्राकृतिक

मंत्री ने कहा कि हम 'अखंड भारत संकल्प दिवस' को इसलिए याद करते हैं क्योंकि 1947 में इसी दिन देश दो हिस्सों भारत और पाकिस्तान में विभाजित हुआ था। हम सभी एक मिशन के रूप में स्वीकार करते हैं कि हमारे देश का विभाजन अप्राकृतिक था और एक दिन हमारा देश 'अखंड' (एकीकृत) हो जाएगा, यही संकल्प हम आज इस कार्यक्रम में लेते हैं।

### हमें हर क्षेत्र में मजबूती दिखानी होगी

गडकरी ने कहा कि अगर हमें हर क्षेत्र में मजबूती दिखानी होगी, तो निश्चित रूप से दुनिया हमारी बात सुनेगी। जो अर्थशास्त्र, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मजबूत हैं, जो कृषि और व्यापार में प्रगति कर रहे हैं और जिस देश के नागरिक देशभक्त और सुसंस्कृत हैं, वही देश विश्वगुरु बन सकता है। गडकरी ने 'अखंड भारत' के विचार को जगाने के लिए राष्ट्र निर्माण समिति की प्रशंसा की। सड़क दुर्घटनाओं पर भी चिंता जताई और सुरक्षा नियमों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करने के महत्व पर जोर दिया।

स्वतंत्रता दिवस का जश्न

# 15 अगस्त को भारत के अलावा 5 देश भी मनाते हैं आजादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल 15 अगस्त को भारत अपने स्वतंत्रता दिवस का जश्न बड़े गर्व और उत्साह के साथ मनाता है। यह दिन देशवासियों के लिए आजादी की अमूल्य सौगात और संघर्ष की याद दिलाता है। इस वर्ष हमारा देश अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। लेकिन सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के 5 अन्य देश भी इसी दिन अपनी स्वतंत्रता का उत्सव मनाते हैं। ये देश अलग-अलग समय पर, अलग-अलग इतिहास के साथ इस दिन आजादी के महत्व को सेलिब्रेट करते हैं।

## दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया

*दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया को 79 साल पहले जापानी कॉलोनाइजेशन से 15 अगस्त 1945 में मुक्ति मिली थी। जापान से आज़ादी मिलने के तीन साल बाद उत्तरी और दक्षिण कोरिया में स्वतंत्र कोरियाई सरकारें बनीं। दोनों देश इस साल अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं।*

### दक्षिण कोरिया, 'प्रकाश की वापसी' का प्रतीक



दक्षिण कोरिया में 15 अगस्त को राष्ट्रीय मुक्ति दिवस यानी 'ग्वांगबोकजोल' के रूप में मनाया जाता है। जापान के 35 वर्षों के कब्जे से मुक्ति पाने के बाद यह दिन कोरिया के लिए नई रोशनी की शुरुआत है।





### उत्तर कोरिया, 'पितृभूमि की मुक्ति' का उत्सव

उत्तर कोरिया में 15 अगस्त को 'चोगुकहेबांगुई नाल' यानी 'पितृभूमि की मुक्ति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। दक्षिण और उत्तर कोरिया दोनों इस दिन को सार्वजनिक अवकाश के रूप में रखते हैं और विशेष अवसरों पर किम इल सुंग स्क्वायर में सैन्य परेड आयोजित की जाती है।



### बहरीन, ब्रिटिश शासन से आजादी

बहरीन को ब्रिटिश सरकार से 14 अगस्त 1971 को आजादी मिली थी। बहरीन के निवासियों ने ब्रिटिश सरकार द्वारा दिया गया आजादी दिवस मनाने से मना कर दिया और देश के पूर्व अमीर ईसा बिन सलमान अल खलीफा के राजतिलक के दिन 16 दिसंबर को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया गया।

### भारत का स्वतंत्रता दिवस, ब्रिटिश राज से मुक्ति की गाथा

15 अगस्त 1947 को भारत ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मुक्ति पाई। विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन अपनी उपनिवेशवादी शक्तियों को बनाए रखने में असमर्थ रहा, जिसके कारण कई देशों ने आजादी हासिल की। भारत की आजादी संघर्ष, बलिदान और अहिंसा की मिसाल है, जिसे हर साल 15 अगस्त को पूरे देश में बड़े उत्साह से मनाया जाता है।





### कांगो-ब्राजाविल, फ्रांसीसी शासन से मुक्ति

रिपब्लिक ऑफ कांगो मध्य अफ्रीकी देश है। कांगो गणराज्य ने 15 अगस्त 1960 को फ्रांसीसी उपनिवेशवाद से स्वतंत्रता पाई। इसे पूर्व में फ्रेंच कांगो कहा जाता था। इस दिन देश में कई औपचारिक समारोह आयोजित होते हैं, जो स्वतंत्रता की खुशी में शामिल होते हैं। इस प्रकार कांगो अपना 66वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है।

### लिकटेंस्टीन, जर्मन शासन से पहले मुक्ति

*दुनिया के छठे सबसे छोटे देश लिकटेंस्टाइन 15 अगस्त 1866 को अपनी आजादी का दिन मनाता है। इस देश को जर्मनी से स्वतंत्रता मिली थी। यह दिन लिकटेंस्टीन के वर्तमान राजकुमार का जन्मदिन भी है। 1940 से लिकटेंस्टीन में इस दिन को पारंपरिक समारोह के साथ राष्ट्रीय दिवस घोषित किया। तब से अब तक यहां 15 अगस्त को पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।*

---

## खबर संक्षेप

### कुवैत में जहरीली शराब से 13 लोगों की मौत

**कुवैत सिटी।** कुवैत में स्थानीय स्तर पर बनाई गई शराब से 13 लोगों की मौत हो गई है। गृह मंत्रालय के



अनुसार, मरने वालों में ज़्यादातर निर्माण कामगार थे, जिन्होंने पिछले हफ्ते यह शराब पी थी। पिछले रविवार (10 अगस्त) को यह मामला सामने आया, जब कई प्रवासी गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाए गए। इलाज के दौरान 13 लोगों की मौत हो चुकी है इनमें से 10 भारतीय और 2 नेपाली बताए गए हैं।

### ब्राजील अधिकारियों के यूएस ने वीजा रद्द किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ब्राजील के कई सरकारी अधिकारियों के वीजा रद्द कर दिए हैं तथा उन पर





वीजा प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि क्यूबा सरकार की श्रम निर्यात योजना में मिलीभगत के कारण कई ब्राज़ीलियाई सरकारी अधिकारियों, पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन के पूर्व अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों के वीजा रद्द करने और वीजा प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठाए हैं।

---

'सैनिकों के नाम' रक्षा मंत्री का संदेश

## ऑपरेशन सिंदूर रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित किया है कि भारत अब विदेशी तकनीक पर निर्भर नहीं है। यह ऑपरेशन युद्ध की नई कला, तकनीकी प्रगति और रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। ये बातें राजनाथ सिंह 79 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सैनिकों के नाम संदेश में कहीं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में चल रहे असंयमित युद्ध के बीच ऑपरेशन सिंदूर एक संतुलित सैन्य प्रतिक्रिया के रूप में उभरा है।



उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने ड्रोन युद्ध, बहुस्तरीय वायु रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और नेटवर्क-केंद्रित संचालन जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

### आतंकवाद का विनाश सुनिश्चित

राजनाथ सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की कार्रवाईयों को सटीक, सफल सैन्य रणनीति का एक शानदार उदाहरण और एक नए दृष्टिकोण, तकनीकी प्रगति तथा आत्मनिर्भरता की झलक के रूप में प्रस्तुत किया। आतंकवाद की जड़ें चाहे कितनी भी गहरी हों, उसका विनाश सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सहिष्णु राष्ट्र है, लेकिन जब बात अपनी सुरक्षा और सम्मान की आती है, तो पूरा देश एकजुट है और हर चुनौती का साहसपूर्वक सामना करता है। उन्होंने कहा कि भारत अब पारंपरिक सीमाओं से बंधा नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक, सटीक खुफिया जानकारी और रणनीतियों का उपयोग करता है।

### दुश्मन के क्षेत्र में छिपे आतंकी ढांचे को नष्ट किया

पीएम नरेंद्र मोदी का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रमाण है, बल्कि रक्षा क्षेत्र में देश की तेजी से बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। इस ऑपरेशन ने भारत की सैन्य आत्मनिर्भरता को और भी ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की संतुलित रणनीति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने न तो नियंत्रण रेखा पार की और न ही अंतरराष्ट्रीय सीमा का उल्लंघन किया, फिर भी दुश्मन के क्षेत्र में छिपे आतंकी ढांचे को करारा झटका देने में कामयाब रहे।

---

दक्षिण अफ्रीका में होगी जल निवेश परिषद की बैठक

## पीएम मोदी को राष्ट्रपति रामाफोसा ने दिया न्योता, वैश्विक नेताओं से होगी मुलाकात

*सुरक्षित जल सुनिश्चित करने जी-20 की पहल*

सम्मेलन का उद्देश्य जल को उच्चतम वैश्विक राजनीतिक और वित्तीय एजेंडे में शामिल करना है, जिसमें जी20, कॉप30 और 2026 के संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन तक इसे प्राथमिकता देना शामिल है। सम्मेलन में एक घोषणा-पत्र भी पारित होगा, जिसमें जल क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, सुशासन को मजबूत करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने का संकल्प होगा

एजेंसी ▶▶ केप टाउन


दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने पीएम नरेंद्र मोदी और कई अन्य शीर्ष विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए जल निवेश पर एक नई वैश्विक पहल की शुरुआत की है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और अन्य विश्व नेताओं को जल निवेश पर वैश्विक दृष्टिकोण परिषद के परिषद सदस्य के रूप में आमंत्रित किया, जो सभी के लिए सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए जी-20 की एक पहल है।

रामाफोसा ने केप टाउन में अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल निवेश अब जलवायु और वित्तीय चर्चाओं में उपेक्षित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे केंद्र में लाना होगा।

यह पहल जी20 के तहत शुरू किए गए ग्लोबल आउटलुक काउंसिल ऑन वाटर इन्वेस्टमेंट्स का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सभी के लिए सुरक्षित जल सुनिश्चित करना है।

**खास बातें**

- जल निवेश को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर
- आर्थिक बदलाव का साधन बन सकता है जल





फाइल फोटो

### वित्तीय एजेंडे में जल का स्थान

*सम्मेलन का उद्देश्य जल को उच्चतम वैश्विक राजनीतिक और वित्तीय एजेंडे में शामिल करना है, जिसमें जी20, कॉप30 और 2026 के संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन तक इसे प्राथमिकता देना शामिल है। सम्मेलन में एक घोषणा-पत्र भी पारित होगा।*

### विश्व नेताओं की होगी भागीदारी

*रामाफोसा ने परिषद के सदस्यों में पीएम मोदी के साथ ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबाउम, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर के नाम घोषित किए। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और अफ्रीकी देशों के कई नेता भी इसमें शामिल हैं।*

रामाफोसा बोले

### जल को विकास का साधन बनाना

रामाफोसा ने जोर देकर कहा कि जल को मानवाधिकार के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए और इसे किसी भी समुदाय, महिला या बच्चों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम एकजुट होकर काम करें तो जल केवल जीवन का साधन ही नहीं, बल्कि आर्थिक बदलाव, नवाचार और शांति का माध्यम भी बन सकता है।

### जल निवेश को केंद्र में लाने की पहल

*रामाफोसा ने केप टाउन में अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह परिषद अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम को वैश्विक स्तर पर विस्तार देगी। उन्होंने कहा कि जल निवेश को न सिर्फ प्राथमिकता दी जाए, बल्कि इसे ट्रैक किया जाए और वित्तपोषित किया जाए। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य जी20, संयुक्त राष्ट्र, बहुपक्षीय विकास बैंकों और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर जल निवेश की प्रगति को ट्रैक करना और वार्षिक रिपोर्ट जारी करना है।*

---

विदेश में रहकर भारत में कई वारदातों को दिया था अंजाम

## लॉरेंस गिरोह का सदस्य रणदीप यूएस में गिरफ्तार

*एफबीआई जैक्सन पैरिश करेक्शनल सेंटर में कर रही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित 'कैप्स कैफे' पर दो बार फायरिंग केस में अब इंटरपोल की एंट्री हो गई है। अमेरिका में इस केस में छानबीन करते हुए फेडरल ब्यूरो इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक को उसके घर से पकड़ा। रणदीप हरियाणा के जींद का रहने वाला है। रणदीप विदेश में रहकर लॉरेंस के कहने भारत में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। रणदीप लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

### सिग्नल एप के जरिए देता था निर्देश



*एफबीआई ने उसकी गिरफ्तारी की जानकारी भारतीय एजेंसियों के साथ साझा की है। फिलहाल उसे अमेरिका के जैक्सन पैरिश करेक्शनल सेंटर में रखा गया है। बता दें एनआईए भी रणदीप मलिक की तलाश में थी। जांच में सामने आया कि रणदीप ने सिग्नल एप के जरिए विनय और अजीत नामक शूटरों को निर्देश दिए थे और बमों का इंतजाम किया था।*

### नादिर शाह हत्याकांड का आरोपी

रणदीप मलिक दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-1 में 12 सितंबर 2024 को हुए जिम मालिक नादिर शाह के मर्डर का भी आरोपी है। 26 नवंबर 2024 को बॉलीवुड सिंगर बादशाह के सिविल बार एंड लाउंज और डी ऑरा क्लब के बाहर धमाके और 10 दिसंबर को गुरुग्राम के ह्यूमन क्लब के बाहर भी इसी ने धमाके किए थे।

---

अमेरिका की फिर से गीदड़भभकी


## अलास्का बैठक फेल, तो भारत पर बढ़ाएंगे टैरिफ

ट्रंप और पुतिन की बैठक आज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने एक बार फिर भारत को टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। अमेरिका ने कहा है कि अगर यूक्रेन में युद्धविराम पर डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सहमति नहीं बनती है तो हम भारत पर शुल्क बढ़ा देंगे।

बता दें, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार, 15 अगस्त को बैठक होनी है। इससे यूक्रेन में तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध के रुकने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर सेकेंडरी टैरिफ बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि टैरिफ पर फैसला शुक्रवार को अलास्का में ट्रंप और पुतिन के बीच होने वाली बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगा। बेसेंट ने कहा कि हमने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर सेकेंडरी टैरिफ लगाया है। मुझे लगता है कि अगर हालात ठीक नहीं रहे तो प्रतिबंध या टैरिफ और ज्यादा बढ़ सकते हैं।



---

भारत-फ्रांस गहरे समुद्र मिशन में मिली कामयाबी

## भारतीय गोताखोर ने पांच हजार मीटर गहराई में गोता लगाकर बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश ने भारत-फ्रांस महासागर मिशन में पांच हजार मीटर गहराई में गोता लगाने का कीर्तिमान हासिल किया। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने गुरुवार को अटलांटिक महासागर में फ्रांसीसी पनडुब्बी नॉटाइल पर सवार भारतीय गोताखोर द्वारा पांच हजार मीटर गहराई में गोता लगाने की घोषणा की। यह समुद्र अन्वेषण कार्यक्रम की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह गहरे समुद्र मिशन के तहत भारत-फ्रांस सहयोग का हिस्सा था।

### एनआईओटी का मिला सहयोग



*डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह मिशन चेन्नई के राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) के सहयोग से पूरा किया गया और इससे भविष्य के गहरे समुद्री अभियानों का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। इसमें हिंद महासागर में अत्यधिक गहराई पर पहला मानवयुक्त अवतरण भी शामिल है।*

### पहला स्वदेशी समुद्रयान

समुद्रयान परियोजना के तहत देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित गहरे समुद्र में मानव निर्मित पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' को गहरे समुद्र में अन्वेषण, संसाधन मूल्यांकन और जैव विविधता अध्ययन के लिए छह हजार मीटर तक की गहराई तक पहुंचने के लिए डिजाइन किया गया है।

---

आईआईआरएस ने पहले ही उत्तरकाशी की आपदा का कर दिया था खुलासा

## हर्षिल-धराली में प्रति सेकंड 50 से 60 लाख लीटर पानी ने बरपाया कहर

एजेंसी ▶▶ देहरादून

हर्षिल और धराली में 24 घंटे की भारी बारिश कितना कहर बरपा सकती है, उसकी भविष्यवाणी सेटेलाइट अध्ययन के माध्यम से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस) ने पहले ही कर दी थी। इस हिसाब से 24 घंटे की बारिश के बाद धराली और हर्षिल में प्रति सेकेंड 50 से 60 लाख लीटर पानी आया, जो अपने साथ मलबा लाया। सेटेलाइट तकनीक का उपयोग करके उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं का समय से पहले आकलन, निगरानी और रोकथाम के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तहत आईआईआरएस के बीच समझौता हुआ था।

**पानी का बहाव और बाढ़ की गहराई का सिमुलेशन किया**



### संभावित खतरे से कर रहे आगाह

*आईआईआरएस सेटेलाइट सिस्टम से ग्लेशियर, ग्लेशियर-झीलें, मलबा बहाव, हिमस्खलन और भूस्खलन की निगरानी कर रहा है। इनके आसपास के क्षेत्रों पर संभावित खतरे का आकलन और समय पर जानकारी यूएसडीएमए समेत जिम्मेदार विभागों को दे रहा है ताकि जान-माल का नुकसान कम किया जा सके।*

### फ्लड मैप और पानी भराव का नक्शा तैयार किया

*वैज्ञानिकों ने भारी बारिश के समय संभावित बाढ़ का अनुमान लगाने के लिए फ्लड मैप और पानी भराव का नक्शा तैयार किया। भागीरथी घाटी में 24 घंटे की बारिश की स्थितियों के लिए पानी का बहाव और बाढ़ की गहराई का सिमुलेशन किया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि 24 घंटे में अगर 200 मिमी बारिश होगी तो 8000 क्यूमेक्स यानी करीब 80 लाख लीटर प्रति सेकेंड पानी नीचे आएगा। पांच अगस्त को धराली, हर्षिल के ऊपरी क्षेत्रों में करीब 150 मिमी बारिश के हिसाब से स्पष्ट हो रहा है कि प्रति सेकेंड 60 लाख लीटर पानी धराली की खीरगंगा और हर्षिल में आया है, जो अपने साथ भारी मात्रा में पहले से जमा मलबा भी लाया है।*

### सेटेलाइट से नक्शे और खतरा जोन तैयार किए

वैज्ञानिकों ने ऊपरी मंदाकिनी, भागीरथी और अलकनंदा बेसिन में सेटेलाइट से नक्शे और खतरा जोन तैयार किए हैं। इसमें बताया गया है कि 2020 से 2023 के बीच इन क्षेत्रों में ग्लेशियर तेजी से घट रहे हैं। भागीरथी का ग्लेशियर 0.22% प्रति वर्ष, मंदाकिनी का 0.7% प्रति वर्ष और ऋषिगंगा का 0.11% प्रति वर्ष सिकुड़ रहा है। उन्होंने मानसून से पहले और बाद दोनों मौसम में हिमनदी झीलों का आकार मापा, जो लगातार बढ़ रहा है।

**लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई हो**

*वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र जुगरान ने आईआईआरएस से सचेत करने के बावजूद कार्रवाई न करने के मामले की जांच करने की मांग सीएम पुष्कर सिंह धामी से की है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभी दोषी अधिकारियों को तत्काल चिन्हित किया जाए।*

---

इटली के लैम्पेडुसा तट के पास बड़ा हादसा

## अधिक भीड़ से नाव पलटी, 27 प्रवासियों की मौत, 35 लापता

एजेंसी ▶▶ लैम्पेडुसा

इटली के लैम्पेडुसा द्वीप के पास गुरुवार को एक नाव हादसे में 27 प्रवासियों और शरणार्थियों की मौत हो गई। हादसा भूमध्य सागर मार्ग पर हुआ। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी (यूएनएचसीआर) एजेंसी ने यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांदी ने लैम्पेडुसा के पास एक दर्दनाक नाव हादसे में 27 लोगों की मौत हुई है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन कार्यालय (आईएमओ) के प्रवक्ता फ्लाविदो डी जियाकोमो ने इस हादसे की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि करीब 95 लोग लीबिया से दो नावों से रवाना हुए थे। इनमें से एक नाव में पानी भरने लगा, जिसके बाद सभी लोग दूसरी नाव में सवार हो गए। जो अधिक भीड़ के कारण पलट गई। अब तक 60 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन करीब 35 लोग अब भी लापता हैं या मारे गए हैं।




स्वतंत्रता दिवस
पर विशेषांक
मां तुझे सलाम



St. Joseph's Co-ed School
E-6, Arera Colony, Bhopal
Happy Independence Day
15 AUGUST 2025
Let's feel proud to be a part of
our glorious nation...


Since 1972
SABDHANI
COACHING INSTITUTE
BANK | SSC | RAILWAY | VYAPAM
INSURANCE | POLICE | PSC | OTHER
BRANCHES
GOVINDPURA
P&T CHOURAHA
LALGHATI
GULMOHAR
M.P. NAGAR
Director
Anand Sabdhani
Follow us on : Sabdhani Coaching
0755-2665306, 4228306, 9826393891


BHOPAL ACADEMY
CO-ED HIGHER SECONDARY SCHOOL
ESTD. -1995
Admission Open
2025-26
"A Perfect System For
Complete School Education"
PRE NURSERY TO STD 12th
HAPPY
INDEPENDENCE
DAY 15 AUGUST
BHOPAL ACADEMY CO-ED HIGHER SECONDARY SCHOOL
(RUN BY : SHIV DEEP SHIKSHA AVAM SAMAJ KALYAN SAMITI)
Naveen Nagar, 80 Feet Road, Near Bhopal Railway Station, Bhopal-462010, Phone : 0755-4255599


सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
Cent e-Trade
दुनिया में कहीं भी धन भेजें
SEND MONEY WORLDWIDE
हमारे साथ अपना जीवन आसान बनाएं
Make your life easier through us
At Central Bank of India, we make Global Money transfer simple.
Whether you're managing business transactions or meeting
personal commitments, our fast and secure Forex remittance
service ensures that Global Money reaches your home quickly.
आपकी सुविधा के लिए ग्राहक पोर्टल का आनंद लें
Enjoy an exclusive customer portal designed to enhance your convenience and delight
Follow us on:
www.centralbankofindia.co.in | Toll free no.: 1800 3030


On this Independence Day, UCO Bank pays heartfelt tribute to the countless heroes whose sacrifices gifted us the precious treasure of freedom. Let us move forward together, inspired by our history and driven by our vision for tomorrow.
Happy Independence Day
यूको बैंक UCO BANK


Sayaji Caire
Happy
INDEPENDENCE DAY
BECAUSE FREEDOM ALSO MEANS NEVER SETTLING
FOR LESS THAN DELICIOUS
SPREAD ACROSS M.P. IN 10+ CITIES
BHOPAL, INDORE, UJJAIN, GWALIOR, VIDISHA, ASHTA, REWA, CHHATARPUR, SAGAR & JABALPUR


साँची
Sanchi
शुद्धता का संकल्प
15 August
Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस पर मिष्ठान वितरण हेतु खुली मिठाई
के स्थान पर साँची मिठाईयों का उपयोग करें
खाद्य सुरक्षा
एवं मानक
अधिनियम
FSSAI से A+
श्रेणी प्राप्त
भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल

## जैकेट एक का शेष...

### कोलार से निकली...

ही माहौल बना हुआ है। ऐसा लग रहा है कि मानो पूरा भोपाल ही रामेश्वर की तिरंगा यात्रा में उमड़ आया हो। यह तिरंगा यात्रा नया रिकॉर्ड बना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष, विधायक खुली जीप में सवार होकर हाथों में तिरंगा थामे हुए रहे।

### बड़ी झील कश्मीर की...

कर रहे थे। उन्होंने झंडी दिखाकर जल तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़ी संख्या में तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। एशियाई और ओलंपिक गेम्स में उपयोग में आने वाली बोट्स में सवार वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी अनुशासन और गरिमा के साथ तिरंगा लेकर बड़े तालाब में आगे बढ़े, क्षेत्र का नभ-जल और धरा तिरंगामय हो गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय और रविंद्र यति उपस्थित थे।

### देशभक्ति के रंग ...

यात्रा पूरी की। इस दौरान, उन्होंने तिरंगा लहराते हुए अपनी देशभक्ति का परिचय दिया। नागरिक अपने-अपने हाथ में तिरंगा लेकर नर्मदा की लहरों के बीच उतर गए। सबने एक स्वर में नर्मदे हर और भारत माता की जय का उद्घोष किया।


# मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

## निजी वाहन किराये से लेने हेतु विज्ञप्ति

अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मण्डल के वृत्त कार्यालय हेतु वाहन चालक सहित मासिक किराये की निम्नलिखित अधिकारियों को उपलब्ध कराये जाने हेतु वाहन मालिक/पंजीकृत ट्रेवल एजेंट से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | अधिकारी का पद | वाहन का प्रकार | वाहन का मॉडल | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु./जी.एस.टी. सहित) | धरोहर राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र क्रय एवं धरोहर राशि जमा करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन यंत्री, संभाग-5 भोपाल | बोलेरो-नियो/हॉण्डई, वेन्यु/ महिन्द्रा TUV-300/किया सोनेट/ Kia Carens या समकक्ष वाहन। | नवीन पंजीकृत वाहन | रु. 1,000/- | रु. 30,000/- | 25.08.2025 | 26.08.2025 |

**अन्य नियम एवं शर्तें** :- (1) वाहन का पंजीयन टैक्सी परमिट का होना आवश्यक है। (2) धरोहर राशि डी.डी. के रूप में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जो कि कार्यपालन यंत्री, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-05, भोपाल के पक्ष में प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा निविदा प्रपत्र भी कार्यपालन यंत्री, कार्यालय से प्राप्त किये जायेंगे। (3) निर्धारित तिथि को उपस्थित वाहन मालिक के समक्ष निविदा खोली जायेगी। (4) वाहन का पंजीयन/बीमा आदि समस्त दस्तावेज निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (5) किसी भी विवाद की स्थिति में मण्डल का निर्णय मान्य होगा। (6) निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

Visit us : mphousing.in
/mphidb
/mphidb
म.प्र. माध्यम/121586/2025

कार्यपालन यंत्री
संभाग-5, भोपाल


## जैकेट दो का शेष...

### फिर...आसमान से ....

पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मृतकों की संख्या बढ़ती गई और आशंका है कि यह और बढ़ सकती है।

### अपनी बयानबाजी पर ...

को भारतीय विदेश मंत्रालय ने विफलताओं से ध्यान भटकाने की जानी-पहचानी कार्यप्रणाली का हिस्सा बताया। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध जारी लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों के बारे में रिपोर्ट देखी हैं। पाकिस्तान द्वारा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी नेतृत्व की सर्वविदित कार्यप्रणाली है।

### गीदड़भभकी देने से ...

और पाकिस्तान को अपने अस्तित्व पर किसी प्रकार का खतरा दिखता है, तो वह अपने साथ आधी दुनिया को भी ले डूबेंगे। केवल मुनीर ही नहीं, हाल में ही पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने भी इस प्रकार के बयान दिए। पाकिस्तान के पीएम ने कहा कि दुश्मन को बता देना चाहता हूं कि अगर वह पानी रोकने की धमकी देता है, याद रखे पाकिस्तान का एक भी बूंद पानी छीना नहीं जा सकता है।

### यूएन में पीएम...

और मजबूत होगी। वहीं, डॉलर को लेकर प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस मुद्दे पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। डॉलर-विमुद्रीकरण भारत के वित्तीय एजेंडे का हिस्सा नहीं है।

### राज्य सरकार द्वारा ...

आधार पर है या कर्मचारियों की संख्या के आधार पर। कोर्ट ने सरकार को यह स्पष्ट करने को कहा है। भोपाल निवासी मध्य क्षेत्र विवि कंपनी के कर्मी समीर कुमार शर्मा व अन्य 17 की ओर से याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं द्वारा 2025 के प्रमोशन में आरक्षण संबंधी नियमों को चुनौती दी गई है। उन्होंने तर्क दिया कि 2002 के नियमों को हाईकोर्ट द्वारा आर. बी. राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश दिया है और याचिकाएं लंबित है।

### बीएसएफ के 16 और...

साहस और बेजोड़ वीरता का यह उचित ही प्रतिफल है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक, ऐसे पांच पदक बीएसएफ कार्मिकों को मिलेंगे। उत्कृष्ट सेवा के लिए पदक 46 बीएसएफ अधिकारियों और कर्मियों को प्रदान किए जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एसआई व्यास देव और कांस्टेबल सुद्दी राभा को जम्मू क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 7वीं बटालियन बीएसएफ की अग्रिम चौकियों पर तैनात किया गया था। अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक कमांडेंट, हेड कांस्टेबल बृजमोहन सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र बाजपेयी, राजन कुमार, बसवराज शिवप्पा सुंकडा और कांस्टेबल देपेश्वर बर्मन को जम्मू क्षेत्र के खारकोला की अति संवेदनशील सीमा चौकी पर तैनात किया गया था।

### मप्र में चार पुलिस...

पदक नहीं मिल पाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सराहनीय सेवा और विशिष्ट सेवा पदक के लिए चुने गए अफसरों के वे ही पदनाम सूची में लिखे हैं, जो प्रस्ताव भेजते समय थे। पदक पाने वाले अफसरों में छह आईपीएस, छह एसपीएस और नौ पुलिस मुख्यालय से संबद्ध निरीक्षक, एसआई, एएसआई, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हैं।

### आज इन्हें मिलेगा...

स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा।


# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal
Ph. No. 0755-2701669

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT NO. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 08/T.Sec./EE/WW.D/2025-26 First call | 2025_UAD_444386_2 | Construction of Drain Naala from Akashwani Tiraha to Jawahar Lal Nehru collage under Zone No. 05. | 11,31,368.00 | 8,485.00 | 12.09.2025 |

T.N. 2073/025/026

Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal



# मध्यप्रदेश शासन
## लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमाक-1
## शेड क-7 जवाहरचौक भोपाल

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-47, 48/2025-26** **दिनांक-11.08.2025**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु मोहरबंद निविदाएं प्रपत्र 2.10 में आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र में दर्शाए गए कार्यालय में निविदाए स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि रू. | 1.ठेके की अनुमानित राशि रू. 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दि. | 1.निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय | 1.निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.- |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोनिवि केन्द्रीय भण्डार उपसंभाग भोपाल के अन्तर्गत सभी मंत्री बंगलों हेतु सिंथेटिक कारपेट, फर्नीचर आयटम एवं ब्लैकेट्स सफाई एवं धुलाई का कार्य। | रू 2000/- | 1.8,41,500/-(रू.आठ लाख इकतालीस हजार पांच सौ) मात्र 2. 16830/- | 1. 20.08.2025 सायं 5:30 तक | 1.27.08.2025 2.कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.संधारण संभाग क्र.-भोपाल | 1.28.08.2025 2.कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.संधारण संभाग क्र.-भोपाल | 1.06 माह 2. केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली 3.प्रथम आमंत्रण |
| 2 | लोनिवि केन्द्रीय भण्डार उपसंभाग भोपाल के अन्तर्गत सभी मंत्री बंगलों हेतु लिनन आयटम सफाई एंव धुलाई का कार्य। | रू 2000/- | 1.8,00,600/-(रू.आठ लाख छः सौ) मात्र 2. 16012/- | 1. 20.08.2025 सायं 5:00 तक | 1.27.08.2025 2.कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्र.-1 भोपाल | 1.28.08.2025 2.कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्र.-1 भोपाल | 1.06 माह 2. केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली 3.प्रथम आमंत्रण |

टीपः-
1.कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1 भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है।
2.निविदा प्रपत्र कय के लिए निम्न लिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जावेगा।2.
(i) उचित श्रेणी में पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी डीड एवं पावर ऑफ अटार्नी की प्रति।
(ii) पैन कार्ड, जी.एस.टी. पंजीयन नं, की छायाप्रति ।
(iii) नो रिलेशनशिप प्रमाण पत्र।

जी -17229/25 स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र-1
भोपाल फोन-0755-2777485



# कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल

Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in
क्रमांक 1067/ तक / का.यं. / लो.स्वा./मैके. खण्ड/भोपाल/2025/दिनांक 11/08/2025
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/2025-26 दिनांक 06.08.2025 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_442674_1 दिनांक 06.08.2025

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत मैकेनिकल उपखण्ड हरदा की बी. ई. सी. (एन.) 22 विभागीय रिंग मशीन के विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 27.08.2025 सायं 17.00 बजे बजे तक अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठित फर्म जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव प्राप्त हो, से फार्म-C पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि की पावती, अधिकृत विक्रेता के पंजीयन का प्रमाण-पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 28.08.2025 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपए 7,16,198.00/- (रुपए सात लाख सोलह हजार एक सौ अनव्यानवे) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपए 14,324.00/- (रू. चौदह हजार तीन सौ चौबीस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रुपए 2000/-ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट / संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का. मूल्य (रू.) | टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अन्तर्गत मैकेनिकल उपखण्ड हरदा की बी. ई. सी. (एन.) 22 विभागीय रिंग मशीन के विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय | 7,16,198.00 | 14,324.00 | 2,000.00 | 27.08.2025 सांय 17:15 तक | 28.08.2025 17:15 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_442674_1 दिनांक 06.08.2025 पर उपलब्ध है।

जी - 17221/25 स्वच्छता ही सेवा है

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां.वि.मैके.
खण्ड भोपाल



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

**JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE**
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION*
College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल








**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## पेज एक का शेष...

### रजत-कमल पुष्प...

पूजन से आरंभ होगा। तदोपरान्त 1008 कमल-पुष्पों से ठाकुरजी का सहस्त्रार्चन करते हुऐ आव्हान किया जाएगा। रात्रि 12 बजे भगवान के प्राकट्य के साथ संपूर्ण मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़े, झांझ-मंजीरे, मृदंग एक साथ बज उठेंगे।

### *भगवान के जन्म की ...*

*पावन बेला में मंगल ध्वनि के लिए महाकाल की नगरी से डमरू और मृदंग के सिद्धहस्त-विशिष्ट वादक भी अपना प्रदर्शन करेंगे।*

### सीएमः अवैध और गैर...

जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतराष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में मप्र पुलिस की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि समाज की व्यवस्थाओं में पुलिस की अहम भूमिका है। डायल 112 के शुभारंभ के लिए मध्यप्रदेश पुलिस बधाई की पात्र है। डायल 112 पुलिस की तत्परता बढ़ाने की नई पहल है यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा।

### *डायल 112 देश के ...*

*और नवाचारों के आधार पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस को पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। संबोधन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर डॉयल 112 वाहन का लोकार्पण किया और झंडी दिखाई।*

### वार्षिक फास्टैग के...

और क्षेत्रीय अधिकारियों योजना से संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अपने सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव करें, जिससे फास्टैग पास वाले वाहन चालकों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### अभिनेत्री शिल्पा...

पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने इस सिलसिले में शिल्पा, राज और एक अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कारोबारी दीपक कोठारी का दावा है कि यह रकम बिजनेस बढ़ाने के नाम पर ली गई, मगर इसका इस्तेमाल निजी खर्चों के लिए किया गया। पुलिस के मुताबिक, यह शिकायत जुहू पुलिस स्टेशन में पहले दर्ज की गई थी। जहां धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ी धाराओं के तहत मामला लिखा गया। चूंकि रकम 10 करोड़ रुपए से ज्यादा थी, इसलिए अब इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई है।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन :सम्पर्क हो सकता है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## *शब्द पहेली - 5959*



**बाएँ से दाए**
1.असभ्यता, मूर्खता-4
3.निर्भय, बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा, शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता, गुलामी-5
14.दानव, दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई, छाया-2
19.आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल, वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा, सूजी-2
30.गुलिस्तां, बाग-3
31.एक ग्रह, शनिश्चर-2
32.दबाना, कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा, अनोखा-3
4.लक्ष्मी, कमला-2
5.खीजना, रोना-4
6.एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष, होशियार-3
10.जमीकंद, एक सब्जी-3
12.धैर्य, संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा, तला-2
21.पुत्र, बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर, बाण-2

### *शब्द पहेली - 5958 का हल*



## सूडोकू नवताल - 5969

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकू नवताल - 5968 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश के टैक्सटाइल क्षेत्र को मिलेगी नई ऊंचाइयां

# प्रधानमंत्री मोदी के 'फाइव एफ' विजन से मप्र परिधान व वस्त्र उद्योग का बनेगा वैश्विक केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के 5 एफ विजन को ध्यान में रखते हुए मप्र परिधान और वस्त्र उद्योग में 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन' की समूची वैल्यू चेन को एकजुट कर वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश के धार जिले में स्थापित होने वाले पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश में टैक्सलाइल क्षेत्र को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। टैक्सटाइल्स एवं गारमेंट सेक्टर से महिला, युवा एवं गरीब वर्गों का सशक्तिकरण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में बीएसएल के अंतराष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ राउंड टेबल बैठक की। इस अवसर पर राज्य सरकार और बीएसएल के बीच एमओयू भी हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मेड इन एमपी- वियर एक्रॉस द वर्ल्ड' केवल एक नारा नहीं, बल्कि राज्य का औद्योगिक मिशन है, जिसके तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक प्रतिस्पर्धी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। राज्य में ऑर्गेनिक कॉटन का सुदृढ़ आधार, आधुनिक टैक्सटाइल/गारमेंट क्षमताएं, प्रचुर ग्रीन एनर्जी, स्थिर नीति वातावरण और तेज़ फैसले लेने की प्रशासनिक संस्कृति उद्योगों को वह भरोसा देती है, जिससे वैश्विक ब्रांड्स मध्यप्रदेश में निवेश लिए आकर्षित होते हैं।

**खास बातें**

- सीएम डॉ. मोहन ने बीएसएल के अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ की राउंड टेबल बैठक
- मेड इन एमपी-वियर एक्रॉस द वर्ल्ड राज्य का औद्योगिक मिशन: मुख्यमंत्री




## संकल्प से सफलता तक की यात्रा का प्रारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में मौजूद अंतरराष्ट्रीय ब्रांड प्रतिनिधियों और सोर्सिंग प्रमुखों से कहा कि मप्र ने प्रधानमंत्री के 5 एफ विजन को जमीनी रूप दिया है। दिल्ली में 31 जुलाई को हुई पहली बैठक को उन्होंने संकल्प से सफलता तक की यात्रा का प्रारंभ बताया। उन्होंने कहा कि भोपाल की यह बैठक उस संकल्प को ठोस परिणामों में बदलने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि धार में 2,177 एकड़ में पीएम मित्रा स्थापित किया जा रहा है। जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी इसका भूमिपूजन करेंगे। भूमिपूजन से पूर्व ही 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश अभिरुचि-पत्र प्राप्त हो चुके हैं।

## टैक्सटाइल सेक्टर में अब तक 3,513 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

टैक्सटाइल सेक्टर में अब तक प्रदेश के 3,513 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है। मप्र को निवेश फ्रेंडली स्थल बनाने के लिए सरकार ने कई नीतियां बनाई हैं। उद्योग संबंधी 29 अनुमतियों को कम करके अब 10 कर दिया गया है। उद्योग स्थापना के लिए 30 दिन में प्रक्रियाओं का निष्पादन किया जा रहा है। प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम है, जिससे कोई फाइल अटके नहीं और कोई निर्णय रुके नहीं।

## इन प्रतिनिधियों ने यह सुझाव दिया

*तेजस (पीवीएच, ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी) ने कहा कि राज्य में सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए ईकोसिस्टम परिपक्व है। रीसाइक्लिंग, वाटर रीयूज और नवकरणीय ऊर्जा आधारित उत्पादन को नीतिगत प्रोत्साहन के साथ 'एमपी मोस्ट सस्टेनेबल टैक्सटाइल हब' के रूप में मप्र को ब्रांड किया जा सकता है। तपन बंसल (मदरकेयर) ने सप्लाई-चेन इंटीग्रेशन, तेज़ अनुमतियों और टेस्टिंग क्वालिटी सर्टिफिकेशन लैब्स के विस्तार पर जोर दिया। डॉ. किरुबा देवी ने आर्टिजन–हैंडलूम क्लस्टर्स के साथ आधुनिक गारमेंटिंग यूनिट्स को 'डिजाइन और मार्केटिंग सपोर्ट' से जोड़ने का सुझाव दिया। श्रेयस्कर ने ऑर्गेनिक रॉ कॉटन पर कस्टम ड्यूटी स्ट्रक्चर का पुनरावलोकन और रेडी गारमेंट के ड्यूटी-फ्री एक्सेस का लाभ उठाने के लिए 'रॉ–टू–रैक' तेज़-मार्ग (फास्ट ट्रैक) का प्रस्ताव रखा।*

## 15 से अधिक शीर्ष वैश्विक ब्रांड्स के प्रतिनिधि शामिल हुए

*बैठक में हनेसब्रांड्स, पीवीएच कोर्प, केयर फोर एशिया लिमिटेड., पूमा, मदरकेयर, जिवामे सहित 15 से अधिक शीर्ष वैश्विक ब्रांड्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रदेश के प्रमुख टैक्सटाइल व गारमेंट उद्योगपतियों ने भी विचार साझा किए। यह सर्वसम्मति भी बनी कि मप्र में कच्चे माल से लेकर तैयार परिधान तक का संपूर्ण उत्पादन-चक्र, ग्रीन एनर्जी, किफायती लागत और तेज़ अनुमति मिलकर वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बढ़त प्रदान करती हैं। बैठक में परिधान और वस्त्र क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योगपतियों एवं ब्रांड प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*






















हर घर
तिरंगा
अभियान
भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को नमन...
भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम, अटूट साहस और अमूल्य बलिदान के सम्मान में सम्पूर्ण भोजपुर विधानसभा में आयोजित ऐतिहासिक एवं भव्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, एकता और जन-जन के उत्साह का अद्भुत प्रतीक बनी। हजारों छात्र-छात्राओं, युवाओं, गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी में पूरे क्षेत्र में देशप्रेम की अद्वितीय गूँज भर दी।
आओ, मिलकर संकल्प लें -
भारत की एकता,
अखंडता और गौरव
के लिए सदैव
तत्पर रहेंगे।
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
संयोजन : ऋषभ जैन
निवेदक : सुरेन्द्र सुन्दरलाल पटवा विधायक भोजपुर, पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

- ई-रजिस्ट्री, ई-स्टम्प, बैंको के मोडगेज, पॉवर ऑफ अटार्नी तैयार कराने एवं उपरोक्त सभी प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने हेतु
- प्रापर्टी सर्च, समस्त कार्यालयों में लगने वाले शपथ पत्र
- कृषि भूमि, प्लाट का नामांतरण, डायवर्सन

लॉयन महेश कुमार साहू
एम.ए. (राजनीतिशास्त्र) एल. एल. बी.
एडवोकेट
SAHU LAW CHAMBER
PIYUSH SAHU
नोटरी एडव्होकेट एवं रियलस्टेट कंसल्टेंट
कार्यालयः प्लाट नं. 231, लाहोटी चेम्बर शॉप नं. 8-9 जोन-1 महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 11
मो. 9893086191, 9827300880

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

KAMINI GUPTA
Advocate
M.Sc., L.L.B., L.L.M.
9827089537
9826080941
GUPTA CONSULTANCY
Anil Gupta
Service Provider (MPIGR) Raisen & Insurance Advisor (LIC of India) M.: 9827089537, 9826080941
*Sale Deed* Lease Deed* Amandment Deed* Stamp Papers
*Online E-Registry *E-Stamp
GM-4, A-Block, Mansarovar Complex,
Near Rani Kamlapati RlwayStation Bhopal (M.P.)
Email : anilgupta00537@gmail.com






## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विकास सिंह गुर्जर
ADVOCATE
जी. बी. 40, मानसरोवर काम्पलेक्स, बीजेपी कार्यालय के पास भोपाल, 9713126807

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

SHANTI SAROVER VIDYALAYA BHOPAL
शाति सरोवर हाईस्कूल
सतनामी नगर, भोपाल
आर्यान्श मिश्रा
वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी
संचालक
शांति सरोवर हाईस्कूल
सतनामी नगर, सोनागिरी, भोपाल

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD
HOME LOAN
0% Processing fee
- Construction/Extention
- Repair of House
- Purchase of Flat House/Plots
- Take over of Housing
- Loan + Top Up
- Loan Against House Property
- Loan for Apna Office/
- Nursing Home
- Take Over of CC

HOME LOAN
ROI 7.5%
MORTGAGE LOAN
ROI 8.75%
Sunil Singh
9826612040

KUMAR BROTHERS
A MULTI SPECIALITY COMPANY SINCE 1959
51-54, Malviya Shopping Complex, Behind Panchanan, Bhopal - 462003
Tel. : + 91 755 2571120, 9425011002
ISO 9001 : 2008 Certified
Avail Special Festival Discount 15%
Providing Best Sales & Service Support For Last 63 Years To Engineers, Builders & Surveyors
www.kumarbrothersbpl.com , E-mail: kumarsurvey1959@gmail.com

Contact For Urgent Power, WILL &
S@MPADA 2.0 Govt. of M.P.
ई-रजिस्ट्री
Mohd. FAROOQ Khan
DOCUMENT WRITER
LICENSE HOLDER (S.P.) SUB REGISTRAR OFFICE, BHOPAL
9893576236
8770327598
ई-गवर्नेस के इस युग में जहां आम आदमी को डिजिटल प्रक्रिया कठिन लगती है उसे हम बहुत ही आसान तरीके से समस्त दस्तावेज़ों को आपके आधार कार्ड, आईराईज एवं सेटेलाईट से जोड़ते है तथा आपके समस्त दस्तावेज़ों को जालसाजी से सुरक्षित करते हैं।
526-ए, नेहरू स्कूल के पीछे, नियर दशहरा मैदान, अशोका गार्डन, भोपाल

जी.बी.पंत हा.से. स्कूल
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
के पावन पर्व पर सभी विद्यार्थियों, पालकों तथा देशवासियों को जी.बी. पंत परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
महेश साहू जी
प्राचार्य
परिहार जी
संचालक
स्वदेश नगर, पुलिस स्टेशन के पास, अशोका गार्डन, भोपाल

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

CREATIVE SCHOOL OF EXCELLENCE
English Medium
Nursery to 8th
ADMISSION OPEN
OPEN:25-26
For New Session
Add: W 10,11 Shiv Nagar Phase-2, Bhopal
0755-2995485, 9755539944, 9893322510

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

SURAJ
PREMIER CONVENT HR. SEC. SCHOOL
An I.S.O. 9001:2015 Certified School
Play School A - BLOCK CAMPUS Pre Nursery KG-I KG-II
B - BLOCK CAMPUS
C - BLOCK CAMPUS Std. 4th to Std. 6th
Admission Open 2025-26
AN INTERNATIONAL STANDARD SCHOOL
CBSE PATTERN EDUCATION
A Premier Institute of Education
An English Medium School
Contact: Principal/Director
Mob. 9981690587,9165825879
9826429964,7389229797

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
IDEAL CONVENT CO-ED. SCHOOL
C B S Pattern
nglish Medium
Director
Devendra Namdev
Near Piyush Medical Store, Shiv nagar Colony, Vidisha Road Bhopal
Director: Devendra Namdev 7566873698
Principal : Shubham Namdev 8518870286

चित्रांश के.डी.मेमो.हा.से.स्कूल
अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम (संकाय-कॉमर्स, कॉमर्स कम्प्यूटर, कॉमर्स मैथ्स, बायो साइन्स, मैथ्स साइन्स एवं आर्ट्स)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आर.टी.ई. के तहत राशन कार्ड या जाति प्रमाण पत्र से नि:शुल्क शिक्षा
ऑनलाईन क्लास
अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति
विशेषताएं
1. संस्था को 33 वर्षों का अनुभव
2. स्मार्ट क्लास 3. वेन सुविधा
4. सम्पूर्ण उपकरणों सहित कम्प्यूटर एवं विज्ञान प्रयोगशाला
बी-8, सुभाष कालोनी, चर्च के सामने, भोपाल
Mob. : 9630130051, 9039364436
website : chitranshschool.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
NALANDA CO-ED HIGHER SEC. SCHOOL
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Kolar Road, Bhopal (MP)
Mob.: 9977277558,9826449414

PROPERTY SERVICES LET US FIND YOUR DREAM HOME
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
PROPERTY SERVICES
SALE PURCHASE
LOAN
Flat No. F-1 First Floor Amaltas Narmada Apartment, Near Katara Medical Store, Swarnkunj Colony, Katara Hills, Bhopal
8989545790
9827284016
propertyservices15@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गुरुकृपा स्वादिष्ट एवं लजीज
रेस्टोरेंट एवं भोजनालय
शादी, पार्टी एवं बर्थडे के आर्डर लिए जाते है
राजन शर्मा
8602353457
गोल्डन हाईट्स नयापुरा
कोलार रोड, भोपाल

# गुमनाम हुईं 10 देशभक्ति फिल्में, कहानी लाजवाब, फिर भी नहीं हुईं हिट

*नई दिल्ली। देशभक्ति फिल्मों के बारे में जिक्र किया जाए तो बॉर्डर, भगत सिंह और शेरशाह जैसी मूवीज के नाम जहन में आते हैं। लेकिन इनके अलावा भी कई ऐसी फिल्में रही हैं, जिनमें देशभक्ति की दिलचस्प कहानियों को दिखाया गया था। मगर इन फिल्मों को उम्मीद के मुताबिक हाइप नहीं मिल सका। स्वतंत्रता दिवस स्पेशल के तौर पर हम आपके लिए भारतीय सिनेमा की उन टॉप-10 देशभक्ति फिल्मों की लिस्ट लेकर आए हैं, जिनकी कहानियों को कम आंका गया।*

**सात हिंदुस्तानी** : साल 1969 में सात हिंदुस्तानी को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। महानायक अमिताभ बच्चन ने इस मूवी के जरिए हिंदी सिनेमा में कदम रखा। फिल्म में पुर्तगाल के कब्जे से भारतीय राज्य गोवा की आजादी की कहानी का सार दिखाया गया था।


**हकीकत** : भारत और चीन के बीच 1962 में हुए सैन्य संघर्ष की कहानी को फिल्म हकीकत में दिखाया गया था। 120 भारतीय सैनिकों ने किस तरह से 3000 हजार से अधिक सैनिकों का सामना किया, वो इस मूवी को खास बनाता है। 1973 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अहम भूमिका को अदा किया था।

**हिंदुस्तान की कसम** : 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में हुए ऑपरेशन कैक्टस लिली पर आधारित फिल्म हिंदुस्तान की कसम को साल 1973 में रिलीज किया गया। इस वॉर मूवी ने देशभक्ति की अनोखी मिसाल कायम की, लेकिन कमर्शियल तौर पर ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। हिंदुस्तान की कसम में अभिनेता राज कुमार ने अहम भूमिका को अदा किया था।

**पुकार** : अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म पुकार का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 1983 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में भारतीय क्रांतिकारियों के समूह और पुर्तगाली सेना के गोवा सैन्य संघर्ष को दिखाया है। इस मूवी में रणधीर कपूर, जीनत अमान, टीना अंबानी और प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी मौजूद रहे।

**प्रहार** : देशभक्ति फिल्मों के मामले में अभिनेता नाना पाटेकर का दबदबा काफी अधिक रहा है। 1991 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम प्रहार था। इसमें उन्होंने भारतीय सेना के अधिकारी की भूमिका निभाई, जो देश में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता है। सिर्फ अभिनेता ही नहीं, नाना पाटेकर ने इसका निर्देशन भी किया था।






**हे राम** : कमल हासन और शाह रुख खान की फिल्म हे राम में भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि को दिखाया गया है। जिसमें दो अलग धर्मों के दोस्तों के बीच देशभक्ति और एकता की सामनता मौजूद रहता है। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

**बोसः द फॉरगॉटन हीरो** : नेताजी सुभाष चंद्र बॉस ने भारत की आजादी में स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर अहम योगदान दिया है। उनके जीवन पर आधारित फिल्म बोसः द फॉरगॉटन हीरो को 2005 में रिलीज किया गया था। ये फिल्म आपके अंदर देशभक्ति की भावनाओं को जगा देगी।

**1971** : डायरेक्टर अमृत सागर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए भीषण सैन्य संघर्ष की कहानी के दिखाया गया था। 2007 में थिएटर्स में रिलीज होने वाली इस फिल्म में मनोज बाजपेयी सहित कई कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को अदा किया था।

**खेलें हम जी जान से** : अभिषेक बच्चन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म खेलें हम जी जान से में ब्रिटिश शासन के खिलाफ 64 युवा शिक्षकों की क्रांति की कहानी को दिखाया है। 2010 में रिलीज होने वाली इस मूवी का डायरेक्शन लगान फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर ने किया था।

**चटगोंग** : ब्रिटिश शासन भारत में अंग्रेजों के खिलाफ चटगांव विद्रोह की कहानी को इस मूवी में दर्शाया गया था। 2012 में आई इस फिल्म में मनोज बाजपेयी और नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अहम किरदार निभाए थे। बता दें कि अब चटगांव बांग्लादेश के अधीन है।

## देशभक्ति भरे गानों के साथ सेलिब्रेट करें 15 अगस्त, सैनिकों के बलिदान को करें सलाम

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त, भारत का स्वतंत्रता दिवस, हर भारतीय के लिए गर्व और उत्साह का दिन है। इस दिन हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद करते हैं और देश के प्रति अपनी भक्ति को और मजबूत करते हैं। इस बार स्वतंत्रता दिवस को और खास बनाने के लिए, आइए कुछ लोकप्रिय देशभक्ति गानों के साथ 15 अगस्त मनाएं। ये गाने न केवल हमारे दिलों को जोश से भर देते हैं, बल्कि देश के लिए बलिदान देने वालों की कहानियों को भी बयां करते हैं।

**संदेशे आते हैं - बॉर्डर** : 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर का गाना 'संदेशे आते हैं' हर भारतीय के दिल को छूता है। अनु मलिक द्वारा संगीत और जावेद अख्तर द्वारा लिखित इस गाने को सुनकर सैनिकों की भावनाएं और उनके परिवारों का इंतजार जीवंत हो उठता है। गाने के बोल, 'संदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं' सैनिकों की देशभक्ति और उनके प्रियजनों के लिए प्यार को दर्शाते हैं। इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन जेपी दत्ता ने किया है। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित यह फिल्म लोंगेवाला की लड़ाई (1971) की घटनाओं पर आधारित है।




**तेरी मिट्टी में मिल जावां - केसरी** : फिल्म केसरी का गाना 'तेरी मिट्टी में मिल जावां' देशभक्ति की भावना को एक नई ऊंचाई देता है। अरिजीत सिंह की आवाज और बी. प्राक के संगीत ने इस गाने को अमर बना दिया। 'तेरी मिट्टी में मिल जावां, गुल बनके मैं खिल जावां', जैसे बोल हर भारतीय को देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देते हैं। इस गाने को सुनते हुए स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को याद करें और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस करें।

**ऐ वतन तेरे लिए - कर्मा** : 1986 में आई फिल्म कर्मा का गाना 'ऐ वतन तेरे लिए' देशभक्ति का प्रतीक है। मोहम्मद अजीज और कविता कृष्णमूर्ति की आवाज में यह गाना हर बार सुनने वालों में जोश भर देता है। 'ऐ वतन तेरे लिए, दिल दिया है, जान भी देंगे', जैसे बोल देश के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाते हैं। सुभाष घई द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिलीप कुमार, नूतन, नसीरुद्दीन शाह, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, पूनम ढिल्लों, श्रीदेवी और अनुपम खेर समेत कलाकार शामिल हैं।

**ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू - राजी** : फिल्म राजी का गाना 'ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू' एक जासूस की कहानी को बयां करता है, जो देश के लिए अपनी जान जोखिम में डाल देता है। अरिजीत सिंह की आवाज और शंकर-एहसान-लॉय के संगीत ने इस गाने को हर भारतीय के दिल में जगह दी है।

**कर चले हम फिदा- हकीकत** : 1964 में रिलीज हुई फिल्म हकीकत का गाना हर किसी को पसंद है। मोहम्मद रफी की आवाज और कैफी आजमी के बोलों ने इस गाने को अमर बना दिया। 'कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों' जैसे बोल सैनिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि देते हैं। इस स्वतंत्रता दिवस पर इस गाने को सुनकर उन वीरों को नमन करें, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी।

**मेरे देश की धरती, सोना उगले - उपकार** : फिल्म उपकार का गाना 'मेरे देश की धरती, सोना उगले' भारत की मिट्टी और किसानों की मेहनत को समर्पित है। महेंद्र कपूर की दमदार आवाज और गुलशन बावरा के बोलों ने इस गाने को हर भारतीय का प्रिय बना दिया। 'मेरे देश की धरती, सोना उगले, उगले हीरे-मोती' जैसे बोल भारत की समृद्धि और सुंदरता को दर्शाते हैं।



## कृति की कॉकटेल-2 में हुई एंट्री...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म कॉकटेल का सीक्वल आने वाला है। साल 2012 में रिलीज हुई इस फिल्म में जहां दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की तिकड़ी देखने को मिली थी, वहीं अब कॉकटेल 2 में नए चेहरों के साथ एक ताज़ा तड़का लगने जा रहा है। इस बार फिल्म की कमान संभाली है निर्देशक होमी अदजानिया ने और सबसे बड़ी खबर ये है कि कृति सेनन इस बार फिल्म की लीड अभिनेत्री होंगी। हाल ही में निर्देशक होमी अदजानिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कृति सेनन की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने कॉकटेल 2 का हैशटैग यूज किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्क इन प्रोग्रेस भी लिखकर इस बात का संकेत दिया कि फिल्म की तैयारियां अब जोरों पर हैं। इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।



## भंडारकर ने शुरू की द वाइफ्स की शूटिंग

**मुंबई।** डायरेक्टर मधुर भंडारकार ने अपनी अपकमिंग फिल्म द वाइफ्स की घोषणा पिछले दिनों की। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार वाइफ्स के ऊपर बन रही है। एक चर्चित एक्ट्रेस फिल्म में लीड रोल निभा रही हैं। वहीं, इंफ्लुएंसर ओरी भी एक अहम किरदार इस फिल्म में कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ओरी ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। साथ में वह चर्चित एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें डायरेक्टर मधुर ओरी और लीड एक्ट्रेस के साथ नजर आए। इंफ्लुएंसर ओरी भी अपने किरदार में नजर आ रहा है। वह ट्रेडिशनल ड्रेस पहने सेट पर मौजूद दिखा। डायरेक्टर और इन एक्टर्स के बीच किसी बात को लेकर डिस्कशन हो रहा था। सेट पर मौनी रॉय भी दिखीं। वह लाल साड़ी पहने नजर आईं।



## सुपरमैन की जल्द ओटीटी रिलीज से नाराज नेटिजन्स

**मुंबई।** सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब डेविड कोरेंसवेट और रेचल ब्रोसनाहन की फिल्म ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। लेकिन, फिल्म को इतनी जल्दी ओटीटी पर रिलीज करने की वजह से कुछ फैंस अपनी नाराजगी जता रहे हैं और इसे शर्मनाक और मूर्खतापूर्ण फैसला बता रहे हैं। जेम्स गन की सुपरमैन में डेविड कोरेंसवेट और रेचल ब्रोसनाहन मुख्य भूमिकाओं निभाई है। जेम्स गन ने सोशल मीडिया पर बताया, सुपरमैन इस शुक्रवार, 15 अगस्त से आपके घरों में होगी। इसे प्री-ऑर्डर करें या सिनेमाघरों में देखें। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में 581 मिलियन डॉलर की कमाई की, जिसमें से 332 मिलियन डॉलर अमेरिका और कनाडा से आए। यह 2025 की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसका प्रदर्शन उम्मीदों से कम रहा। सोशल मीडिया पर लोगों ने ओटीटी रिलीज के खिलाफ नाराजगी जताई। एक यूजर ने कहा, यह फैसला बहुत जल्दी लिया गया, इससे सिनेमाघरों की स्थिति कमजोर होगी।

### टीवी मसाला

## 21 साल की कशिश सिंघल करोड़पति बनने से चूक गई

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के नए एपिसोड की शुरुआत अमिताभ बच्चन ने जोरशोर से की। इसके बाद वह फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड खेलते ते हैं और जल्दी 5 के लिए दो कंटेस्टेंट्स का चयन करते हैं। हर्षित शर्मा और कशिश सिंघल जल्दी 5 खेलते हैं और कशिश इसे जीत जाती हैं।



अमिताभ बच्चन खेल शुरू करते हैं और दिन का पहला प्रश्न 5000 रुपए के लिए पूछते हैं। 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म 'सितारे जमीन पर' किस खेल पर केंद्रित है? कशिश को जवाब समझ नहीं आ रहा है, इसलिए वह अपनी लाइफलाइन की मदद लेती है। कशिश ऑप्शन B) बास्केटबॉल चुनती हैं। कशिश के 25,00,000 रुपए जीतने के बाद, होस्ट अमिताभ बच्चन ने उनके पिता को वीडियो कॉल किया, जो यह खबर सुनकर भावुक हो गए। कशिश ने उन्हें बताया कि अब वे पूरा कर्ज चुका पाएंगे। कशिश के सामने अब 50,00,000 रुपए का सवाल है। इनमें से किस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता के दादा पंजाब के होटल व्यवसायी सरदारी लोल मल्होत्रा थे? चूंकि उन्हें जवाब समझ नहीं आ रहा था, इसलिए उन्होंने 'ऑडियंस पोल' की मदद ली और ऑप्शन ए सबस्टेन कोए चुनकर राशि जीत ली। इसके बाद वह 1 करोड़ रुपए के सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हो जाती हैं। सवाल हैः विसिगोथ्स के किस राजा ने शहर पर घेराबंदी हटाने के लिए फिरौती के रूप में काली मिर्च की मांग की थी, जिसका प्राचीन रोम आमतौर पर भारत से व्यापार करता था? कशिश ने अमिताभ को बताया कि उन्हें उत्तर के बारे में कोई जानकारी नहीं है और इसलिए वह अपनी आखिरी लाइफलाइन का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, लाइफलाइन का इस्तेमाल करने के बाद भी, वह जवाब का अनुमान नहीं लगा पाईं और खेल छोड़ने का फैसला किया।

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को पछाड़ फिर नंबर 1 हुआ अनुपमा

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस हफ्ते भी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 14 अगस्त को टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को पछाड़ कर अनुपमा इस हफ्ते फिर से नंबर 1 हो गया है। इस हफ्ते अनुपमा की टीआरपी 2.3 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर स्टार प्लस का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। शो की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है तीसरे नंबर पर था। लिस्ट में तीसरे नंबर पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। शो की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते तारक मेहता का उल्टा चश्मा नंबर 5 पर था। चौथे नंबर पर क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई। पिछले हफ्ते क्योंकि सास भी कभी बहू थी नंबर 1 पर था। 5वें नंबर पर उड़ने की आशा है। शो की टीआरपी 1.7 है। पिछले हफ्ते ये शो नंबर छह पर था। छठे नंबर पर शो तुम से तुम तक है। शो की टीआरपी 1.7 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते ये शो नंबर सात पर था।



## सत्य घटनाओं पर आधारित है तेहरान

**मुंबई।** आजादी के दिन पर देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों का आना बॉलीवुड की एक फायदेमंद परंपरा रही है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाती है अरुण गोपालन निर्देशित और जॉन अब्राहम के अभिनय से सजी 'तेहरान'। अपनी पिछली फिल्म डिप्लोमैट में भी जॉन देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए थे और तेहरान में भी वह इंडिया के लोगों को कोलैटरल डैमेज से बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। कहानी सत्य घटनाओं पर आधारित है, जो इजराइल, ईरान और भारत की कूटनीतिज्ञ सियासी घटनाओं के इर्द गिर्द बुनी गई है। खास बात यह भी है कि तेहरान सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई है।



### तेहरान की कहानी

कहानी साल 2012 में शुरू होती है। डीसीपी राजीव कुमार (जॉन अब्राहम) अपने परिवार को धमकी देने वाले मकवाना गैंग के सरगना को सबक सिखाकर लौट रहा होता है, तभी दिल्ली में ईरानी दूतावास के बाहर एक बम धमाका होता है। इसमें एक फूल बेचने वाली बच्ची की मौत हो जाती है। ऊपरी तौर पर देखने में ये आतंकी हमला लगता है, मगर जब राजीव कुमार अपनी टीम के साथ इसकी जांच मिशन पर जाता है, तब पता चलता है कि इस कार बम ब्लास्ट के तार इजराइल, ईरान और भारत की कूटनीति से भी जुड़ी है। इजरायल और भारत के बीच एक गैस की डील होने वाली है और राजीव कुमार अगर इजराइल के षड़यंत्र का पर्दाफाश करेगा, तो वो डील कैंसल हो जाएगी।

### आतंकियों को सबक सिखाने मिशन पर निकले

अब भारत के कूटनीतिज्ञ चाहते हैं कि राजीव और उसके साथी मिशन को अबॉर्ट करके वापस लौट आएं। लेकिन, राजीव और उसके साथी सिर पर कफन बांधकर निकले हैं, ताकि आतंकियों को सबक सिखा सके। इस मिशन पर राजीव के साथ एसआई दिव्या (मानुषी छिल्लर) और राजनयिक शैलजा (नीरू बाजवा) भी हैं। जाहिर है मिशन को अपनी मर्जी से आगे बढ़ाने के एवज में राजनयिक समीकरण, अंतरराष्ट्रीय संबंध और राजनीतिक सीमाओं के चलते अपना ही देश राजीव को त्याग देता है। इजराइल और ईरान में उसकी जान के लाले पड़ जाते हैं। इस मिशन में उसे दिव्या को खोना पड़ता है। मगर घर में उसकी बेटी और पत्नी इंतजार में हैं। क्या वो अपना मिशन पूरा कर स्वदेश लौट पाएगा? यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

## 'द ताज स्टोरी' का टीजर रिलीज कोर्टरूम ड्रामा में नजर आएंगे परेश

मुंबई। परेश रावल की आगामी फिल्म द ताज स्टोरी का टीजर गुरुवार को रिलीज हुआ है। इस फिल्म में मशहूर अभिनेता परेश रावल मुख्य भूमिका में हैं। टीजर में परेश एक अदालत में खड़े होकर बौद्धिक आतंकवाद के मुद्दे पर जोरदार बहस करते दिखाई दिए। द ताज स्टोरी एक सामाजिक ड्रामा है, जो सवाल उठाती है कि क्या आजादी के 79 साल बाद भी हम बौद्धिक आतंकवाद के गुलाम हैं? यह फिल्म ताजमहल के निर्माण को लेकर भी सवाल खड़े करती है, जैसे कि क्या इसे वाकई शाहजहां ने बनवाया था? फिल्म द ताज स्टोरी में परेश रावल के अलावा जाकिर, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म से पहले परेश रावल ने 'अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी' में एक आध्यात्मिक गुरु की भूमिका निभाई थी।



### बरसते पानी में भी फैंस अपने पसंदीदा स्टार की फिल्म देखने पहुंचे

## बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत का तूफान, ऋतिक को पछाड़ा

*मुंबई। 14 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर साल का सबसे बड़ा क्लैश देखने को मिला, जहां कुली और वॉर 2 जैसी दो फिल्में एक साथ रिलीज हुईं। आंकड़ों में रजनीकांत, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर पर भारी पड़ते दिखे। रजनीकांत की कुली का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब फिल्म के रिलीज होने के बाद फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बरसते पानी में भी फैंस अपने पसंदीदा स्टार की फिल्म को देखने पहुंचे। यही वजह है कि कुली ने रिलीज होने के शुरुआती घंटों में ही अच्छी खासी कमाई की । वहीं, दूसरी ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 को लेकर भी फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म के रिलीज होते ही फैंस उसे देखने थिएटर्स में पहुंच रहे हैं। हालांकि, शुरुआती आंकड़ों में वॉर 2 रजनीकांत की कुली से पिछड़ती नजर आई।*

### दोस्त की मौत के बदले की है कहानी

रजनीकांत स्टारर कुली की कहानी दोस्ती पर आधारित है। फिल्म में रजनीकांत देवा के किरदार में नजर आए हैं, जो अपने दोस्त की मौत की वजह जानकर कातिलों से बदला लेता है। इस फिल्म में रजनीकांत के अलावा आमिर खान, नागार्जुन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र राव, श्रुति हासन और सत्यराज भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है।

### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है वॉर 2

वॉर 2 की बात करें तो यह यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ पहली बार जूनियर एनटीआर नजर आ रहे हैं। इस फिल्म से जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। इसके अलावा फिल्म में कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए हैं। फिल्म के पोस्ट क्रेडिट में अगली फिल्म को लेकर भी हिंट दिया गया है।



**वॉर 2 को दर्शकों ने बताया- ब्लॉकबस्टर** : वॉर 2 को देखने के बाद अब फैंस के रिएक्शन भी सामने आने लगे हैं। कुछ दर्शक जहां फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कुछ को ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच एक्शन काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने फिल्म को ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर बताया है और फिल्म के अंतिम 25 मिनट को जबरदस्त करार दिया है। फिल्म को साढ़े चार स्टार देते हुए, पोस्ट क्रेडिट को मिस न करने की सलाह भी दी गई है। एक यूजर ने ऋतिक और जूनियर एनटीआर की परफॉर्मेंस को पॉवरहाउस परफॉर्मेंस बताया है। साथ ही इन दोनों को फिल्म की आत्मा करार दिया है।

### फैन ने जूनियर एनटीआर के पोस्टर पर लगाया खून का टीका

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें जूनियर एनटीआर का एक फैन, उनके पोस्टर पर खून का टीका लगा रहा है। वह पहले अपनी उंगुली पर एक हल्का कट मारता है और खून निकलने पर उसका टीका पोस्टर पर लगा देता है। आसपास कई फैंस मौजूद हैं, जो जूनियर एनटीआर के नाम के नारे लगा रहे हैं। जूनियर एनटीआर की एंट्री पर साउथ इंडिया के थिएटर में जबरदस्त जश्न मनाया गया। सीटियां बजी, फैंस शोर मचाते, नाचते-गाते नजर आए। फैंस के बीच अपने पसंदीदा स्टार को देखने की एक्साइटमेंट साफ नजर आ रही है।

### कुली का ये सॉन्ग हो रहा वायरल

तमिल फिल्म कुली में पूजा हेगड़े का गाने मोनिका सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पूजा हेगड़े ने डायरेक्टर लोकेश कनगराज के भरोसे पर खुशी जताते हुए कहा, मेरे लिए ये बहुत खुशी की बात है कि इतने बड़े डायरेक्टर ने ऐसा कहा और अपनी बात पर भरोसा दिखाते हुए मुझे इस काम के लिए चुना और ये फिल्म के लिए फायदेमंद साबित हुआ. ये मेरे लिए बेहद उत्साहजनक है।

# एशिया कप 2025: टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा पांच बल्लेबाजों ने जड़े छक्के

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एशिया कप-2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। ऐसे में फैंस का भरपूर मनोरंजन निश्चित है। ऐसे में उन टॉप-5 खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने एशिया कप (टी20 फॉर्मेट) में सबसे ज्यादा छक्के लगाए।



### नजीबुल्लाह जादरान

अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने साल 2016 से अब तक एशिया कप के टी20 फॉर्मेट में कुल आठ मैच खेले, जिसमें 35.20 की औसत के साथ 176 रन बनाए। इस दौरान जादरान के बल्ले से 13 छक्के और छह चौके निकले।



### रहमानुल्लाह गुरबाज

अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने पांच मुकाबलों में 30.40 की औसत के साथ 152 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से आठ चौकों के अलावा 12 छक्के निकले। गुरबाज एक अर्धशतक भी जड़ चुके हैं।



### रोहित शर्मा

भारत के इस दिग्गज बल्लेबाज ने साल 2016 से 2022 तक कुल नौ मैच खेले, जिसमें 30.11 की औसत के साथ 271 रन बनाए। इस दौरान रोहित के बल्ले से 12 छक्के और 27 चौके निकले।

### विराट कोहली

रन-मशीन कोहली ने 10 मुकाबलों में 85.80 की शानदार औसत के साथ बल्लेबाजी करते हुए 429 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और 40 चौके जड़े। कोहली एक शतक के साथ तीन अर्धशतक लगा चुके हैं।




### बाबर हयात

पांच मुकाबले खेल चुके हांगकांग के इस खिलाड़ी ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाते हुए 47 की औसत के साथ 235 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 22 चौके और 10 छक्के निकले।

### आगाज 9 सितंबर से

एशिया कप-2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है, जबकि ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग-चाइना की टीमें शामिल हैं। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 10 सितंबर को यूएई से खेलेगी, जिसके बाद 14 सितंबर को उसका सामना पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम 19 सितंबर को ओमान को चुनौती देगी।

## खबर संक्षेप



### विश्व कप की तैयारी में लगे मैक्सवेल

केन्र्स (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया के करिश्माई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले साल भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पावरप्ले के ओवरों में अधिक प्रभाव छोड़ने के लिए अपने स्पिन गेंदबाजी कौशल को निखार रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा और अगर मैक्सवेल फिट रहते हैं तो उनका ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह बनाना तय है।
वह नियमित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते रहे हैं और भारतीय उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मैक्सवेल ने अपनी गेंदबाजी क्षमता के बावजूद 2022 के टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के बीच सबसे छोटे प्रारुप में पावर प्ले में कुल मिलाकर पांच ओवर फेंके हैं। लेकिन इस 36 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि वह टी-20 विश्व कप के दौरान पावरप्ले ओवरों में उपयोगी साबित हो सकते हैं, क्योंकि नई गेंद उपमहाद्वीप के विकेटों पर बेहतर पकड़ बनाती है।

### बुची बाबू टूर्नामेंट : महाराष्ट्र टीम में गायकवाड़ और साव

पुणे। बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और पृथ्वी साव को 18 अगस्त से 9 सितंबर तक चेन्नई में खेले जाने वाले अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए महाराष्ट्र की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अंकित बावने को महाराष्ट्र टीम का कप्तान बनाया गया है। यह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साव का पहला टूर्नामेंट होगा, जो वह महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे। वह सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र में शामिल हो गए थे। पिछले सत्र में मुंबई के साथ खराब प्रदर्शन के बाद खराब फिटनेस और अनुशासन के आधार पर टीम से बाहर किए जाने के बाद 25 वर्षीय यह खिलाड़ी नई शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगा।

### शुभमन का प्रदर्शन अविश्वसनीय : युवराज

नई दिल्ली। पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह को लगता है कि हाल के इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल का प्रदर्शन अविश्वसनीय था क्योंकि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले विदेशी हालात में उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठाए जा रहे थे। हाल में एंडरसन-तेंदुलकर टेस्ट श्रृंखला के दौरान गिल ने चार शतक बनाए और 754 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। इस उपलब्धि ने उन्हें सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में टेस्ट श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाला पहला एशियाई बल्लेबाज बना दिया और इस प्रदर्शन ने मेहमान टीम को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में मदद की।

## कार्लोस ने इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से हराया

# सिनसिनाटी ओपन: अल्काराज, सिनर और सबालेंका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

एजेंसी ▸▸| सिनसिनाटी

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

कार्लोस अल्काराज ने मुकाबले में इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अगले दौर में उनका मुकाबला रूस के आंद्रेई रुबलेव से होगा।

### अल्काराज ने शुरुआत से बनाया दबदबा

अल्काराज ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मैच के पहले 14 में से 13 अंक जीते। स्पेन के इस खिलाड़ी ने पहला सेट सिर्फ 27 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में नॉर्डी ने अल्काराज को कड़ा संघर्ष करने दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब वह 2-4 से पीछे चल रहे थे। लेकिन, अल्काराज ने वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर सेट 6-4 से अपने नाम किया।





### जानिक की संघर्षपूर्ण जीत

सिनर ने बारिश से बाधित मैच में फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 6-4, 7-6(4) से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। सिनर मैच की शुरुआत में लय में नहीं दिख रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे वह लय में लौटे और जीत हासिल की। जीत के बाद सिनर ने कहा, मन्नारिनो एक बहुत ही कठिन प्रतिद्वंद्वी है और बाकी से अलग हैं। इसलिए नहीं कि वह बाएं हाथ से खेलते हैं। उनका शॉट अक्सर नीचे रहता है। मैंने बस अच्छी सर्विस करने की कोशिश की और यह देखने की कोशिश की कि मैं रिटर्न गेम में क्या कर सकता हूं। वह बहुत अच्छी सर्विस कर रहे थे, खासकर एड साइड पर, वाइड वाली बहुत सटीक थी। मुझे मैच खत्म करने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन अंत में जीत के साथ अगले राउंड में पहुंचकर बहुत खुश हूं। अब सिनर कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम से भिड़ेंगे।

### टूर्नामेंट में मेरा अब तक का सबसे अच्छा मैच : अल्काराज

जीत के बाद अल्काराज ने कहा, "मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में मेरा यह अब तक का सबसे अच्छा मैच था। मैं आज गेंद को जिस तरह से महसूस कर रहा था और जिस तरह से मैं आगे बढ़ रहा था, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मुझे लगता है कि मैं ऐसा कर पा रहा हूं। मुझे इस पर वास्तव में गर्व है।"

### सबालेंका ने की सीधे सेटों में जीत हासिल



महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने जेसिका बोजास मानेइरो को 6-1, 7-5 से मात दी। पिछले मैच में एम्मा राडुकानु के खिलाफ तीन सेट का संघर्ष झेलने के बाद उन्होंने इस बार सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना राइबाकिना से होगा, जिन्होंने मैडिसन कीज को 6-7 (3/7), 6-4, 6-2 से हराया

# पीएसजी ने जीती सीजन की 5वीं ट्राफी यूईएफए सुपर कप पर किया कब्जा

एजेंसी ▸▸| पेरिस

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम को हराकर यूईएफए सुपर कप जीत लिया, जो फ्रांस के इस फुटबॉल क्लब की वर्ष 2025 में पांचवी ट्रॉफी है। नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचा। पीएसजी की जीत एक समय असंभव लग रही थी क्योंकि चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच खेले गए इस वार्षिक मैच में टॉटेनहैम निर्धारित समय के 85वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रहा था। ली कांग-इन ने निचले कोने में जोरदार शॉट लगाकर पीएसजी के लिए पहला गोल किया जबकि उनके साथी खिलाड़ी गोंकालो रामोस ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में बराबरी का गोल दागकर उडीन के स्टेडियो फ्रीउली में खेले गए इस रोमांचक मैच में स्कोर 2-2 कर दिया।



### पीएसजी ने लगातार चार पेनल्टी गोल में बदली

पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी के लिए विटिना पहले प्रयास में चूक गए। इसके बाद टॉटेनहैम शूटआउट में 2-0 की बढ़त बनाकर फिर से उलटफेर करने की स्थिति में आ गया। लेकिन उसके खिलाड़ी मिकी वैन डे वेन और मैथिस टेल पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए जबकि पीएसजी ने लगातार चार पेनल्टी गोल में बदली। पीएसजी ने इस साल चैंपियंस लीग, लीग 1 और कूप डी फ्रांस का तिहरा खिताब जीता था। उसने जनवरी में ट्रॉफी डेस चैंपियंस भी जीता था।

# गुकेश ने कारुआना को हराया, हासिल किया चौथा स्थान

एजेंसी ▸▸| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अमेरिका के लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज से मिली हार से उबरते हुए वेस्ली सो और फैबियानो कारुआना की अमेरिकी जोड़ी को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। यह लगातार तीसरा दिन था जब गुकेश ने हार के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बावजूद वह चौथा स्थान हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है और इसमें अभी 18 ब्लिट्ज गेम खेले जाने बाकी हैं।



### कारुआना रैपिड वर्ग में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर

गुकेश से हारने के बावजूद कारुआना रैपिड वर्ग में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। उनके बाद आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन का नंबर आता है, जिनके 13 अंक हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह गुकेश से एक अंक आगे हैं। पेरेज, वेस्ली और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव नौ अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। यह तीनों वियतनाम के लिएम ले क्वांग से दो अंक आगे हैं। अमेरिका के सैम शैंकलैंड पांच अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं। ग्रिगोरी ओपेरिन के सिर्फ तीन अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर हैं।

### बोधना बनीं दुनिया की सबसे कम उम्र की इंटरनेशनल चेस मास्टर



भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन दुनिया की सबसे कम उम्र की इंटरनेशनल चेस मास्टर बन गई हैं। अब वह ग्रैंडमास्टर के खिताब से सिर्फ एक सीढ़ी दूर रह गई हैं। 10 साल की बोधना ने पिछले हफ्ते ब्रिटिश चेस चैंपियनशिप में 60 वर्ष की ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर चौंका दिया था। वह किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। तब हैरान कॉमेंटेटर ने कहा था कि आखिर वह जीत कैसे गई, यह जरूर कोई जादूगरनी होगी। पिछले साल बोधना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। उन्हें तब हंगरी में होने वाले चेस ओलंपियाड के लिए इंग्लैंड की महिला टीम में चुना गया था।


बिहार सरकार

**भोजपुर समाहरणालय, आरा**
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)
ज्ञापांक–1410/म0नि0, आरा,

**अधिहरित (Conficated) वाहनों के नीलामी की अति अल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भोजपुर जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) में विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में जब्त एवं समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, भोजपुर के न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत राज्यसात् किए गए निम्नलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) अपर समाहर्त्ता भोजपुर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा **दिनांक 18.09.2025 एवं दिनांक 19.09.2025** को **11:30 बजे पुर्वाहन** से समाहरणालय सभाकक्ष, भोजपुर /सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध एवं उत्पाद कार्यालय परिसर, भोजपुर (आरा) (आरा) मे की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रधन की राशि को बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत) के रूप में जो **Assistant Commissioner Excise, Bhojpur (Ara) के पदनाम से एवं Payable at SBI Ara में देय होगा के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिषेध कार्यालय में दिनांक 06.09.2025 के संध्या 05:00 बजे तक जमा करना होगा। क्रेता द्वारा क्रय किये गए प्रति वाहन नीलामी राशि का** 3% (तीन प्रतिशत) अतिरिक्त राशि BSBCL को अलग से भुगतान करना होगा।

**नीलामी योग्य वाहन का विवरण**

| क्र० सं० | थाना काण्ड संख्या | अधिहरण वाद संख्या/ विविध उत्पाद वाद संख्या | जप्त वाहन की विवरणी (वाहन का प्रकार/पंजिकरण संख्या/ इंजन नम्बर/चेचीस नम्बर इत्यादि) | मूल्यांकन राशि (रुपया में) | अग्रधन की राशि (20%) | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाहपुर थाना कांड सं0–423/23 | 647/2023 30.01.2024 | ट्रक MP14CB-5121 चेचिस नं0– MAT466388E3B01821 इंजन नं0– B591803241A63359917 | 5,20,000/- | 10,4000/- | RANJAN KHAN, S/O-SHAIKH JEET KHAN, ADDRESS-HOUSE NO.& STREET NAME-LAXMIBI MARG, VILL/TOWN/CITY-BADANWAR, P.S -DHAR, STATE -MADHYA PRADESH, PIN-458002 | |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर (आरा)

PR. No. 011562 (Excise) 25-26

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**



**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**संशोधित समय सारणी**
**बी.फार्मेसी/डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**
**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त** | 05.08.2025 से 04.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 05.09.2025 से 06.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना** (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.08.2025 से 08.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | 09.09.2025 |
| **आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति** (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 13.09.2025 से 18.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त** | 19.09.2025 से 03.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 04.10.2025 से 05.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना** (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 21.09.2025 से 07.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | 08.10.2025 |
| **आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति** (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 11.10.2025 से 16.10.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग** | |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 17.10.2025 से 22.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 23.10.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 24.10.2025 से 26.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 27.10.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 28.10.2025 से 30.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.10.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/121579/2025

# एक शौक और जुनून की कहानी...जिसने संपन्नता को छोड़ दिया कोसों पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संगीत इसी का तो नाम है, यह न सिर्फ आत्मा में बस्ता है बल्कि इसकी गूंज हर किसी को अपना दीवाना बना देती है। यही हुआ भी....जब संगीत की दीवानी और एक गुणी गायक की अर्धांगिनी गुंजन ने असमय दुनिया छोड़ी तो उन्होंने उसकी याद को चिर स्थाई बनाने के लिए गुंजन फाउंडेशन की स्थापना के साथ यह संकल्प कर डाला कि वे इस गूंज को कभी विस्मृत नहीं होने देंगे।

इस शख्स का नाम है कैलाश यादव, जो खुद तो सूफी और भजन गायिकी में पारंगत हैं बल्कि अब उनके सानिध्य में सैकड़ों प्रोफेशनल इस सुर यात्रा में साथ निकल पड़े हैं और जब इनकी सीख को मंच पर प्रस्तुति कर वाहवाही लूटते हैं तो सब इनका शुक्रिया कुछ इन्हीं शब्दों में करते हैं.....वाह उस्ताद वाह। सदाबहार गीतों की संध्या गुंजन म्यूजिकल नाइट 23 अगस्त को रवीन्द्र भवन में होने जा रही है, जिसमें आईएएस, आईपीएस और डॉक्टर्स गायन की प्रस्तुति देंगे।

**आईएएस, आईपीएस और डॉक्टर्स बिखेरेंगे अपने-अपने संगीत का जादू**

**रवीन्द्र भवन में फिर होगा गीत गुंजन**



## नामचीन हस्तियां देंगी प्रस्तुति

राजीव जैन, चीफ इंजीनियर, डॉ शशांक अग्रवाल, प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन, प्रभाकांत कटारे, इंजीनियरिंग इन चीफ, डॉ संजय कुमार प्रसिद्ध गेस्ट्रोइंटोलॉजिस्ट, रंजीव साहनी बिजनेसमैन, सर्जिकल इक्युपमेंट, मुरलीधर मोरन्दानी, बिजनैसमैन, डॉ संध्या गद्रे, सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट, राकेश तिवारी, सीजीएम रिटा लघु उद्योग निगम, स्मिता निगम, आर्किटेक्ट, मधु तिवारी एवं डॉ वंदना अग्रवाल गायनेकोलॉजिस्ट सहित करीब दो दर्जन हस्तियों द्वारा गायन प्रस्तुति दी जाएगी।

**23 अगस्त को रवीन्द्र भवन सभागार में शाम 6.30 बजे सजेगी म्यूजिकल नाइट**

*भजन सम्राट अनूप जलोटा के शिष्य कैलाश यादव कहते हैं कि गुंजन फाउंडेशन के जरिए मैं शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ सुगम संगीत की भी शिक्षा देता हूं और मेरे इस फाउंडेशन में करीब 100 से भी ज्यादा आईएएस, आईपीएस और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस बार हम 23 अगस्त को रविंद्र भवन सभागार में शाम 6.30 बजे से गुंजन म्यूजिकल नाइट सदाबहार गीतों की संध्या कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिसमें विशिष्ट अतिथि ऋषि शुक्ला, पूर्व डीजीपी मप्र एवं डॉ पी एन अग्रवाल, डायरेक्टर अग्रवाल हॉस्पिटल भोपाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रुप में रवि खरे सुप्रसिद्ध गायक एवं डॉ आचार्य राजेश, प्रसिद्ध ज्योतिष एवं वास्तुविद उपस्थित होंगे ।*

**देश की पहली सर्वर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, जिससे चीन और ताइवान पर निर्भरता हुई कम**

# भोपाल में स्थित एचएलबीएस कंपनी में बनेगा पहला स्वदेशी सर्वर, रैम-मदरबोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 में वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। इन कार्यों को करने के पीछे मोदी सरकार का उद्देश्य स्वदेशी को बढ़ावा देना और विदेशी कंपनी पर निर्भरता में कमी लाना था। प्रधानमंत्री मोदी की इसी पहल को साकार रुप देने का काम किया भोपाल की एचएलबीएस कंपनी ने जो देश की पहली सर्वर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बन गई है। इसके द्वारा पहले जहां सर्वर चीन और ताइवान से आते थे। लेकिन अब इस कंपनी के द्वारा भोपाल में ही सर्वर के एक-एक कंपोनेंट बनाए जा रहे हैं।




**जापानी मशीन से बन रहा मदरबोर्ड**

मितेश ने बताया कि एचएलबीएस ने मदरबोर्ड बनाने के लिए जापान की मशीन और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल शुरू किया है। मदरबोर्ड कंप्यूटर का सबसे जरूरी हिस्सा होता है। इसमें हजारों छोटे कंपोनेंट होते हैं। यही प्रोसेसर, मेमोरी और एसएसडी को जोड़ता है और ऑपरेशन कंट्रोल करता है। ये मदरबोर्ड देशी ही नहीं, ग्लोबल ब्रांड्स को भी बेचे जाएंगे।

## पहली यूनिट जो भारत में बनाएगी सर्वर

मितेश ने कहा कि हम देश की पहली यूनिट बनाने जा रहे हैं, जो पूरा सर्वर भारत में बनाएगी। हर माह 5 लाख कंपोनेंट बनाना व देश को आईटी में आत्मनिर्भर बनाना ही लक्ष्य है।

### 6 हजार चिप की पहली खेप भेजी जाएगी देश-विदेश

मितेश ने बताया कि एचएलबीएस मध्य भारत की पहली कंपनी बनी है, जिसने सर्वर के लिए 512 जीबी एनवीएमई एसएसडी चिप बनाकर सर्टिफिकेशन हासिल किया है। अब 6 हजार चिप की पहली खेप देश-विदेश भेजी जाएगी। कंपनी पूरी क्षमता से रोजाना 15 हजार चिप बना सकती है। यह मैन्युफैक्बरिंग में मप्र की बड़ी उपलब्धि है।



### कैबिनेट, चेसिस, पावर सप्लाई सहित सर्वर के सभी पार्ट्स भोपाल में बनेंगे

कंपनी के एमडी मितेश लोकवाणी ने कहा कि कंपनी ने एसएसडी और मेमोरी रैम के बाद मदरबोर्ड बनाना शुरू कर दिया है। अगले एक साल में सर्वर के सभी पाटर्स (कैबिनेट, चेसिस, पावर सप्लाई और रेड काड्र्स) भोपाल में ही बनेंगे। यह देश की पहली ऐसी यूनिट होगी जो सर्वर के पूरे कंपोनेंट भारत में बनाएगी। इससे भारत की विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम होगी और मेक इन इंडिया को मजबूती मिलेगी। कंपनी अगले तीन साल में लैपटॉप, सर्वर और टैबलेट में लगने वाले कंपोनेंट्स के 5 लाख डिवाइस हर महीने बनाएगी। इससे भारत को आईटी हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। नई टेक्नोलॉजी और रोजगार के अवसर भी बनेंगे।



### अब रेड कार्ड्स डिजाइनिंग

अब कंपनी सर्वर के लिए स्पेशलाइज्ड रिडंडेंट पावर सप्लाई और रेड काइसं डिजाइन कर रही है। यह निर्माण भी भोपाल की यूनिट में ही होगा। इसमें 1 साल लगेगा। इसके बाद पूरा सर्वर भोपाल में बनेगा।

## भोपाल की बिजनेस विमेंस ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



भोपाल। शहर की सफल बिजनेस विमेंस ने इस स्वतंत्रता दिवस को एक अनोखे अंदाज में मनाया। देशभर के सांस्कृतिक परिधानों को प्रदर्शित करते हुए उन्होंने राज्य की पारंपरिक वीव्स को विशेष महत्व दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीएनआई प्राइड की अध्यक्ष निधि मेहता, फाउंडर मेंबर एवं कॉपोरेंट ट्रेनर मनीषा आनंद, कोच रूपा अग्निहोत्री, ग्राफिक डिजाइनर मोनिका कटारिया, ड्रेस डिजाइनर तान्या सचदेवा, ज्वैलरी डिजाइनर श्वेता डांग पांडे और क्लीनिंग सर्विस कंपनी की ओनर कश्मीरा, डॉ शिवांगी और इवेंट प्लानर दीक्षा मनवानी ने सक्रिय भागीदारी की। विभिन्न परिधानों और परंपराओं के माध्यम से, इन महिला उद्यमियों ने देश में एकजुटता और सांस्कृतिक विविधता का सशक्त संदेश दिया। यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता दिवस का जश्न था, बल्कि भारतीय कला, संस्कृति और बंधुत्व के मूल्यों का उत्सव भी बना।

## डॉग लवर्स के लिए 17 अगस्त की शाम होगा दिलचस्प आयोजन

भोपाल। राजधानी के डॉग लवर्स के लिए 17 अगस्त की सुबह होगी खास। वन मिशन डॉग्स और पॉज -द डॉग्स प्लैनेट के साथ सेलिब्रेशन रिसॉर्ट में पहली बार होने जा रहा है ऐसा अनोखा आयोजन, जिसमें तिरंगा फहराने के साथ-साथ हमारे प्यारे चार पैरों वाले दोस्तों के लिए ढेर सारी मस्ती, खेल और सरप्राइज भी होंगे। इवेंट का नाम है 'द पॉज एंथम पैट्रिऑटिज्म, पांव्स एंड प्ले', और इसमें सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग एक्टिविटीज होंगी। खास बात यह है कि यहां फ्री एंट्री है सभी डॉग्गोज के लिए, प्रोफेशनल डॉग हैंडलर्स भी मौजूद रहेंगे ताकि सुरक्षा और मस्ती, दोनों का ख्याल रख सकें।






# साईं सरिता ग्रुप ने आर्मी वेश भूषा में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जाने माने साईं सरिता ग्रुप द्वारा गुरुवार को आर्मी वेशभूषा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें ग्रुप की सदस्य नीता पासपुल, रितु, डिम्पल, श्रद्धा, निमिषा, निशा, प्रेमलता सहित बड़ी संख्या में ग्रुप की महिलाओं ने सेना के शौर्य व बलिदान को याद किया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस सेलिब्रेशन में महिलाओं ने देश भक्ति के तरानों को गीतों में पिरोया साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को याद करते हुए व्हाइट शर्ट और आर्मी ड्रेस में देश की बेटी कर्नल सोफिया व वीर सैनिकों को सेल्यूट किया।

इस कार्यक्रम की होस्ट साई सरिता ग्रुप की अध्यक्ष नीता पासपोल ने कहा कि हम हर बार किसी न किसी थीम पर देश भक्ति का संदेश देते हैं। इस बार हमें लगा कि वीर सैनिकों की वजह से हम ऑपरेशन सिंदूर में विजयी रहे इसलिए हमनें आर्मी वेशभूषा में यह सेलिब्रेशन किया।

**मध्यप्रदेश लेखक संघ के दुष्यंत संग्रहालय में 79 रचनाकारों ने की 'राष्ट्र आराधना'**

# सच मानो परचम का हमने वंदन करना सीख लिया....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब से हमनें भारत मां का पूजन करना सीख लिया, जब से हमनें इस माटी का चंदन करना सीख लिया, जब से वीर शहीदों का भी हमने अपने शब्दों में धीरे-धीरे थोड़ा थोड़ा वाचन करना सीख लिया, सच मानों परचम का हमनें वंदन करना सीख लिया.... , नीता सक्सेना।

हम बच्चे हिंदुस्तान के हम रचे भारत मां का गौरव, गायें तराने उसकी शान के, सदा जुझारू और समर्पित हम बच्चे है हिंदुस्तान के... सुधा दुबे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताओं से सजी महफिल थी दुष्यंत कुमार संग्रहालय में। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'राष्ट्र आराधना' नाम से आयोजित इस कविता से सजी संध्या में बड़ी संख्या में काव्य प्रेमियों ने काव्य पाठ किया।





## मैं इसी मिट्टी में खो जाऊंगी, ओढ़ कर खाक ए वतन खाक में सो जाऊंगी...

मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी रही। जिन्होंने आराधना की पंक्ति कुछ यूं व्यक्त कीं एक दिन मैं इसी मिट्टी में खो जाऊंगी, ओढ़ कर खाक ए वतन खाक में सो जाऊंगी... । संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने कहा बेशक रखें आस्था अविचल अपने अपने धर्मों में, लेकिन अपने दिल में पहले अपना हिंदुस्तान रखें....। संघ ने नवाचार करते हुए, कार्यक्रम में 79वें स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए भोपाल की हिन्दी एवं उर्दू की साहित्यिक संस्थाओं के 79 रचनाकारों ने पूरे भरे सभागार में एक से बढ़कर एक देश भक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं सुनाईं।

**नूतन कॉलेज में 'भारत का विभाजन 1947 एक त्रासदी का रहस्योद्घाटन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन**



# आम जनता कभी भी बंटवारा नहीं चाहती थी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनेकता में एकता हमारी विशेषता रही है। भारत को भारत बनने में सदियां लग गईं। भारत परंपराओं का देश है। समरसता भाईचारे का देश है। ऐसे देश में इतनी नफरत और हिंसा कैसे जन्मी इस पर विचार किया जाना चाहिए। भारत विभाजन विभीषिका में हमने बहुत कुछ खोया है। लाखों लोग मारे गए एवं महिलाओं की अस्मिता लूटी गई। उन्होंने तत्कालीन समय के समाचार पत्रों से अनेक साक्ष्य रखते हुए बताया कि भारत विभाजन की झूठी कहानी देश को बताई गई है।

उन्होंने कहा कि बात भारत विभाजन की हो या भारतीय स्वाधीनता संग्राम की, दोनों के इतिहास को कांटकर छोटा किया गया है। आम जनता कभी भी बंटवारा नहीं चाहती थी... यह कहना है प्रोफेसर राघवेंद्र तंवर का, जो 'भारत का विभाजन 1947 एक त्रासदी का रहस्योद्घाटन' विषय पर नूतन कॉलेज में आयोजित व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए बोल रहे थे।


### ट्राय कलर में छात्राओं ने बनाई रंगोली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नूतन कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति का संदेश देती रंगोली से भी कॉलेज प्रांगण को सजाया जिसमें किसी ने ट्राय कलर से मोर और पक्षियों की आकृति बनाई तो किसी ने केसरिया और हरे से देशभक्ति का संदेश दिया।

### श्रीलंका, अफगानिस्तान, बर्मा, पाकिस्तान सभी थे अखंड भारत का हिस्सा



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री, धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि भारत विभाजन विभीषिका एक बहुत बड़ी त्रासदी है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की कविता को याद करते हुए उनकी कविता सुनाई दिन दूर नहीं खंडित भारत को पुनः अखंड बनाएंगे। गिलगित से गारो पर्वत तक, आजादी पर्व मनाएंगे....। श्री लोधी ने कहा कि अंग्रेजों ने फूट डालो राज करो की नीति के तहत भारत को बांटा हैं, जिसके दुष्परिणाम हमने देखे। श्रीलंका, अफगानिस्तान, बर्मा, पाकिस्तान सभी अखंड भारत का हिस्सा हुआ करते थे लेकिन भारत का आकार धीरे-धीरे छोटा होता गया। लेकिन अब हमें भारत को शक्तिशाली बनाना होगा क्योंकि अगर हम शांति चाहते हैं तो शांति के लिए शक्ति आवश्यक है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930